
डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार । 04 जुलाई 2026 । वर्ष-32, अंक-258, पृष्ठ-16
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 13

### नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुईं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री

# केंद्र परफॉर्मेंस ग्रांट देने में उदारता बरते : दीपिका पांडेय

- राज्य की पंचायतों को पांच साल में मिलने हैं 14,231 करोड़ रुपए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित 16वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर मिलने वाली अनुदानित राशि को लेकर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में शुक्रवार को झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने 16वें वित्त आयोग से मिलने वाली अनुदानित राशि को ससमय देने और परफॉर्मेंस ग्रांट में उदारता दिखाने का अनुरोध किया।

### नरम रुख अपनाने की जरूरत पर दिया जोर




झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में पंचायतों की स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रहण क्षमता अभी सीमित है। इसलिए ऐसे मामलों में नरम रुख अपनाने की जरूरत है। वित्त आयोग का उद्देश्य राज्यों और पंचायतों को प्रोत्साहित करना होना चाहिए। प्रदर्शन आधारित अनुदानों में राज्यों की प्रारंभिक परिस्थितियों और क्षमताओं को ध्यान में रखा जाए और पंचायतों को राजस्व संग्रहण, वित्तीय प्रबंधन एवं तकनीकी क्षमता निर्माण के लिए पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाए। झारखंड सरकार पंचायतों को मजबूत, वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और जवाबदेह स्थानीय सरकारों के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय कार्यशाला में झारखंड पंचायती राज निदेशक बी राजेश्वरी भी शामिल हुईं। इस मौके पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मौजूद रहे।दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि समय पर अनुदान राशि निर्गत नहीं होने से पंचायतों की विकास योजनाओं पर खराब प्रभाव पड़ता है। 16वें वित्त आयोग से झारखंड की पंचायतों को वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच 14,231 करोड़ की राशि निर्गत होनी है। इसमें 11,385 करोड़ बेसिक ग्रांट और 2,846 करोड़ परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड को मिलने वाली बकाया राशि के भुगतान की मांग को मजबूती से रखा।

राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाएं झारखंड के पंचायती राज संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई हैं।

शेष पेज 15 पर...

## रामेश्वर उरांव और बेटे रोहित उरांव को फिर ईडी का समन

- 6 जुलाई को रांची जोनल कार्यालय में पेशी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित झारखंड शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे रोहित उरांव को एक बार फिर समन जारी किया है। ईडी ने दोनों को 6 जुलाई 2026 को रांची स्थित अपने जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, शराब घोटाले से जुड़े कथित धनशोधन (मनी लांड्रिंग) के मामले में इससे पहले भी दोनों को समन भेजा गया था। निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने के बाद ईडी ने दोबारा समन जारी किया है। जांच एजेंसी इस मामले में वित्तीय लेन-देन, दस्तावेजों तथा अन्य संबंधित पहलुओं की गहन जांच कर रही है। ईडी की जांच झारखंड के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपों पर केंद्रित है। मामले में अब तक कई अधिकारियों एवं अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जा चुकी है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।



### डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 36.0° | अधिक. 36.6° |
| न्यून. 25.0° | न्यून. 29.0° |

### मुख्य परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई को, 9 तक भर सकेंगे फार्म

# जेपीएससी सिविल सेवा पीटी का रिजल्ट जारी, 2204 सफल

» पीटी परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को राज्य के 564 केंद्रों पर आयोजित हुई थी

» परीक्षा के लिए 2,17,104 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे

- इस बार इंटरव्यू के लिए न्यूनतम अर्हता अंक की अनिवार्यता समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का परिणाम बुधवार सुबह जारी कर दिया है। 103 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित इस परीक्षा में 2,204 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया है।

मुख्य परीक्षा 18, 19 और 20 जुलाई 2026 को रांची के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। सफल अभ्यर्थी 9 जुलाई 2026 की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, आवेदन की हार्ड कॉपी 14 जुलाई 2026 तक आयोग के पास जमा करनी होगी। मुख्य परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली दिन में 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### 103 पदों पर होनी है नियुक्ति




झारखंड लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से कुल 103 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसमें उपसमाहर्ता के 28, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के 42, सहायक नगर आयुक्त के 10, सहायक निदेशक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के 10 पद शामिल हैं।

जुलाई 2026 को पहले और दूसरे प्रश्नपत्र, 19 जुलाई को तीसरे और चौथे, तथा 20 जुलाई को पांचवें और छठे प्रश्नपत्र की परीक्षा होगी। मुख्य परीक्षा कुल 950 अंकों की होगी। इसके बाद 100 अंकों का साक्षात्कार (इंटरव्यू) होगा। आयोग ने इस बार इंटरव्यू के लिए न्यूनतम अर्हता अंक (क्वालिफाइंग मार्क्स) की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। मुख्य परीक्षा में पहला प्रश्नपत्र 100 अंक, दूसरा 150 अंक और शेष चार प्रश्नपत्र 200-200 अंकों के होंगे। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को राज्य के 564 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसके लिए 2,17,104 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। पहली पाली में 1,10,973 और दूसरी पाली में 1,10,875 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। यह परीक्षा उत्तर कुंजी (आंसर-की) को लेकर भी चर्चा में रही। आयोग ने 20 अप्रैल 2026 को मॉडल आंसर-की जारी की थी, लेकिन आपत्तियों के बाद इसे कई बार संशोधित करना पड़ा। 21 अप्रैल, 26 मई और 19 जून 2026 को क्रमशः संशोधित उत्तर कुंजियां जारी की गईं। इस बीच, अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया था। अदालत से पीटी का परिणाम जारी करने की अनुमति मिलने के बाद आयोग ने परिणाम घोषित किया।

## 10 लाख के इनामी माओवादी बैजनाथ को 10 वर्ष की सजा

- हथियार बरामदगी मामले में एडीजे-प्रथम की अदालत का फैसला, 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन के 10 लाख रुपये के इनामी जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खरवार उर्फ संजीवन को हथियार बरामदगी मामले में अदालत ने दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने हेरहंज थाना कांड संख्या 12/23 की सुनवाई पूरी होने के बाद यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोषी बैजनाथ सिंह, स्वर्गीय गौरी सिंह का पुत्र तथा लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र स्थित माइल मटलोंग गांव का निवासी है। वह प्रतिबंधित माओवादी संगठन में जोनल कमांडर के रूप में सक्रिय था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, हेरहंज थाना क्षेत्र के सिकीद जंगल में बैजनाथ सिंह अपने अन्य माओवादी साथियों के साथ किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इस संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए जंगल की घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान बैजनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 504, 506 एवं 120-बी, आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए), 25(1-एए), 26(2)/35 तथा सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत आरोप तय किए गए थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष गवाहों के बयान, बरामद हथियारों और अन्य साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय एक इनामी माओवादी कमांडर को सजा मिलने को सुरक्षा एजेंसियां नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी सफलता मान रही हैं। माना जा रहा है कि इस फैसले से नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी तथा कानून के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा।




### नक्सली से इंसास राइफल, कारतूस और वॉकी-टॉकी बरामद

गिरफ्तारी के समय उसके क जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने उसके पास से 5.56 एमएम की दो इंसास राइफल, 370 जीवित कारतूस, इंसास राइफल की सात मैगजीन तथा दो वॉकी-टॉकी जब्त किए थे। इसके बाद उसके विरुद्ध हेरहंज थाना कांड संख्या 12/23 दर्ज किया गया

## दृष्टिपात

### खिलौना पिस्टल के दम पर लूटपाट, तीन गिरफ्तार

**रामगढ़ (पलामू)।** जिले की रामगढ़ पुलिस ने खिलौना पिस्टल के दम पर लूटपाट करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर बाइक और मोबाइल लूटकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक, मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने शुक्रवार को बताया कि बेनीडीह गांव के कबरा बथान निवासी सूरजदेव भुईयां ने 23 जून को रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 22 जून की रात करीब आठ बजे सरहुआ से अपने घर लौटने के दौरान तिनकोनिया मोड़ के पास बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका पीछा कर रास्ता रोक लिया।

शेष पेज 15 पर...

### सीए फाउंडेशन में रांची केंद्र से 81 परीक्षार्थी सफल

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। देशभर के 609 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 1,06,411 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 20.09 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 548 परीक्षार्थियों में से 81 अभ्यर्थी सफल हुए। इनमें ईशा पोद्दार ने 368 अंक प्राप्त कर रांची केंद्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अनुष्का केशरी ने 266 अंकों के साथ द्वितीय और सूरज अग्रवाल ने 260 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इधर, अखिल भारतीय स्तर पर नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

शेष पेज 15 पर...

## बेटी की शादी से नाराज परिजनों ने किया प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार

- बेटी ने की थी अंतरजातीय शादी, पिता ने पिंडदान व श्राद्ध कर बेटी से सभी संबंध समाप्त करने की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर निवासी अशोक पांडेय ने अपनी पुत्री द्वारा अंतर्जातीय विवाह किए जाने से नाराज होकर शुक्रवार को उसका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया। परिजनों ने पुत्री का पुतला बनाकर उस पर फोटो लगाया और शवयात्रा निकालते हुए श्मशान घाट पहुंचकर विधि-विधान से अंतिम संस्कार, पिंडदान एवं श्राद्ध कर्म संपन्न कराया। इसके साथ ही भविष्य में पुत्री से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखने की घोषणा की। जानकारी के अनुसार, शवयात्रा अशोक पांडेय के घर से निकाली गई, जो धोबिनियां श्मशान घाट पहुंची। इस दौरान शामिल लोग "राम नाम सत्य है" के नारे लगाते हुए चल रहे थे। अंतिम संस्कार के बाद विधिवत श्राद्ध कर्म भी किया गया। बताया गया कि अशोक पांडेय की पुत्री ने करीब पांच दिन पहले गांव के ही दांगी समाज के एक युवक, प्रमोद दांगी के पुत्र, से अंतर्जातीय विवाह किया था।


शेष पेज 15 पर...

## अतिरिक्त वाहन नहीं मिलने पर वित्त मंत्री ने लौटाई सुरक्षा व्यवस्था

- सुरक्षा गार्ड वापस भेजे, कारकेड की तीन बोलेरो भी लौटाईं; प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने अपने साथ तैनात सुरक्षा गार्डों को वापस भेज दिया है। साथ ही सुरक्षा कर्मियों के आवागमन के लिए उपलब्ध कराई गई कारकेड की तीन बोलेरो गाड़ियां भी लौटा दी हैं। मंत्री के इस कदम के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बताया गया है कि वित्त मंत्री ने 29 जून को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखकर सुरक्षा गार्डों के आवागमन के लिए एक अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि मौजूदा व्यवस्था में सुरक्षा कर्मियों को आने-जाने में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, पत्र भेजे जाने के बाद भी कई दिनों तक डीजीपी कार्यालय की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद नाराज वित्त मंत्री ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था वापस करने का निर्णय लिया।




शेष पेज 15 पर...

### मामूली विवाद में धारदार हथियार से हमला

## आठ माह के मासूम की मौत

- हमले में माता-पिता गंभीर रूप से घायल, आरोपी गिरफ्तार
- अफवाह पर सड़क जाम, वीडियो कॉल से दूर हुई गलतफहमी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा गांव में गुरुवार देर शाम मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। आरोप है कि नशे की हालत में युवक चितरंजन पासवान ने धारदार हथियार से दंपति पर हमला कर दिया। हमले में गोद में मौजूद आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता दीपक कुमार पासवान और रूपा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच मामूली कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बिजली गुल होने के बाद दीपक कुमार पासवान अपनी पत्नी और आठ माह के बच्चे के साथ घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

शेष पेज 15 पर...

## आज कल




### 'एचिवर' रेवेन्यू मोबिलाइजेशन में राज्य ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन


# फिस्कल हेल्थ इंडेक्स में झारखंड टॉप थ्री राज्यों में शामिल

- कुल कर्ज जीएसडीपी के 25 प्रतिशत से कम है और ब्याज भुगतान का बोझ भी नियंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नीति आयोग की ओर से वर्ष 2026 में जारी वित्तीय वर्ष 2023-24 के 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' (एफएचआई) में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के टॉप 3 राज्यों में अपनी जगह बनाई है। राज्य को 'एचिवर' श्रेणी में शामिल किया गया है, जहां उसने ओडिशा और गोवा जैसे राज्यों के साथ मजबूती से स्थान हासिल किया है।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की स्थिति




- 'एचिवर' राज्य : गोवा, ओडिशा और झारखंड।
- 'फ्रंट रनर' राज्य : उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक।
- 'पर्फामर' राज्य : बिहार, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु।

झारखंड की इस उपलब्धि के पीछे मजबूत वित्तीय अनुशासन, संसाधन जुटाने की क्षमता और संतुलित खर्च प्रबंधन प्रमुख कारण रहे हैं। राज्य ने अपने कुल राजस्व में टैक्स से होने वाली आय का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक बनाए रखते हुए रेवेन्यू मोबिलाइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही, नॉन-टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने के प्रयास भी सफल रहे हैं। वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भी झारखंड ने बेहतर समझ का परिचय दिया है। राज्य ने अपने फिस्कल डेफिसिट को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के निर्धारित 3 प्रतिशत से नीचे बनाए रखा, जो वित्तीय अनुशासन का स्पष्ट संकेत है। विकासोन्मुखी खर्च पर ध्यान देते हुए राज्य सरकार ने कैपिटल एक्सपेंडिचर को जीएसडीपी के लगभग 4 से 5 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है। इससे आधारभूत संरचना और दीर्घकालिक विकास को मजबूती मिली है। इसके अलावा, झारखंड ने कर्ज प्रबंधन में भी संतुलन बनाए रखा है। राज्य का कुल कर्ज जीएसडीपी के 25 प्रतिशत से कम है और ब्याज भुगतान का बोझ भी नियंत्रित रखा गया है, जो वित्तीय स्थिरता का प्रमाण है। विशेषज्ञों का मानना है कि झारखंड का यह प्रदर्शन न केवल राज्य की वित्तीय सुदृढ़ता को दर्शाता है, बल्कि आने वाले वर्षों में विकास की मजबूत नींव भी तैयार करता है।

### केडिया के इंग्लैंड जाने की अनुमति पर हाईकोर्ट ने एसीबी से मांगा जवाब

**रांची।** शराब घोटाला मामले में आरोपी नवीन केडिया की ओर से इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगे जाने से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की कोर्ट ने आठ जुलाई तक एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई 2026 को होगी। एसीबी की ओर से सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल सुमित गाड़ोदिया ने पक्ष रखा। उनकी ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि निचली अदालत ने नवीन केडिया के इस आग्रह को नहीं माना है। उनके विदेश जाने की अनुमति मिलने से वह देश छोड़कर भाग सकते हैं।

शेष पेज 15 पर...

# क्षमता बढ़ी, लेकिन चरमराई बिजली व्यवस्था हैदरनगर में उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

## 24 घंटे में दो घंटे भी नहीं मिली निर्बाध आपूर्ति, बारिश के बाद 12 घंटे गुल रही बिजली

**नवीन मेल संवाददाता**

हैदरनगर। हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में 10 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाने से इसकी क्षमता दोगुनी हो गई है। इसके बावजूद क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लगातार चरमराई हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने के बाद भी आपूर्ति व्यवस्था पहले से अधिक बदहाल हो गई है। राकेश कुमार, प्रकाश कुमार, संतन चौधरी, मंटू मेहता सहित कई उपभोक्ताओं ने बताया कि पिछले 24 घंटे में मुश्किल से दो घंटे भी निर्बाध बिजली नहीं मिली। कभी दो मिनट तो कभी पांच मिनट के लिए आपूर्ति होने के बाद बार-बार ट्रिपिंग के कारण



बिजली कट जाती है। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आने-जाने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। उपभोक्ताओं के अनुसार, गुरुवार रात करीब नौ बजे बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जो शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे बहाल हो सकी। करीब 12 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी के बीच छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की परेशानी बढ़ गई। वहीं पेयजल आपूर्ति, घरेलू कामकाज और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हुए। स्थानीय लोगों का कहना है कि हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय और बाजार क्षेत्र से चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन की दूरी महज एक किलोमीटर है। जब मुख्यालय क्षेत्र की यह स्थिति है, तो दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के बावजूद जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। इधर, स्थानीय लोगों ने व्यंग्य करते हुए कहा कि चौक बाजार में नियमित बिजली आपूर्ति के लिए अब शायद महामृत्युंजय मंत्र का जाप ही कराना पड़े। उनका कहना है कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है।

**बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जनआंदोलन : प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष**

प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन में पदस्थापित कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से वर्तमान कर्मियों को हटाकर उनकी जगह जिम्मेदार और दक्ष कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, एक गंभीर

**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र के सतभुरवा के समीप फोरलेन सड़क पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बांसो गांव निवासी अजीत कुमार तथा बिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रगोपी राजा बिगहा निवासी प्रभु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से कौआखोह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

## दृष्टिपात

### जनसमस्याओं के समाधान के लिए लिखित आवेदन दें : अजय कुमार भारती



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने नगरवासियों से जनसमस्याओं के समाधान के लिए लिखित आवेदन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र का विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी वार्ड या मोहल्ले में बिजली, पेयजल, सड़क, नाली, साफ-सफाई अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या है तो नागरिक इसकी सूचना अपने वार्ड पार्षद के माध्यम से या सीधे नगर पंचायत कार्यालय में लिखित आवेदन देकर दें। नगर अध्यक्ष ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर संबंधित विभागों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि "आपकी समस्या का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। नगर पंचायत प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।"

### पारदर्शी चयन प्रक्रिया में विनिता कुमारी बनीं आंगनबाड़ी सेविका

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड के जैतूखाड़-1 आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप आंगनबाड़ी सेविका चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। मेरिट सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विनिता कुमारी का चयन आंगनबाड़ी सेविका के पद पर किया गया। चयन प्रक्रिया में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए थे। दस्तावेजों की जांच के दौरान निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने वाले तीन आवेदन निरस्त कर दिए गए। इसके बाद नौ पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तैयार की गई। मेरिट सूची में विनिता कुमारी, पति अलखनाथ पासवान, प्रथम स्थान पर रहीं, जिसके आधार पर उन्हें जैतूखाड़-1 आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका के रूप में चयनित घोषित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया विभागीय नियमों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। चयन परिणाम घोषित होने के बाद चयनित अभ्यर्थी एवं उनके परिजनों में खुशी का माहौल देखा गया। उपस्थित लोगों ने भी पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना की।

### समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण



**हुसैनाबाद।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड के बीआरसी कार्यालय परिसर में गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के बीच उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण एवं किट का वितरण किया गया, ताकि उन्हें दैनिक जीवन और शिक्षा दोनों में सुविधा मिल सके। शिविर में चिकित्सकों की टीम तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की देखरेख में बच्चों का परीक्षण कर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग एवं वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना है। उपकरण मिलने के बाद बच्चों और उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की अहम भूमिका रही। मौके पर डॉ. राकेश पटनायक, डॉ. रोहित त्रिवेदी, प्रखंड प्रबंधक रंजना भारती, रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार, डेटा ऑपरेटर शन्नी कुमार दास, एमडीएम ऑपरेटर अभय कुमार, एमआईएस श्रीकांत पटेल, अनुसेवक सुदर्शन प्रसाद, अभय द्विवेदी, प्रेमानंद कुमार, संकुल साधन सेवी हेमंत कुमार, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार पासवान, रमेश राम एवं बीरेंद्र पाल सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के अस्तित्व पर मंडराया संकट



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय का भविष्य अधर में लटका हुआ है। विद्यालय के एकमात्र शिक्षक चंद्रशेखर मेहता अगस्त 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय के बंद होने की आशंका गहरा गई है। विद्यालय अब तक जल संसाधन विभाग के अधीन संचालित है और इसे शिक्षा विभाग द्वारा अधिग्रहित नहीं किया जा सका है। शिक्षक चंद्रशेखर मेहता को अप्रैल 2023 से अब तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वर्ष 1985 में स्थापित यह विद्यालय कभी क्षेत्र का प्रमुख हाई स्कूल माना जाता था। यहां का मैट्रिक परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहता था। लेकिन उत्तर कोयल परियोजना का कार्य पूरा होने के बाद विभागीय अनुदान धीरे-धीरे बंद हो गया। अन्य सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मार्च 2023 तक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रबहादुर सिंह ने वर्ष 2011 से विद्यालय को शिक्षा विभाग में अधिग्रहित कराने का लगातार प्रयास किया, जबकि जल संसाधन विभाग भी इसकी अनुशंसा कर चुका है। वर्तमान में युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह इस दिशा में प्रयासरत हैं।

### जयप्रकाश उपाध्याय प्रदेश सचिव और अनिल कुमार पाठक बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जयप्रकाश उपाध्याय को प्रदेश सचिव तथा अनिल कुमार पाठक को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रखंड इकाई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों पदाधिकारियों को संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन, सक्रियता एवं सामाजिक कार्यों में योगदान को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही समाज एवं संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बधाई देने वालों में कामख्या पाठक, धनंजय तिवारी, अरविंद ओझा, अमित ओझा, विपुल तिवारी, शंभू तिवारी, सुशील पांडेय, मिथलेश पाठक, हरिओम पाठक, अभिषेक पाठक एवं संजय पाठक सहित कई लोग शामिल थे।

## नौडीहा-हरिहरगंज सड़क बदहाल, गड्ढों में तब्दील मार्ग से राहगीर परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार-हरिहरगंज मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिनमें बरसात के दिनों में पानी भर जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नौडीहा बाजार से हरिहरगंज जाने का यह एकमात्र मुख्य मार्ग है, जिससे दोनों प्रखंडों के साथ कई गांव जुड़े हुए हैं। सड़क पर स्थित चितरा नाला पुल भी जर्जर हो चुका है, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग से प्रतिदिन माइंस से पत्थर लदे भारी वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। सुल्तानी मोड़ से महुवरी तक सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 15 वर्ष पूर्व इस सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क की मरम्मत और पुल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## वीर सपूत को अश्रुपूर्ण विदाई, सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

### तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 55वीं बटालियन में कार्यरत जवान नागेंद्र कुमार सिंह का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के नारायणा अस्पताल में निधन हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर जैसे ही उनके पैतृक गांव तुर्काडीह पहुंचा, पूरा गांव शोक में डूब गया। परिजनों के करुण विलाप और ग्रामीणों की नम आंखों के बीच वीर जवान को भावभीनी विदाई दी गई। बताया गया कि नागेंद्र कुमार सिंह लंबे समय से लीवर एवं किडनी संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उपचार के दौरान दिल्ली के नारायणा अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। सीआरपीएफ की 172वीं बटालियन, गढ़वा से पहुंचे अधिकारियों एवं जवानों ने अपने साथी को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बीच तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार से पूर्व सीआरपीएफ अधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा श्राद्ध कर्म के लिए उनकी पत्नी को तत्काल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि विभाग एवं सरकार की ओर से मिलने वाले सभी वैधानिक लाभ नियमानुसार उपलब्ध कराए जाएंगे। स्वर्गीय नागेंद्र कुमार सिंह अपने पीछे पत्नी तथा तीन नाबालिग बच्चों—14 वर्षीय पुत्री, 12 वर्षीय पुत्र और 9 वर्षीय पुत्री को छोड़ गए हैं। उनके पिता स्वर्गीय लखन सिंह का पूर्व में ही निधन हो चुका है। मलय नदी तट पर पूरे राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सहायक कमांडेंट अमित किशोर, इंस्पेक्टर यशवीर सिंह, लेस्लीगंज थाना के एएसआई शशि रंजन पांडे, कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला, सीआरपीएफ के अधिकारी एवं जवान, स्थानीय पुलिस तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## रेल उपभोक्ता समिति का जनसंपर्क अभियान तेज, 5 जुलाई को हैदरनगर स्टेशन पर धरना-चक्का जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** रेल उपभोक्ता समिति, हैदरनगर द्वारा 5 जुलाई को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित धरना एवं चक्का जाम आंदोलन को लेकर शुक्रवार को बाजार क्षेत्र तथा आसपास के गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों ने स्टेशन प्रबंधक से मिलकर आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की और आम लोगों, दुकानदारों एवं ग्रामीणों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। इस दौरान हैदरनगर व्यवसायिक संघ ने भी आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा की। समिति के अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय, संरक्षक प्रेमतोष सिंह एवं



मनोज शर्मा, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, कमल कुमार पासवान, राजकुमार राम, मुखिया प्रतिनिधि नवाजिश खान, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, शंकर राम सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई बार रेलवे प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांगें उठाने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे में अब यात्रियों, श्रद्धालुओं और आम जनता के हित में जनआंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। समिति ने बताया कि आंदोलन की प्रमुख मांगों में पलामू रेल मंडल की स्थापना, रेलवे फाटक संख्या एलसी-50/बी/टी एवं एलसी-51/सी/ई पर रेलवे ओवरब्रिज, एलएचएस और बाईपास सड़क का निर्माण, 12877/12878 रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का हैदरनगर स्टेशन पर नियमित ठहराव, सभी पैसेंजर ट्रेनों का समय पर परिचालन तथा हैदरनगर रेलवे स्टेशन का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास शामिल है। समिति ने यह भी मांग की कि राजकीय पर्यटन स्थल एवं शक्तिपीठ देवी धाम में चैत्र और शारदीय नवरात्र मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण ट्रेनों का विशेष ठहराव तथा स्पेशल ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। समिति ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

**दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध नहीं : समिति**

समिति ने कहा कि एनएसजी-5 श्रेणी का स्टेशन होने के बावजूद यहां यात्रियों को पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्लेटफॉर्म शेड, कोच इंडिकेटर, आधुनिक प्रतीक्षालय तथा दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। जबकि एनएसजी-6 श्रेणी के कई छोटे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे हैं। यह क्षेत्र के साथ भेदभाव है।

## रांची-डाल्टनगंज मेमू ट्रेन को जपला तक विस्तार देने की मांग तेज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** रांची रेल मंडल के अधीन प्रस्तावित 12 कोच वाली रांची-डाल्टनगंज वाया लोहरदगा मेमू ट्रेन का परिचालन जपला तक विस्तारित करने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे उंटारी रोड, मोहम्मदगंज और हैदरनगर के हजारों यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित मेमू ट्रेन शाम करीब 6:30 बजे रांची से डाल्टनगंज के लिए रवाना होगी तथा सुबह रांची लौटेगी। इससे नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों को काफी सुविधा होगी। फिलहाल इसका प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय में स्वीकृति के लिए लंबित है। रांची रेल मंडल ने इसके संचालन की प्रारंभिक तैयारी पूरी करते हुए 12 कोच का मेमू रेक भी उपलब्ध करा लिया है। बताया गया कि ट्रेन का प्रस्तावित ठहराव पिस्का, नगड़ी, टांगरबसली, लोहरदगा, टोरी जंक्शन, लातेहार, बरवाडीह, डाल्टनगंज एवं गढ़वा रोड जंक्शन पर होगा। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जपला तक ट्रेन विस्तार की मांग सांसद के संज्ञान में लाई गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू होने के बाद विस्तार के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

## पीएमश्री प्लस टू विद्यालय की समस्याओं के समाधान को लेकर कई प्रस्ताव पारित

मोहम्मदगंज। प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मेहता तथा संचालन प्रधानाध्यापक सह सचिव राकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में विद्यालय की चहारदीवारी पर कंटीले तार लगाने, जलजमाव की समस्या दूर करने, मुख्य द्वार से मध्य विद्यालय होते हुए बीआरसी तक पीसीसी सड़क निर्माण, विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति, छात्र संख्या के अनुरूप शौचालय निर्माण, सभी कक्षाओं में पंखे लगाने, खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में विद्यालय परिसर में जलजमाव की स्थायी समस्या के समाधान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देने का भी निर्णय लिया गया। आवेदन में कहा गया है कि बरसात के दौरान जलभराव से डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंचू राम, मुखिया कमला देवी, पंचायत समिति सदस्य ममता देवी, उपाध्यक्ष कंचन देवी, वरीय शिक्षक अनिल कुमार सिंह, रानी देवी, पिंटू कुमार, शीतल देवी, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## लीवर संक्रमण से जूझ रहे 27 वर्षीय युवक के इलाज के लिए मां ने लगाई मदद की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत सरईडीह पंचायत के खरडीहा गांव निवासी 27 वर्षीय हरेंद्र कुमार पिछले दो माह से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इलाज पर लाखों रुपये खर्च हो जाने के बावजूद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। आर्थिक रूप से टूट चुके परिजनों ने अब समाज और प्रशासन से मदद की अपील की है। परिजनों के अनुसार, 21 अप्रैल को डाल्टनगंज स्थित एक



निजी अस्पताल में हरेंद्र का लिवर संक्रमण का ऑपरेशन कराया गया था। ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। अब तक इलाज में सात से आठ लाख रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है। परिवार का कहना है कि हरेंद्र के शरीर में केवल तीन यूनिट रक्त बचा है। पिछले दो दिनों से वह कुछ भी खा-पी नहीं पा रहे हैं और अत्यधिक कमजोरी के कारण उनका शरीर कंकाल जैसा हो गया है। इलाज का खर्च उठाने के लिए परिवार अपनी जमीन-जायदाद तक बेचने को मजबूर हो गया है। पीड़ित की मां रजमतिया देवी और भाई अखिलेश कुमार ने रोते हुए लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि परिवार की सारी जमा-पूंजी इलाज में समाप्त हो चुकी है और अब बेटे की जान बचाने के लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता है।

### भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

## वैदिक मंत्रोच्चार और 'हर-हर महादेव' के नारे से गूंजा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** पीपरा प्रखंड के तेंदुई गांव में भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, वैदिक मंत्रोच्चार और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु तेंदुई गांव से मुख्य मार्ग होते हुए होल्या स्थित पुनपुन उद्गम स्थल



कुंड पहुंचे, जहां रांची से आए आचार्य शेखर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक कलश में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु जल लेकर पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। । कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजन सिंह उर्फ भोलू सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**6 जुलाई को हवन-पूर्णाहुति व विशाल भंडारे का आयोजन**

अनुष्ठानकर्ता रविंद्र कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी, पूर्व मुखिया इंदु देवी के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को वेदी पूजन, 5 जुलाई को भगवान शिव की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा तथा 6 जुलाई को हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा

### डीसी ने नगर निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा की

# बारिश से पहले जलजमाव का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिले के नगर निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम सहित विभिन्न नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) योजना, बड़ा तालाब की वर्तमान स्थिति तथा तालाबों की नियमित सफाई के लिए पॉन्ड क्लीनिंग मशीन की खरीद की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रस्तावित स्थलों के सर्वे की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकता वाले स्थानों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

मानसून के मद्देनजर उपायुक्त ने शहर में जलजमाव की समस्या पर विशेष चिंता जताते हुए सहायक नगर आयुक्त को जलभराव वाले क्षेत्रों का विस्तृत सर्वे कर स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में जुडको की योजनाओं, शहरी जलापूर्ति, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, अघोर आश्रम स्थित शहरी आवास योजना, वार्ड-23 में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, होल्डिंग एवं प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट), एफएसटीपी, पार्क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता, सहायक नगर आयुक्त, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सिमरिया एसडीपीओ कार्यालय का डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** हजारीबाग प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अंजनी कुमार झा ने शुक्रवार को सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति, अभिलेखों के संधारण तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर देते हुए नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी और निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सिमरिया पहुंचने पर पुलिस बल ने डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, पंजियों, अभिलेखों एवं प्रशासनिक दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत डीआईजी ने एसडीपीओ आईपीएस नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र की अपराध स्थिति, अनुसंधान की प्रगति, लंबित कांडों के निष्पादन, नशा तस्करी पर अंकुश तथा पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

डीआईजी ने कहा कि एनडीपीएस से जुड़े मामलों में अनुसंधान पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। साक्ष्य संकलन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दोषियों को शीघ्र न्यायालय से दंड मिल सके।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है। ऐसे में पुलिस को लगातार अभियान चलाकर नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए तथा उनके नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए खुफिया तंत्र को और मजबूत बनाया जाए।

डीआईजी ने अधिकारियों को नियमित गश्ती बढ़ाने, अपराध नियंत्रण के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा पुलिस-पब्लिक समन्वय को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतकर ही प्रभावी पुलिसिंग संभव है और पुलिस को कानून के साथ-साथ जनसेवा की भावना से भी कार्य करना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को उन्होंने अनुशासन, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की सलाह दी। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस कार्यालय के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए पलामू टीम खूंटी रवाना

- शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जूनियर नेशनल में खेलने का मिलेगा अवसर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में गठित जूनियर बालक खो-खो टीम शुक्रवार को खूंटी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। खिलाड़ियों को पलामू जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने रांची-चोपन एक्सप्रेस से शुभकामनाओं के साथ विदा किया। जिला खो-खो एसोसिएशन के अनुसार, 23 जून 2026 को जिला एथलेटिक्स स्टेडियम, बारालोटा (मेदिनीनगर) में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालक खो-खो प्रतियोगिता के आधार पर 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। चयनित खिलाड़ियों के लिए एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अंतिम रूप से पलामू टीम में शामिल किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 3 से 5 जुलाई 2026 तक खूंटी में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जूनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। टीम का नेतृत्व कार्यकारी सचिव सह कोच निरंजन कुमार तथा टीम मैनेजर रमन सिंह कर रहे हैं। पलामू टीम में ब्राह्मण प्लस-टू हाई स्कूल के आशुतोष कुमार ठाकुर, आर्यन कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार, शुभम मिश्रा और बलवंत सिंह, ब्राइटलैंड स्कूल के शुभम कुमार, सौरभ कुमार और जीत कुमार तिवारी, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के शौर्य राज सिंह, राजकीयकृत प्लस-टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के निलेश कुमार, राजकीयकृत प्लस-टू गिरवर उच्च विद्यालय के राधेश्याम ठाकुर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोखराहा कला के लक्ष्मण राम, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के अंशुमान सागर तथा दीप्ति निकेतन उच्च विद्यालय, नवाडीह के राकेश गोदारा शामिल हैं।

# वाईएसएनएम कॉलेज में 'नशा मुक्ति' थीम पर फैशन शो, छात्राओं ने दिया जागरूकता का संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** वाईएसएनएम कॉलेज, मेदिनीनगर के गृहविज्ञान विभाग की ओर से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'नशा मुक्ति' विषय पर फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फैशन एंड टेक्सटाइल विषय की छात्राओं ने आकर्षक परिधानों, स्लोगन और संदेशों के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया।

छात्राओं ने अपने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में "नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो", "स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र" तथा "से नो टू ड्रग्स" जैसे संदेशों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

**युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत : प्राचार्या**

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। यदि युवा नशे की चपेट में आ जाते हैं तो इसका दुष्प्रभाव केवल उनके जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**फैशन सामाजिक संदेश देने का प्रभावी माध्यम : डॉ. मिनी टुडू**

गृहविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मिनी टुडू ने कहा कि फैशन केवल सौंदर्य प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने का सशक्त मंच भी है। उन्होंने छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## जन समाधान कार्यक्रम का असर: 24 घंटे में सुलझी 30 वर्ष पुरानी भूमि रसीद की समस्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन के जन समाधान कार्यक्रम के तहत एक महिला की 30 वर्ष पुरानी भूमि रसीद संबंधी समस्या का महज 24 घंटे में समाधान कर दिया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के निर्देश पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ऑनलाइन भूमि रसीद निर्गत होने के बाद लाभुक ने राहत जताई। मेदिनीनगर के कुंड मोहल्ला निवासी पूजा कुमारी ने 1 जुलाई को समाहरणालय में आयोजित जन समाधान कार्यक्रम में उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखी थी। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि की अंतिम ऑफलाइन रसीद वर्ष 1996 में कटी थी, लेकिन लगभग 30 वर्षों से ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं होने के कारण उन्हें कई सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही थी। ऑनलाइन रसीद उपलब्ध नहीं रहने से उन्हें ओबीसी प्रमाण-पत्र बनवाने, नगर निगम से पेयजल कनेक्शन लेने तथा अन्य सरकारी कार्यों में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार प्रयास के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता कुंदन कुमार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रशासन की त्वरित पहल के परिणामस्वरूप मात्र 24 घंटे के भीतर पूजा कुमारी की ऑनलाइन भूमि रसीद जारी कर दी गई। वर्षों पुरानी समस्या के समाधान पर पूजा कुमारी ने जिला प्रशासन एवं उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें प्रमाण-पत्रों सहित अन्य सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी।

## ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में पूर्व सैनिकों के साथ मासिक बैठक, ध्यान शिविर का भी आयोजन

**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक, मेदिनीनगर में शुक्रवार को लाभार्थियों के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को ईसीएचएस कार्ड के उपयोग, सत्यापन (वैलिडेशन) तथा अनुपयोगी कार्ड सरेंडर करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से ध्यान एवं आध्यात्मिक साधना शिविर का आयोजन भी किया गया। पॉलीक्लिनिक के ऑफिसर-इन-चार्ज कर्नल मनोज कुमार शुक्ला ने लाभार्थियों को ईसीएचएस की विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने की प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना का समुचित लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थियों को अपने कार्ड का समय-समय पर सत्यापन कराते रहना चाहिए। ध्यान शिविर में ब्रह्माकुमारी बसंती ने आत्मा एवं परमात्मा के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए ध्यान और अंतर्ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में कर्नल मनोज कुमार शुक्ला, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अर्पण जयदीप सहित पूर्व सैनिक दिनेश कुमार गुप्ता, अंबिका सिंह, ज़ेवियर टोप्पो, चंद्रिका महतो, अशोक कुमार दुबे, मणिभूषण तिवारी, संजय कुमार तिवारी, सुरेश सिंह, संजय कुमार, सुधीर कुमार चौबे, एम. कुमार, रणधीर तिवारी तथा पूर्व सैनिकों के परिजन प्रमिला एक्का सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 11 जुलाई को मेदिनीनगर में गणमान्य नागरिकों से संवाद करेंगे विहिप के केंद्रीय सहमंत्री अंबरीष

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) पलामू जिला समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक में आगामी 11 जुलाई को विहिप के केंद्रीय सहमंत्री अंबरीष के मेदिनीनगर आगमन तथा गणमान्य नागरिकों के साथ प्रस्तावित संवाद कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव तथा संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संवाद कार्यक्रम में समाज एवं राष्ट्र से जुड़े विभिन्न समसामयिक और ज्वलंत विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी करने पर जोर दिया।अ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद पलामू विभाग की चिंतन बैठक आयोजित की जाएगी।

## शिव चर्चा के साथ संपन्न हुआ अन्नप्राशन संस्कार

**मेदिनीनगर।** स्टेशन रोड निवासी रोहित दंपति के पुत्र का अन्नप्राशन संस्कार रविवार को शिव चर्चा एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में गुरु भाई-बहनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि संतान माता-पिता के जीवन की सबसे बड़ी धरोहर होती है। अन्नप्राशन संस्कार बच्चे के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, क्योंकि इसी के साथ वह पहली बार अन्न ग्रहण कर सामाजिक जीवन की नई शुरुआत करता है। उन्होंने कहा कि अन्न जीवन का आधार है और इसका सम्मान करना भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा रही है। कार्यक्रम में सिविल कोर्ट मेदिनीनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता ओंकार नाथ तिवारी ने गुरु भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शिव चर्चा के दौरान गुरु महिमा, सामाजिक समरसता, प्रेम, सहयोग, सेवा और मानवीय मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही अंधविश्वास और पाखंड से दूर रहकर सदाचार एवं आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वैदिक विधि-विधान के साथ रोहित दंपति के पुत्र का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया।

# हैदरनगर में बढ़ते अपराध और नशे के कारोबार पर भाजपा नेता ने जताई चिंता

- पुराने थाना परिसर में पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त और विशेष अभियान चलाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और नशे के अवैध कारोबार को लेकर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सोमेश सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हत्या, मारपीट, अपहरण, दुष्कर्म और चोरी जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के अनुसार नशे के अवैध कारोबार के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। नशे के प्रभाव में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है। सोमेश सिंह ने पलामू के पुलिस अधीक्षक से मामले का गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान थाना शहर से काफी दूर स्थित है तथा बीच में रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रभावित होती है, जिसका लाभ अपराधी उठाते हैं।

उन्होंने पुराने थाना परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित एवं सघन पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने तथा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से अपराध पर अंकुश लगेगा, नशे के कारोबार पर रोक लगेगी तथा आम नागरिकों का कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

# मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा/ केतार।** जिले के केतार थाना क्षेत्र के एक गांव में मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता ने घटना की शिकायत केतार थाने में दर्ज करवाई है।

पुलिस और शिकायत के अनुसार, घटना आठ दिन पूर्व विद्यालय के समय समाप्त होने के बाद हुई। आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक ने स्कूल में ही दूसरी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को अपने कक्ष में बुलाया और बंद कमरे में उसके साथ अश्लील हरकत की। इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने खिड़की से घटना का एक वीडियो बना लिया, जो वायरल हो गया और मामला पूरे गांव में फैल गया।

पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडेय के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत साथ ही यौन उत्पीड़न व छेड़छाड़ के अन्य प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी शिक्षक की तलाश कर रही है; जानकारी मिली है कि आरोपी घटना के बाद फरार है।

जिला शिक्षा अधिकारी अनुराग मिंज ने स्कूल का निरीक्षण कर मामले की गहनता से जांच का आदेश दिया है और कहा है कि दोषी किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी शिक्षक कांडी थाना क्षेत्र का निवासी है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# रिश्वत लेने के आरोप में तरहसी थाना प्रभारी निलंबित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम को निलंबित कर दिया है। थाना प्रभारी पर आम लोगों से पैसे लेने का आरोप था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने एसडीपीओ से जांच कराई थी। जांच के दौरान आम लोगों से पैसे लेने के आरोप की पुष्टि होने के बाद थाना प्रभारी आनंद राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी के खिलाफ काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि आम जनता का शोषण करने वाले किसी भी पुलिस पदाधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए ऐसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आजादी के 79 वर्ष बाद भी सड़क का इंतजार, बरसात में तालाब बन जाता है मझौली-कुंवर बांध मार्ग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विकास के दावों के बीच पलामू जिले के पाटन प्रखंड की उताकी पंचायत अंतर्गत मझौली कब्रिस्तान से कुंवर बांध तक जाने वाली सड़क आज भी निर्माण की बाट जोह रही है। आजादी के दशकों बाद भी यह मार्ग कच्चा और जर्जर है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह जलमग्न होकर तालाब का रूप ले लेती है। कीचड़ और जलभराव के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ती है। कई बार लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।

**वर्षों से उपेक्षित है सड़क :** ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग का इस सड़क की ओर कभी ध्यान नहीं गया। कई बार मांग और शिकायत के बावजूद आज तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। लोगों का कहना है कि चुनाव के दौरान सड़क बनाने के वादे तो किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही जनप्रतिनिधि इस समस्या को भूल जाते हैं।

**गांव की कई सड़कें बदहाल :** ग्रामीणों ने बताया कि मझौली गांव में केवल यही नहीं, बल्कि तीन-चार अन्य सड़कें भी वर्षों से निर्माण की प्रतीक्षा में हैं। इन मार्गों की हालत भी काफी खराब है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**ग्रामीणों ने की शीघ्र निर्माण की मांग :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, ग्रामीण कार्य विभाग तथा जनप्रतिनिधियों से अविलंब सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो बरसात के दौरान लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी तथा कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

## फाइलेरिया पीड़ित युवक को मिली उपचार व कानूनी सहायता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका (गढ़वा)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 90 दिवसीय आउटरीच एवं जागरूकता अभियान के तहत फाइलेरिया से पीड़ित एक युवक को उपचार और कानूनी सहायता उपलब्ध कराई गई। जल्द ही उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। अभियान के तहत विश्रामपुर पंचायत के पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) राजेश कुमार चौधरी ने ग्राम गासेदाग, खड़याही, बहाहारा निवासी 22 वर्षीय सकेंद्र कुमार भुइयां से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। सकेंद्र कई वर्षों से फाइलेरिया से पीड़ित हैं, जिससे उनके पैर में अत्यधिक सूजन है और उन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है। पीएलवी ने उन्हें कानूनी एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की पहल करते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। स्वास्थ्य विभाग ने नियमित उपचार एवं फॉलो-अप जारी रखने की बात कही है।

# पीसी-पीएनडीटी समिति की बैठक में डीसी सख्त अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई के निर्देश

## बिना लाइसेंस संचालित क्लीनिकों को सील करने का निर्देश

- **मुखबिर योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला समुचित प्राधिकारी (पीसी-पीएनडीटी) पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला सलाहकार समिति (पीसी-पीएनडीटी) की बैठक हुई। बैठक में जिले में लिंगानुपात, अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति, पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के अनुपालन, लाइसेंस नवीनीकरण, नए केंद्रों के आवेदन तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बिना लाइसेंस संचालित क्लीनिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल बंद कराने के



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज एवं पीसी-पीएनडीटी अधिनियम की शर्तें पूरी होने के बाद ही नए केंद्रों को लाइसेंस जारी किया जाए। जिन अल्ट्रासाउंड केंद्रों का लाइसेंस समाप्त हो चुका है, उन्हें शीघ्र नवीनीकरण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि नए नियमों के अनुसार प्रत्येक अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर चिकित्सक का नाम, मोबाइल नंबर एवं फोटो प्रदर्शित करना तथा "यहां लिंग परीक्षण नहीं होता है" का बोर्ड लगाना अनिवार्य है। उपायुक्त ने सभी केंद्रों में इसका पालन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी कर आवश्यकतानुसार केंद्रों को सील करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश देते हुए कहा कि लिंग परीक्षण जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में आम लोगों की भागीदारी आवश्यक है। योजना के तहत सूचना देने वाले मुखबिर को 40 हजार, गर्भवती महिला को 40 हजार तथा सहयोगी को 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सदर अस्पताल में खराब अल्ट्रासाउंड मशीन के स्थान पर नई अत्याधुनिक मशीन खरीदने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा एचएमआईएस पोर्टल, एएनसी पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार नियोजन, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं एंबुलेंस व्यवस्था समेत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

> **37 अवैध क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है : सिविल सर्जन**
>
> सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में अब तक 37 अवैध क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों के विरुद्ध एफआईआर, सीलिंग, जुर्माना एवं अन्य कार्रवाई की जा चुकी है। बैठक में मुखबिर (डिकॉय) योजना की भी समीक्षा हुई।

## सांप के डसने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत



**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात विषैले सांप के डसने से पांच वर्षीय मुन्नी कुमारी की मौत हो गई। बच्ची घर में सो रही थी, तभी सांप ने उसे डस लिया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। डाल्टनगंज ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। काफी समझाने के बावजूद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचकर इलाज कराएं।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में 139 युवाओं का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर की ओर से शुक्रवार को नगर भवन परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रोजगार मेले में 26 निजी कंपनियों ने सेल्स ऑफिसर, अकाउंटेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, नर्सिंग ट्यूटर, इलेक्ट्रिशियन, सिक्योरिटी गार्ड, ड्राइवर, कुक, डिलीवरी एग्जीक्यूटिव सहित विभिन्न पदों के लिए कुल 2,276 रिक्तियां उपलब्ध कराईं। मेले में 803 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिनमें 194 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट तथा 139 का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके



पर ही ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के साथ कौशल विकास भी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी कारणवश नौकरी नहीं मिलती है तो व्यक्ति अपने कौशल के बल पर स्वरोजगार का मार्ग चुन सकता है। उन्होंने युवाओं से रोजगार मेलों का अधिकाधिक लाभ उठाने और विभिन्न रोजगार अवसरों पर नियमित नजर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2011 से लगातार रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। सरकारी नौकरियां सीमित हैं, इसलिए युवाओं को निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का भी पूरा लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने रोजगार मेले की उपयोगिता एवं जिला नियोजनालय द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पैक्स सदस्य बनकर किसान उठाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पंचायत भवन सभागार में शुक्रवार को सहकारिता विभाग के तत्वावधान में पैक्स सदस्यता अभियान को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने, जबकि संचालन प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) सुरेश सहदेव ने किया। बैठक में बीसीओ सुरेश सहदेव ने किसानों को पैक्स की सदस्यता के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैक्स के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। साथ ही पैक्स में किसानों के लिए हाइब्रिड धान का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से पैक्स की सदस्यता ग्रहण कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## संतृप्त ग्राम अभियान के तहत बीमा शिविर, 32 लोगों का हुआ बीमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** सोनेहारा पंचायत के जोरीदामर टोला में संतृप्त ग्राम अभियान के तहत बीमा जागरूकता एवं नामांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, केवाईसी एवं बैंक खातों में नामिनी दर्ज कराने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में कुल 32 खाताधारकों का बीमा किया गया।

## दृष्टिपात

### 15 से 23 जुलाई तक नगर ऊंटारी में होगी भव्य श्रीराम कथा

**श्री बंशीधर नगर।** गुप्त नवरात्रि के अवसर पर 15 से 23 जुलाई तक हाई स्कूल नगर ऊंटारी परिसर में प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में विधायक अनंत प्रताप देव को मुख्य संरक्षक तथा युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव समेत अन्य लोगों को संरक्षक बनाया गया। रजनीकांत मधुर (भोलू) को अध्यक्ष, मनोज कुमार को सचिव तथा अभय कुमार 'मिंटू' को कोषाध्यक्ष बनाया गया। आयोजन को धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनाने का संकल्प लिया गया।

### बीडीओ सह सीओ संजय कुमार सिंह ने पुनः संभाला प्रभार, स्वस्थ होकर लौटे कार्यभार पर



**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह अंचल अधिकारी (सीओ) संजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य लाभ के बाद पुनः अपने पद का प्रभार ग्रहण कर लिया है। उनके कार्यालय लौटने से प्रखंड एवं अंचल प्रशासन के कार्यों में फिर से गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुछ माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण वे अस्वस्थ हो गए थे। चिकित्सकों की सलाह पर उन्होंने लंबी छुट्टी ली थी और लगातार उपचाररत थे। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद अब उन्होंने पुनः अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल ली हैं। कार्यालय में प्रभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होकर लौटने पर खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक कार्यों में अब और तेजी आएगी।

### आयुष्मान योजना के लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने का निर्देश



बरवाडीह। प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के वीएलई एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सभी पात्र लाभुकों का ई-केवाईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा वीएलई और पीडीएस दुकानदार आपसी समन्वय से लक्ष्य पूरा करें। बैठक में स्कूलों के जन्म प्रमाण पत्र, ई-केवाईसी एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं की भी समीक्षा की गई। पंचायतवार लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार ने नियमित प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक में विभिन्न पंचायतों के वीएलई, प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## मिशन-2029 का ऐलान, दीपक प्रताप देव ने विधायक को दी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने भोजपुर गढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में मिशन-2029 के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव को खुली चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक बनने के बाद कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि पारिवारिक सम्मान बरकरार रहेगा। उन्होंने कहा कि जहां से अनंत प्रताप देव चुनाव लड़ेंगे, वे भी उसी सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो के साथ मजबूती से जुड़े रहने की बात दोहराई।

## खबर का असर: क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत शुरू

### समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग और संवेदक हुए सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** राष्ट्रीय नवीन मेल में "नई सड़क में दरार, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल" शीर्षक से प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला। खबर के बाद तसरार गांव में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत शुरू करा दी गई है। संवेदक ने क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाकर दोबारा पीसीसी ढलाई का कार्य शुरू कराया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस


नई सड़क में दरार, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। प्रखंड के तसरार गांव में हाल ही में बनी कालीकरण सड़क में दरारें पड़ने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। सड़क के कई हिस्सों में बड़ी-बड़ी दरारें और धंसान साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पिछले वर्ष ही बनाई गई थी, लेकिन कुछ ही समय में इसकी स्थिति खराब हो गई। निर्माण के बाद दरारें आने लगीं, जिसके बाद मरम्मत के नाम पर सड़क को मशीन से खोदा गया, लेकिन अब तक [illegible]

अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 16 किलोमीटर लंबी इस सड़क [illegible] होना गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण [illegible] नहीं लगाया गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने [illegible]

बार गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल का आभार जताया।

## बरसात में ग्रामीणों को राहत, युवा समाजसेवी ने निजी खर्च से दुरुस्त कराईं सड़कें

**चिनिया (गढ़वा)।** डोल पंचायत के युवा समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता उर्फ बाराती ने बरसात में कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी ग्रामीण सड़कों की अपने निजी खर्च से मरम्मत कराकर मिसाल पेश की है। उन्होंने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से कई प्रमुख सड़कों की मरम्मत कराई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिली। ग्रामीणों ने उनकी इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

## नवनियुक्त जिला शिक्षा अधीक्षक का शिक्षकों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नवनियुक्त जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) ऋषिकेश कुमार के पदभार ग्रहण करने पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ (जेपीएसएस) एवं सहायक आचार्य संघ के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। जेपीएसएस के जिलाध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने डीएसई को पौधा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संघ की ओर से विश्वास जताया गया कि उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी तथा शिक्षकों की समस्याओं का सकारात्मक समाधान होगा। मौके पर प्रदेश संगठन सचिव जगतमणि



वैद्य, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, मीडिया प्रभारी अनीश कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, रशीद अंसारी, संजय प्रसाद, गोविंद सिंह, राजदेव राम, उमेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। वहीं, सहायक आचार्य संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में भी शिक्षकों ने गुलदस्ता भेंट कर डीएसई का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष रूपेश प्रसाद, महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष अजय रंजन, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, प्रखंड सचिव चक्रवर्ती सिंह, दशरथ सिंह खरवार, रेनू गुप्ता, सुशील रवि, शंभू प्रसाद, हरिओम प्रसाद, दिलेश्वर टोप्पो, राजेश उरांव, सरोज कुमार, बनारसी राम सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय स्थापना की प्रक्रिया तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में शुक्रवार को महत्वपूर्ण प्रगति हुई। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने रेलवे स्टेशन के समीप चयनित भूमि तथा अस्थायी रूप से विद्यालय संचालन के लिए प्रस्तावित रेलवे स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं, कार्यालय, शौचालय, खेल मैदान एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को बिजली एवं पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीआरएम ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से संबंधित अधिकांश औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं तथा स्थायी भवन निर्माण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) के शाखा सचिव सुनील सिंह ने डीआरएम का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, प्रमुख सुशीला देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि दीपक राज, भाजपा नेता मनोज प्रसाद, ईश्वरी सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं रेल अधिकारी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

# पेंशन, मुआवजा, सड़क, आवास व भूमि विवाद सहित विभिन्न मामलों पर हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निष्पादन का निर्देश दिया। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा,



अतिक्रमण, रोजगार एवं मजदूरी भुगतान सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। मेराल प्रखंड की शांति कुंवर ने चार वर्षों से विधवा पेंशन बंद होने की शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें मृत घोषित कर पेंशन रोक दी गई है। रमना प्रखंड के शर्मा वियार ने एनएच-75 चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं सदर प्रखंड के ओबरा गांव के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क निर्माण की मांग की। रमना प्रखंड की पुष्पा देवी ने बाल आशीर्वाद योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की।

> **आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए: उपायुक्त**
>
> उपायुक्त ने सभी मामलों में संबंधित विभागों को नियमानुसार जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध एवं संवेदनशील तरीके से समाधान किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

## आठवीं के 643 विद्यार्थियों के बीच बांटी जाएंगी साइकिलें

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाश पति पातर ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को साइकिल वितरण कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं



विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अभिषेक रविदास ने बताया कि कल्याण विभाग की ओर से प्रखंड को कुल 643 साइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। इनका वितरण प्रखंड के 21 विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच किया जाएगा, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके। बैठक में प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार दांगी, विवेकानंद तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चा झुलसा

● बरवाडीह के मस्जिद मुहल्ला में हादसा, एक सप्ताह में तार हटाने का मिला आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के मस्जिद मुहल्ला में शुक्रवार को हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से छह वर्षीय एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना उस समय हुई जब बच्चा घर की छत पर खेल रहा था। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुहल्ले के कई घरों की छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं और कई बार बिजली विभाग से लाइन हटाने की मांग की गई है। घटना के बाद सांसद प्रतिनिधि दीपक राज एवं पत्रकार मयंक विश्वकर्मा ने पलामू प्रमंडल के महाप्रबंधक श्रवण कुमार से मिलकर समस्या से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने लातेहार के कार्यपालक अभियंता को एक सप्ताह के भीतर हाईटेंशन लाइन हटाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बरवाडीह बाजार में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए एक 200 केवीए एवं एक 100 केवीए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने पर भी सहमति बनी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जाएगी।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

● संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई के दिए निर्देश, छात्र के नामांकन आवेदन पर भी लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं।

उपायुक्त ने सभी आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान छात्र रिंकू उरांव ने अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय में कक्षा आठ में नामांकन के लिए आवेदन सौंपा। उन्होंने प्रथम चयन सूची में नाम नहीं आने के कारण प्रतीक्षा सूची के आधार पर नामांकन का अवसर देने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन की जांच कर विभागीय नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का भौतिक सत्यापन कर समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# डालसा की पहल से दिव्यांग परिवार को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

● दोनों आंखों से दिव्यांग युवक की गुहार पर प्रशासन सक्रिय, आवश्यक दस्तावेज व योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), लातेहार की पहल पर दोनों आंखों से जन्मजात दिव्यांग दिलीप यादव एवं उनके परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेमपुर गांव निवासी 27 वर्षीय दिलीप यादव जन्म से दृष्टिबाधित हैं। उनकी पत्नी भी दिव्यांग हैं तथा परिवार अत्यंत आर्थिक तंगी में जीवन-यापन कर रहा है। आधार कार्ड, राशन कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित रहने के कारण उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता की गुहार लगाई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेष नाथ सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने तथा पात्रता के अनुसार सरकारी आवास सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति केवल जानकारी के अभाव या प्रशासनिक प्रक्रिया के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा।

# शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है : तृप्ति भारती

● मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित, सीबीएसई टॉपर्स हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (एसओई), लातेहार में शुक्रवार को चालू शैक्षणिक सत्र की पहली अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर ने कहा कि परीक्षा स्वयं का मूल्यांकन करने का अवसर होती है और सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने तथा मोबाइल से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

समिति की उपाध्यक्ष दीप्ति कुमारी ने योग एवं प्राणायाम को एकाग्रता के लिए आवश्यक बताया।

विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने कहा कि "शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे कोई छीन नहीं सकता।" उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई और गृहकार्य में सहयोग करने की अपील की।

विद्यालय प्रबंधक पी.पी. गुप्ता ने सीबीएसई के प्रावधानों की जानकारी दी, जबकि वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और तनावमुक्त होकर अध्ययन करने की सलाह दी।

गोष्ठी के दौरान सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा के तीनों संकायों के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। विज्ञान संकाय में अनुष्का सिंह, कला संकाय में श्रुति कुमारी तथा वाणिज्य संकाय में साक्षी अग्रवाल को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विजय कुमार, आर्यन, आकृति सचदेवा, उदय कुमार, रौशन लकड़ा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# एसआईआर अभियान को सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता : के. राजू



● चंदवा में कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** इंदिरा गांधी चौक स्थित होटल मयूर सभागार में शुक्रवार को कांग्रेस की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से सफल बनाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं बूथ स्तर के प्रतिनिधियों से कहा कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने और आवेदन भरने में सहयोग देने की आवश्यकता है।ा

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि चंदवा प्रखंड में अब तक 82 प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह तथा पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भी मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने की। मौके

# पीवीटीजी गांवों के विकास की मांग को लेकर करेंगे रात्रि पड़ाव

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** कामता पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अयुब खान डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) गांवों के विकास की मांग को लेकर 5 एवं 6 जुलाई को रात्रि पड़ाव करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई की शाम से 6 जुलाई की सुबह तक चटुआग गांव के परहैया टोला तथा 6 जुलाई की शाम से 7 जुलाई की सुबह तक दामोदर गांव के परहैया टोला में रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का आकलन कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, जिसे जिला प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड के समुचित उपयोग से इन गांवों का समग्र विकास संभव है।

# भेलवारा-गिद्धौर मुख्य सड़क बनी जानलेवा गड्ढों में तब्दील मार्ग से राहगीर बेहाल

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** विकास के दावों के बीच पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत भेलवारा-गिद्धौर मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति स्थानीय लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण यह मार्ग दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है और लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की डामर परत पूरी तरह उखड़ चुकी है तथा गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। कई स्थानों पर इतने बड़े गड्ढे बन गए हैं कि वाहन चालकों को यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क की बदहाली के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस को भी मरीजों तक पहुंचने और अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क गिद्धौर को अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। इसके बावजूद वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत, गड्ढों की भराई तथा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# 77 वर्षीय विधवा दूरेश देवी को मिलेगा आंबेडकर आवास, डीसी के निर्देश पर बीडीओ ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

खबर का असर

**चतरा/हंटरगंज।** सामाजिक सरोकार से जुड़ी खबर का एक बार फिर सकारात्मक असर देखने को मिला। हंटरगंज प्रखंड की डाहा पंचायत अंतर्गत ढेबो गांव की 77 वर्षीय असहाय विधवा दूरेश देवी की जर्जर मिट्टी के मकान में बदहाल जीवन की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन तत्काल हरकत में आ गया। उपायुक्त रवि आनंद ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने वृद्धा को अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपायुक्त के निर्देश पर हंटरगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप शुक्रवार को स्वयं ढेबो गांव पहुंचे। उन्होंने दूरेश देवी के जर्जर आवास का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि वृद्धा अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवनयापन कर रही हैं। उनका मिट्टी का मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है तथा बरसात के दौरान छत से लगातार पानी टपकता है। वह लगभग पांच गुणा पांच फीट के छोटे से कमरे में रहने को विवश हैं, जहां खाना बनाने से लेकर भोजन करने और रात गुजारने तक की पूरी दिनचर्या चलती है। निरीक्षण के बाद बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को अंबेडकर आवास योजना के तहत दूरेश देवी का रिकॉर्ड तत्काल खोलने तथा सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें जल्द से जल्द पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। इसके बाद उपायुक्त रवि आनंद ने भी दूरेश देवी को अपने कार्यालय बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को प्रकाशित समाचार "77 वर्षीय विधवा जर्जर मिट्टी के घर में रहने को विवश, आवास योजना से अब तक वंचित, हर पल हादसे का खतरा" शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। समाचार में बताया गया था कि पति की मृत्यु के बाद दूरेश देवी वर्षों से जर्जर मकान में भय और अभाव के बीच जीवन बिता रही हैं। कई बार आवेदन और सर्वे होने के बावजूद उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका था। समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन की त्वरित पहल से अब दूरेश देवी को अंबेडकर आवास योजना का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। प्रशासन की इस संवेदनशील कार्रवाई से वृद्धा और उनके परिजनों में राहत की भावना है तथा उनके चेहरे पर लंबे समय बाद उम्मीद की मुस्कान दिखाई दी।

# एसआईआर अभियान में एक भी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए : के. राजू

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने शुक्रवार को लातेहार जिले के दौरे के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने, नए पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने तथा सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अपने दौरे के दौरान के. राजू ने चंदवा, मनिका और लातेहार में अलग-अलग बैठकों में एसआईआर अभियान की समीक्षा की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, के.एन. त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 5 जुलाई को होगा स्व. हाजी रियाजुउद्दीन अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

● विधानसभा अध्यक्ष रामचंद्र सिंह करेंगे उद्घाटन, खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

नवीन मेल संवाददाता




**महुआडांड़।** स्थानीय आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित स्व. हाजी रियाजुउद्दीन अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जुलाई (रविवार) को सुबह 9 बजे खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।

टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान तथा अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# सुब्रतो कप से बच्चों को मिलेगी खेल प्रतिभा निखारने की बेहतर राह : इरशाद मुन्ना

● चंदवा में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** झारखंड शिक्षा परियोजना एवं प्रखंड संसाधन केंद्र, चंदवा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ख्रीस्त राजा विद्यालय परिसर में शुक्रवार से प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि इरशाद मुन्ना, डीडीओ केदार नाथ महतो, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि प्रतीक सिन्हा, बीआरपी सुबोध चंदेल एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फीता काटकर किया। उद्घाटन मुकाबला बालिका सीनियर वर्ग में ख्रीस्त राजा विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें ख्रीस्त राजा विद्यालय की टीम विजेता रही।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि इरशाद मुन्ना ने कहा कि विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करती हैं। डीडीओ केदार नाथ महतो ने कहा कि बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं और उन्हें हरसंभव प्रोत्साहन मिलना चाहिए। शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि प्रतीक सिन्हा ने बताया कि प्रखंड स्तर पर चयनित टीमें जिला स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बेलाल अहमद ने किया।

# दृष्टिपात

## मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी कांग्रेस में शामिल

**मनिका।** मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर शुक्रवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके कांग्रेस में शामिल होने को क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं मनिका विधायक रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रतिमा देवी ने कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने तथा संगठन के हित में कार्य करेंगी।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मार्ग स्थित कुसुमटोली में गुरुवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार भून्नू गंझू गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर के पिछले हिस्से से टक्कर लगने के कारण स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार, घायल के दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगी हैं। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महुआडांड़ में आज लगेगा जीएसटी व जेपीटी निबंधन के लिए विशेष शिविर

**महुआडांड़।** राज्य कर विभाग की ओर से शनिवार को महुआडांड़ पंचायत भवन में जीएसटी एवं झारखंड प्रोफेशनल टैक्स (जेपीटी) के तहत अनिबंधित कारोबारियों एवं करदाताओं के ऑनलाइन निबंधन के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। राज्य कर पदाधिकारी बीर सिंह होरो ने बताया कि संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, पलामू अंचल के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य झारखंड माल एवं सेवा कर अधिनियम-2017 तथा झारखंड प्रोफेशनल टैक्स अधिनियम-2011 के तहत अधिक से अधिक व्यवसायियों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कारोबारियों से निर्धारित दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर निबंधन कराने की अपील की है।

## 16 वर्षों से फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने की कुर्की-जब्ती

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** इटखोरी थाना कांड संख्या 03/2009 के 16 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। इटखोरी थाना पुलिस ने पत्थलगड़ा थाना पुलिस के सहयोग से सिंघानी शीतलपुर गांव स्थित अभियुक्त के घर पहुंचकर विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, सिंघानी शीतलपुर गांव निवासी डोमन दांगी वर्ष 2009 से दर्ज एक आपराधिक मामले में फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उसके घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घर में मौजूद बर्तन एवं अन्य घरेलू सामान की सूची तैयार कर उन्हें विधिवत जब्त किया। बाद में जब्त सामान को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए सिंघानी पंचायत की मुखिया राधिका देवी के सुपुर्द कर दिया गया। इटखोरी थाना के पुलिस पदाधिकारी विदेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार है। न्यायालय के आदेश के आलोक में उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## नए जिला शिक्षा अधीक्षक का शिक्षकों ने किया स्वागत

**चंदवा।** लातेहार जिले के नए जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) ऋषिकेश कुमार के पदस्थापन पर शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षकों ने उनके नेतृत्व में जिले की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद जताई। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, लातेहार के जिला महासचिव अजय कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर डीएसई का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन सचिव चंद्रमण राम, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड सचिव किरानी उरांव, जिला उपाध्यक्ष शंभू राम, बसंत राम, सुबोध कुमार चंदेल, कन्हाई प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिला शिक्षा अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी पहल होगी।

## नए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी, बिजली आपूर्ति पर संकट

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक कॉलोनी के केश्वर बांध के समीप हाल ही में लगाए गए नए विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात लोगों द्वारा तेल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि नया ट्रांसफार्मर लगने से बिजली व्यवस्था में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन तेल चोरी से ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने और तकनीकी खराबी की संभावना बढ़ गई है। इससे विद्युत दुर्घटना का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं बिजली विभाग से मामले की शीघ्र जांच, दोषियों की गिरफ्तारी, ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच एवं मरम्मत कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## कुएं से दो सिंचाई मोटर चोरी, किसानों में आक्रोश

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बलरी गांव में अज्ञात चोरों ने खेतों की सिंचाई के लिए लगाए गए दो मोटरों की चोरी कर ली। घटना के बाद किसानों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चोरी गए मोटरों में एक जयप्रकाश दांगी तथा दूसरा इंद्रदेव महतो का है। जयप्रकाश दांगी ने बताया कि शुक्रवार सुबह खेत पहुंचने पर कुएं पर लगा मोटर गायब मिला। आसपास काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि पिछले करीब दस वर्षों से कुएं पर मोटर लगा था और इससे पहले कभी चोरी की घटना नहीं हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी गए मोटरों की बरामदगी और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश



**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के निर्देश पर शुक्रवार को गिद्धौर पंचायत के रतनपुर टोला में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा ने किया। शिविर में ग्रामीणों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहने से निर्णय क्षमता, कार्यकुशलता तथा पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध बेहतर बने रहते हैं। ग्रामीणों को तनाव से दूर रहने, नियमित व्यायाम, योग एवं ध्यान करने, पर्याप्त नींद लेने तथा अपनी समस्याओं को परिवार और मित्रों के साथ साझा करने की सलाह दी गई। साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर में राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 14416 एवं 1800-891-4416 की जानकारी देते हुए बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या पर 24 घंटे निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा, तापेश्वर कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## धनवार में साड़ी-धोती का हुआ वितरण

**बरही।** धनवार पंचायत के लठिया गांव स्थित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान में लाभुकों के बीच साड़ी एवं धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार की योजना का लाभ प्राप्त किया।इस अवसर पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि पात्र लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी होने पर इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को दें, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके। मुखिया ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को भी महत्वपूर्ण बताते हुए ग्रामीणों से बीएलओ को पूरा सहयोग करने की अपील की। कहा कि गणना प्रपत्र सावधानीपूर्वक और सही जानकारी के साथ भरें। गलत या अधूरी जानकारी देने से बचें।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

# टीबी के मरीजों को मिली पोषण पोटली, नि:क्षय मित्र बने अधिकारी

- नागरिकों, संस्थाओं और उद्योगों से अधिक से अधिक संख्या में नि:क्षय मित्र बनने की अपील की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इलाजरत टीबी मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अभियान के तहत इलाजरत टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज सहित जिले के वरीय अधिकारियों, चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने "नि:क्षय मित्र" बनकर अपने-अपने स्तर से मरीजों के लिए पोषण सहायता उपलब्ध कराई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रामगढ़, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी, सिविल सर्जन रामगढ़, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारियों ने नि:क्षय मित्र के रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

इसके अतिरिक्त डॉ. उदय श्रीवास्तव, डॉ. पल्लवी कौशल, डॉ. कुणाल कुमार जायसवाल, डॉ. दिनेश कुमार, कैंटीन संचालक उपेंद्र कुमार, संजय प्रसाद एवं वेदान्त ने भी स्वेच्छा से नि:क्षय मित्र बनते हुए अपने सहयोग की राशि नि:क्षय मित्र बैंक खाते में जमा कर मरीजों के पोषण एवं उपचार में सहयोग प्रदान किया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि पर्याप्त पोषण, सामाजिक सहयोग और जनभागीदारी से भी जीती जा सकती है।

## कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव मनोनीत किए गए मणिलाल चौधरी

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा निवासी मणिलाल चौधरी को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिला महासचिव मनोनीत किया है। जबकि बरकट्ठा उत्तरी मंडल का अध्यक्ष हेमराज प्रसाद तथा बरकट्ठा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बिरेंद्र पांडेय को बनाया गया है। जिनका मनोनयन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया है। हजारीबाग जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल ने सभी को मनोनयन पत्र सौंपते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता का लाभ कांग्रेस को मिलेगा।

## विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक किट वितरित किया गया। मुखिया प्रमिला देवी एवं प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो ने छात्र, छात्राओं के बीच किट एवं नोटबुक का वितरण किया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत कक्षा एक से अष्टम तक के कुल 526 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। मुखिया प्रमिला देवी ने बच्चों को किट देते हुए मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन साफ सफाई के साथ विद्यालय अवश्य आएं। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद साव, उपाध्यक्ष रीना देवी, शिक्षक अरविंद प्रसाद, मनोज कुमार, राघवेन्द्र लाल, हरिहर दास, धानेश्वर साव, शिक्षिका सावित्री देवी, उमा कुमारी, इन्दु देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थीं।

## केबी महिला मवि के आदिवासी छात्रावास की समस्याओं पर एबीवीपी मुखर

**हजारीबाग/बरही।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को केबी महिला महाविद्यालय परिसर स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास पहुंचा और वहां व्याप्त समस्याओं का जायजा लिया। छात्रावास में रह रही छात्राओं ने पेयजल, सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। एबीवीपी हजारीबाग विभाग संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक छात्राओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास की चारदीवारी पर्याप्त ऊंची नहीं होने के कारण सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। परिसर में जमा कचरे से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## विद्यालयों में आयोजित हुई अभिभावक -शिक्षक गोष्ठी

**बरही।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस क्रम में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोल्हुआ कला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैराटीला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लश्करी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरीला तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमेदवाटांड में बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान कई अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों और जटिल पाठों को समझने में हो रही समस्याओं से शिक्षकों को अवगत कराया। शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों ने इन समस्याओं के समाधान के उपाय बताते हुए अभिभावकों को घर पर भी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने का सुझाव दिया।

## चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटनाएं रोकने को प्रशासन सख्त

**रामगढ़।** चुट्टूपालू घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने एनएचएआई रांची के परियोजना निदेशक बिजय कुमार तथा एनएच-33 की तकनीकी टीम के साथ घाटी का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुर्घटनाओं के कारणों, सड़क की भौगोलिक स्थिति और यातायात के दबाव की समीक्षा की।


**JHARKHANDBIJLI VITRANNIGAMLIMITED**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**
Email: esedaltonganj@yahoo.in

**Tender Extension Notice**

Due to unavoidable reason, NIT No –160/PR/JBVNL/2026-27, 161/PR/JBVNL/2026-27, 162/PR/JBVNL/2026-27 and 163/PR/JBVNL/2026-27 is hereby extended as the detail given below.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Last date and time for purchase of BOQ | 08/07/2026upto 5:00 P.M. |
| 2. | Last date and time of submission of tender | 09/07/2026upto 03:00 P.M. |
| 3. | Date and time of opening of part-I (Technical & Commercial part) | 09/07/2026 at 03:30 P.M. |

All other terms and condition will be remains unchanged.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 382649

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 383885 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11 वर्ष 2026–27
स्व अर्जित आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 10.07.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 11.07.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 11.07.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q Amount | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | प्रखण्ड चन्दवा अन्तर्गत बस पडाव चन्दवा में तोरण द्वार का निर्माण। | 2,65,100 | 5500 | 750 | 01 Month |
| 20 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत बस पडाव महुआडांड में तोरण द्वार का निर्माण। | 2,65,100 | 5500 | 750 | 01 Month |
| 21 | प्रखण्ड बालूमाथ अन्तर्गत बस पडाव बालूमाथ में तोरण द्वार का निर्माण। | 2,65,100 | 5500 | 750 | 01 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. जिन संवेदकों को पूर्व से कार्य आवंटित है एवं उनके द्वारा एकरारनामा सम्पन्न नहीं कराया गया है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
लातेहार

PR 383880 Rural Development(26-27)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/03/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM SHADE ETC.UNDER **DHANKAI RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 6,55,471.00 (छः लाख पचपन हजार चार सौ एकहत्तर) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छःमाह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 13,110.00 (तेरह हजार एक सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383937 District (26-27)_D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/02/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM SHADE ETC.UNDER **PANDARWA RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 6,68,550.00 (छः लाख अड़सठ हजार पाँच सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 13,375.00 (तेरह हजार तीन सौ पचहत्तर) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 383934 District(26-27)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण–सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–WRD/MD MANDAL/01/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM ETC.UNDER **ANNARAJ RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 12,67,713.00 (बारह लाख सड़सठ हजार सात सौ तेरह) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 25,355.00 (पच्चीस हजार तीन सौ पचपन) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode**द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383930 District(26-27)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना, द्वितीय आमंत्रण–सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–WRD/MD MANDAL/01/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIR OF 01 NO. EMERGENCY GATE AND 01 NO. SERVICE GATE, HOISTING ARRANGEMENT, RENOVATION OF OPERATING PLATFORM ETC.UNDER **ANNARAJ RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 12,67,713.00 (बारह लाख सड़सठ हजार सात सौ तेरह) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 25,355.00 (पच्चीस हजार तीन सौ पचपन) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode**द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383932 District(26-27)#D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
जिला- लातेहार

**नगर पंचायत लातेहार के दुकानों के आवंटन हेतु सूचना**
**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का पारदर्शी तरीके के माध्यम से लॉटरी द्वारा आवंटन किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र (यदि हो), चरित्र प्रमाण पत्र (अंचलाधिकारी, लातेहार एवं उपायुक्त लातेहार द्वारा निर्गत) एवं 02 फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन आवेदको के बीच लॉटरी के माध्यम से दिनांक 29.07.2025 को 11.00 बजे पूर्वाहन् में पंडीत दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| दुकान संख्या | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | दुकान के आवंटन हेतु निर्धारित राशि | आवेदन के साथ जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि | आवेदन शुल्क | दुकान के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर अस्पताल, लातेहार गेट के बगल में नव निर्मित दुकान का आवंटन दुकान सं0 01 का साईज– **9' X 8'** | 350000.00 | 35000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |
| 02 | सदर अस्पताल, लातेहार गेट के बगल में नव निर्मित दुकान का आवंटन दुकान सं0 02 का साईज– **9' X 8'** | 350000.00 | 35000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |
| 03 | सदर अस्पताल, लातेहार गेट के बगल में नव निर्मित दुकान का आवंटन दुकान सं0 03 का साईज– **9' X 8'** | 350000.00 | 35000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |
| 04 | सदर अस्पताल, लातेहार गेट के बगल में नव निर्मित दुकान का आवंटन दुकान सं0 04 का साईज– **9' X 8'** | 350000.00 | 35000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |
| 05 | थाना चौक, लातेहार के पास निर्मित मार्केट कम्पलेक्स के दुकान का आवंटन दुकान सं0 12 का साईज– **10' X 12'** | 80000.00 | 8000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |
| 06 | थाना चौक, लातेहार के पास निर्मित मार्केट कम्पलेक्स के दुकान का आवंटन दुकान सं0 13 का साईज– **10' X 12'** | 80000.00 | 8000.00 | 3000.00 | 25.07.26 |

नियम एवं शर्त्त–
1. सभी दुकानों का आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से आवेदको के उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। साथ ही लॉटरी के उपरान्त चयनीत आवेदक के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को आवेदन के साथ जमा किये जाने वाले अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में 3000.00 (तीन हजार) रू0 नगद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त दुकान के आवंटन हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 27.07.2026 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को दुकान के आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
4. उपरोक्त दुकानो की लॉटरी परदर्शी तरीके से उपस्थित आवेदको के बीच पंडीत दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार के सभागार में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
5. दुकान के आवंटन हेतु गठित समिति के द्वारा उपरोक्त दुकान हेतु किये जाने वाले एकरारनामा के नियम एवं शर्तों का अनुमोदन के उपरान्त चयनित आवेदको के साथ एकरारनामा की जायेगी।
6. नगर पंचायत लातेहार के द्वारा प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग पारदर्शी तरीक से लॉटरी संबंधित दुकान के आवंटन प्रकिया में भाग लेने वाले आवेदको के बीच दुकान आवंटन हेतु गठित समिति के समक्ष कराई जायेगी। लॉटरी के उपरान्त संबंधित दुकान के शेश आवेदको के द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी। यदि निर्धारित तिथि को उपरोक्त दुकानों के आवंटन में एक ही आवेदक के द्वारा भाग लिया जाता है तो राजस्व की क्षती को ध्यान में रखते हुए संबंधित आवेदक के साथ दुकान के आवंटन हेतु निर्धारित राशि प्राप्त करते हुए दुकान का आवंटन कर दी जायेगी। यदि उपरोक्त दुकानों के आवंटन में एक से अधिक आवेदक के द्वारा भाग लिया जाता है तो संबंधित आवेदकों के बीच पारदर्शी तरीके से लॉटरी के माध्यम से संबंधित दुकान का आवंटन किया जायेगा।
7. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त निर्धारित सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि जब्त करते हुए संबंधित दुकान दुसरे आवेदक को आवंटीत कर दी जायेगी तथा बाद में किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।
9. दुकान के आवंटन हेतु निर्धारित राशि का समायोजन दुकान के किराये में नहीं किया जायेगा।
10. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन दुकान के आवंटन हेतु निर्धारित राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
11. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
12. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
13. उपरोक्त दुकानों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी राज कुमार वर्मा, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से कार्यालय कार्य दिवस में ली जा सकती है।
14. दुकानों के आवंटन की प्रकिया को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 383911 Urban Development (26-27)_D

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की छापेमारी

# 2000 लीटर जावा महुआ नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लतारसिका और चेतनसिका गांव में अवैध महुआ शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ पुलिस और उत्पाद विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान दोनों गांवों और आसपास के जंगलों में संचालित पांच अवैध महुआ शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा शराब बनाने के लिए तैयार रखा गया करीब 2000 लीटर जावा महुआ मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह अभियान मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार और उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जहां अवैध रूप से महुआ शराब तैयार की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे ड्रम, बर्तन, पाइप सहित अन्य उपकरणों को भी जब्त कर नष्ट कर दिया गया।

हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही अवैध कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड की बक्सपुर पंचायत में शुक्रवार को आयोजित जनसमस्या निराकरण शिविर और परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की जानकारी देते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की।साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

विधायक ने कहा कि जनसमस्या निराकरण शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जा रहा है, जिससे पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में बक्सपुर पंचायत की मुखिया पूनम बारला, अंचल अधिकारी अंवेशा ओना, झामुमो जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राहुल केशरी, पंचायत समिति सदस्य जोसफ आईद, पंचायत अध्यक्ष जोहान आईद, उपमुखिया कांदु आईंड, अमर तिड़ू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:-gm_mdnjseb@yahoo.in,Telephone:-06562-295539**

**e-Tender Cancellation Notice**

E-Tender Notice No-100/PR/JBVNL/2026-27 (Regarding Supply of Materials) is hereby cancelled due to unavoidable reason.

Deposited EMD by concern agency is hereby refunded.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 380501

Sd/-
General Manager-cum- Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 383910 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
**Tel :- 06562-231148**
**Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com**

ज्ञापांक.......................दिनांक .........................

**PR 383646**

**शुद्धि – पत्र**

कार्यालय ज्ञापांक **1955** दिनांक **29.06.2026** द्वारा आमंत्रित शिवाजी मैदान के बन्दोबस्ती हेतु अल्पकालिन निविदा (डिजनिलैण्ड मेला के आयोजन निमित्त बन्दोबस्ती) हेतु निविदा में बन्दोबस्ती खुली (Open) डाक बोली/निलामी तिथि टंकन भूलवश दिनांक 09.06.2026 अंकित हो गई है। जिसमें आंशिक संशोधन निम्नवत् की जाती है :–

| क्रमांक | नाम | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बन्दोबस्ती खुली (Open) डाक बोली/निलामी | 09.06.2026 | 09.07.2026 |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 383899 District(26-27).D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(नजारत शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समाहरणालय, लोहरदगा में व्यवहार होने वाले उत्कृष्ट कोटि के **कार्यालय रख रखाव एवं सफाई सामग्री** के दर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रतिष्ठित एवं योग्य प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्ताओं से विहित प्रपत्र में सशर्त सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र जिलानजारत शाखा, लोहरदगामें निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथप्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दर तालिका जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखी एवं डाउनलोड की जासकतीहै।

- **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 15.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
- **तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:** 17.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा।

PR 383974 (Lohardaga) 26-27 (D)



**उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(नजारत शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समाहरणालय, लोहरदगा में व्यवहार होने वाले उत्कृष्ट कोटि के **लेखन सामग्री** के दर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रतिष्ठित एवं योग्य प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्ताओं से विहित प्रपत्र में सशर्त सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र जिला नजारत शाखा, लोहरदगा में निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथ प्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दर तालिका जिले की आधिकारिक वेबसाइट **https://lohardaga.nic.in** पर देखी एवं डाउनलोड की जासकती है।

- **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 15.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
- **तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:** 17.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे ।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा

PR 383972 Lohardaga(26-27)#D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) including GST@ 18% | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 318/PR/JUSNL/2026-27 | Work of electrical wiring of newly constructed store room at colony campus of 132/33 kV GSS, Garhwa Road. | Rs. 886/- | Rs. 10,000/- |
| 2. | 319/PR/JUSNL/2026-27 | Construction of Ladies bathroom at 132/33 kV GSS Daltonganj. | Rs. 886/- | Rs. 10,000/- |
| 3. | 320/PR/JUSNL/2026-27 | Construction of Ladies bathroom at 132/33 kV GSS Latehar. | Rs. 886/- | Rs. 10,000/- |
| 4. | 321/PR/JUSNL/2026-27 | Procurement of Hardware line materials for maintenance work of Transmission line under TSD Bhagodih. | Rs. 1476/- | Rs. 12,500/- |
| 5. | 322/PR/JUSNL/2026-27 | Reconstruction of PCC Road at 132/33 kV GSS, Garhwa Road. | Rs. 886/- | Rs. 10,000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **07.07.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **28.07.2026** at 03:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **28.07.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **29.07.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission /opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602/ 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 383959 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2026-27/RWD/GARHWA दिनांक – 03.07.2026

**1.कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA /01/2026-27 | मेराल प्रखण्ड के ग्राम पिण्डरा में प ु आहार फैक्ट्री तक पथ एवं नाली निर्माण कार्य। (लं0–0.125 कि0मी0) | 15.807 | पन्द्रह लाख अस्सी हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA /02/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गिजना में पी0डब्ल्यु0डी0 रोड भाया नहर होते हुए आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.750 कि0मी0) | 48.422 | अड़तालीस लाख बयालीस हजार दो सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/GARHWA /03/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम वि ुनपुर में नहर रोड कालीकरण सड़क के पास नरेन्द्र मिश्रा के घर से कृष्ण सिंह के घर होते हुए जितेन्द्र चौबे के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.550 कि0मी0) | 42.177 | बयालीस लाख सत्रह हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 4 | मझिआँव | RWD/GARHWA /04/2026-27 | मझिआँव प्रखण्ड अन्तर्गत कोईबार पी0डब्ल्यु0डी0 पथ से बथनी टोला होते हुए आर0ई0ओ0 रोड तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–1.000 कि0मी0) | 99.938 | निन्यानबे लाख तिरानबे हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 5 | मेराल | RWD/GARHWA /05/2026-27 | मेराल प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम देवगाना टोला हड़कुड़ी कजराठ मोड़ से दानरो नदी तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.550 कि0मी0) | 43.392 | तेतालीस लाख उन्चालीस हजार दो सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 6 | डंडई | RWD/GARHWA /06/2026-27 | डंडई प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम झोतर टोला काजरमारा चारमुहान से कदैलिया सीवान तक पीसीसी पथ निर्माण। (लं0–0.415 कि0मी0) | 41.814 | एकतालीस लाख एकासी हजार चार सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 7 | गढ़वा | RWD/GARHWA /07/2026-27 | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जोबरईया में यासिन मिल्लत कॉलेज के पास नहर पर गार्डवाल का निर्माण कार्य। (लं0–0.500 कि0मी0) | 28.465 | अठाईस लाख छियालीस हजार पाँच सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 8 | चिनियाँ | RWD/GARHWA /08/2026-27 | चिनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम तहले से भदवा पथ पर आर0सी0सी कलभर्ट निर्माण कार्य। 1x5.00x3.00 M | 40.205 | चालीस लाख बीस हजार पाँच सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.07.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.07.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0 :– 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.383978 Rural Work Department(26-27):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(नजारत शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समाहरणालय, लोहरदगा में व्यवहार होने वाले उत्कृष्ट कोटि के **कम्प्यूटर एवं आई टी सामग्री** के दर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रतिष्ठित एवं योग्य आपूर्तिकर्ताओं से विहित प्रपत्र में सशर्त सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र जिला नजारत शाखा, लोहरदगा में निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथप्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दरतालिका जिले की आधिकारिक वेबसाइटhttps://lohardaga.nic.inपर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

- **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:**15.07.2026अपराह्न03:00 बजेतक।
- **तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:**20.07.2026अपराह्न 03:00 बजे।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा

PR 383997 (Lohardaga)26-27*D



**उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
(नजारत शाखा)

निविदा आमंत्रण सूचना

समाहरणालय, लोहरदगा एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों/बैठकों हेतु उत्कृष्ट कोटि के टेन्ट, शामियाना, कुर्सी, लाइट, साउन्ड एवं वीआईपी मंच सज्जा संबंधित सेवाओं के वार्षिक दर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदाप्रपत्र जिलानजारत शाखा, लोहरदगा में निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथप्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दर तालिका जिले की आधिका रिकवेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:15.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
- तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:22.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा।

PR 383993 Lohardaga (26-27)D



**उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
(नजारत शाखा)

निविदा आमंत्रण सूचना

समाहरणालय, लोहरदगा एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्नकार्यकृमों, योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतुउत्कृष्ट कोटि के फ्लेक्स प्रिंटिंग, बैनर, विनाइल एवंप्रचार–प्रसार सामग्री के वार्षिकदर निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रतिष्ठित प्रिंटिंगप्रेस/एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र जिलानजारत शाखा, लोहरदगा में निर्धारित तिथि को अपराह्न03:00 बजे तक स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथ प्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दरतालिका जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://lohardaga.nic.inपर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:15.07.2026 अपराह्न03:00 बजेतक।
- तकनीकी निविदा खोलने की तिथि:22.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा।

PR 383990 Lohardaga(26-27)D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(नजारत शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समाहरणालय, लोहरदगा एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जानेवाले विभिन्न कार्यक्रमों/बैठकों एवं राष्ट्रीय त्योहारों के अवसरों पर उत्कृष्ट कोटि के भोजन, अल्पाहार एवं पेयजल, आपूर्ति हेतु वार्षिकदर निर्धारण के निमित्त वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए योग्य संवेदकों/कैटैरर्स से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र जिला नजारत शाखा, लोहरदगा में निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक या हाथों–हाथ प्राप्त की जायेगी। निविदा की विस्तृत शर्तें, सामग्री एवं दर तालिका जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 15.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
- तकनीकी निविदा खोलने की तिथि : 20.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे।

जिला नजारत उप समाहर्ता,
लोहरदगा

PR 383983 Lohardaga (26-27)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

**दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना**

पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/सखी मंडल के सदस्य को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 11 रा0(वि0), दिनांक– 09.06.2026 एवं प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के पत्रांक– 262, दिनांक– 22.06.2026 के आलोक में **वितीय वर्ष 2026–27 अन्तर्गत पलामू जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पहचान–पत्र(आधार कार्ड की छायाप्रति), दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन जमा करना चाहेंगे।

प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है, प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय रू0 200/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**प्रशिक्षण का नाम– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण (छः दिवसीय) कार्यक्रम निम्नवत है।**

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP पुरूष | OSP महिला | OSP कुल | SCSP पुरूष | SCSP महिला | SCSP कुल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2026 से 06.07.2026 तक | 20 | 15 | 35 | 04 | 02 | 06 | वितीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना में चयनित लाभुकों को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में 06 दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात ही दुधारू पशुओं का क्रय की जायेगी। |
| 2 | 14.07.2026 से 20.07.2026 तक | 20 | 15 | 35 | 05 | 02 | 07 | |
| 3 | 04.08.2026 से 10.08.2026 तक | 20 | 15 | 35 | 05 | 02 | 07 | |
| 4 | 08.09.2026 से 14.09.2026 तक | 20 | 15 | 35 | 05 | 02 | 07 | |
| 5 | 29.09.2026 से 05.10.2026 तक | 20 | 17 | 37 | 05 | 02 | 07 | |
| 6 | 27.10.2026 से 02.11.2026 तक | 20 | 17 | 37 | 05 | 02 | 07 | |
| 7 | 10.11..2026 से 16.11.2026 तक | 20 | 17 | 37 | 05 | 02 | 07 | |
| 8 | 08.12.2026 से 14.12.2026 तक | 20 | 17 | 37 | 05 | 02 | 07 | |
| 9 | 29.12..2026 से 04.01.2027 तक | 20 | 17 | 37 | 05 | 01 | 06 | |
| 10 | 05.01.2027 से 11.01.2027 तक | 20 | 17 | 37 | 03 | 01 | 04 | |
| 11 | 19.01.2027 से 25.01.2027 तक | 20 | 18 | 38 | 04 | 01 | 05 | |
| कुल योग :– | | 220 | 180 | 400 | 50 | 20 | 70 | |

नोट– 1. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जायेगा।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम एवं 55 वर्ष के अंदर हो।
4. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
5. प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति लाना आवश्यक है।
6. **विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.383982 District(26-27):D

**विचार प्रवाह**
जिस प्रकार सूर्य की जीवनदायी किरणें सबका पोषण करती हैं, उसी प्रकार आपको निर्धन तथा उपेक्षित लोगों के हृदयों में आशा की किरणें जगानी चाहिए, निराश हृदयों में साहस जगाना चाहिए और जो स्वयं को असफल मानते हैं, उनके हृदयों में नवशक्ति का संचार करना चाहिए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

**राष्ट्रीय नवीन मेल**

# पानी के लिए घुटने पर आए पाकिस्तान की जुबानी जंग

**इंडिया**



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

2025 में धर्म पूछकर निहत्थे भारतीय पर्यटकों पर पहलगाम में किए पाकिस्तान के हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो भारत ने दिया था उसकी गूंज भारत में उनके समर्थकों के अलावा पाकिस्तान में अभी ज्यादा सुनाई पड़ रही है। कड़ी कार्रवाई की कोरी धमकी के बजाय भारत ने पहली बार सिंधु नदी को रोकने की दिशा में ऐसा काम किया है कि पाकिस्तान दुनिया में दया याचना करता फिर रहा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी पानी पर गहरी निर्भरता है क्योंकि उसकी लगभग 90 प्रतिशत खेती सीधे या परोक्ष रूप से सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। भारत ने ठोस कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला लिया जिसके बाद शुरू हुआ विवाद अब खुली जुबानी जंग से धमकी में बदल गया है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री, मुसादिक मलिक ने यह चेतावनी देकर तनाव और बढ़ा दिया कि इस्लामाबाद उन हाथों को 'काट देगा', जो सिंधु जल में पाकिस्तान के हिस्से पर दावा करने की कोशिश करेंगे। ऐसी भड़काऊ बयानबाजी बताती है कि कई युद्धों के तनाव के बावजूद कायम रहा जल बंटवारा समझौता अब परमाणु हथियार संपन्न दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण रिश्तों में नए टकराव का कारण बनता जा रहा है।इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने भी चेतावनी दी थी कि यदि भारत के कदमों से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा महसूस हुआ, तो इस्लामाबाद युद्ध जैसे विकल्प पर भी विचार कर सकता है। यह चेतावनी तब आई, जब भारत ने कूटनीतिक संकेतों से आगे बढ़कर अपने राजनीतिक इरादों को बुनियादी ढांचे से जुड़े कामों में बदलना शुरू कर दिया।इसी दिशा में चिनाब नदी से जुड़ी दो बड़ी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश में चिनाब-ब्यास लिंक सुरंग और जम्मू-कश्मीर के सलाल बांध पर सेडिमेंट बाईपास सुरंग शामिल हैं। पाकिस्तान की धमकियां और पश्चिमी नदियों के पानी का अधिकतम इस्तेमाल करने का भारत का पक्का इरादा, दोनों संकेत देते हैं कि सिंधु बेसिन भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का एक नया अखाड़ा बन रहा है। भारत जल ढांचे के विकास को तेजी से बढ़ा रहा है। जो कदम शुरुआत में सीमित दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा था, वह अब जल-रणनीतिक बढ़त हासिल करने की एक बड़ी नीति बन गया है। संदेश स्पष्ट है कि भारत उन जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहता है, जो अब तक सीमित इस्तेमाल के बाद पाकिस्तान की ओर बह जाते थे। भारत के भीतर, चिनाब-ब्यास लिंक सुरंग को ऐसी विकास परियोजना के रूप में देखा जा रहा है, जिससे हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को लाभ मिलेगा। इससे पानी की उपलब्धता बढ़ सकती है और करीब 4,000 मेगावाट की अतिरिक्त पनबिजली क्षमता पैदा हो सकती है।पाकिस्तान जानता है कि भारत के पास अभी सिंधु नदी के पानी को पूरी तरह रोकने की क्षमता नहीं है पर भारत लगातार ऐसे निर्माण कार्य में लगा है, जिससे पानी के भंडारण, बहाव के समय और दिशा बदलने पर ज्यादा नियंत्रण मिल सकता है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उस पर उसकी गहरी निर्भरता है। उसकी लगभग 80 से 90 प्रतिशत खेती सीधे या परोक्ष रूप से सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। पंजाब और सिंध सिंचाई की योजना बनाने, बुआई चक्र और बाढ़ प्रबंधन के लिए इन नदियों पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। जल संबंधी आंकड़ों के आदान-प्रदान में रुकावट आने से पाकिस्तान के पानी के हिसाब-किताब में पहले ही अनिश्चितता आ गई है। यह अनिश्चितता लोगों और व्यवस्था पर मनोवैज्ञानिक दबाव पैदा करती है। भारत की नई जल रणनीति के सामने कई चुनौतियां भी मौजूद हैं। बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए हिमालय का इलाका दुनिया की सबसे मुश्किल जगहों में से एक है। पर्यावरणीय, पारिस्थितिकी से जुड़े मुद्दे और स्थानीय स्तर पर होने या कराए जाने वाले विरोध इन परियोजनाओं की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। वहीं, सलाल बांध से जुड़ी नई परियोजना का उद्देश्य दशकों से खो चुकी संचालन क्षमता को फिर से हासिल करना है। इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह तैयार होने में वर्षों लग जाते हैं। पानी का अत्यधिक हथियारीकरण मानवीय संकट, अंतरराष्ट्रीय आलोचना और भू-राजनीतिक प्रतिक्रिया का जोखिम पैदा करता है। इसके बावजूद, पाकिस्तान की चेतावनी संकेत है कि सिंधु बेसिन अब ऐसा रणनीतिक क्षेत्र बन चुका है, जहां इंजीनियरिंग, कूटनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और शक्ति संतुलन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।कभी सिंधु जल संधि को निलंबित करने की बात को एक कूटनीतिक संकेत के तौर पर देखा जाता था। आज, जब भारत नया इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है और पाकिस्तान युद्ध की भाषा बोल रहा है, तब यह विवाद दक्षिण एशिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों में बदलता दिखाई दे रहा है। भारत इस मामले में मजबूत स्थिति में है क्योंकि यह इसका अंदरूनी मामला है कि वह अपने शत्रु को पानी दे या नहीं ।

# डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष : नागरिकों और व्यवसायियों का काम हुआ आसान

**आज की बात**



**एस कृष्णन**
सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

> **देश में 99.56 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के विशाल समुदाय से इसे मदद मिली है। मोबाइल डाटा की 8 से 10 रुपए प्रति जीबी की कीमत बेहद किफायती है। लिहाजा, प्रति व्यक्ति मासिक डाटा खपत 24.01 जीबी के असाधारण स्तर पर पहुंच चुकी है। इस डिजिटल बुनियाद ने नागरिकों और सरकार के बीच रिश्ते को पूरी तरह से बदल दिया है**

सिर्फ एक दशक पहले तक उत्तर प्रदेश के दूरदराज के किसी गांव में किसान को सब्सिडी हासिल करने या उपज बढ़ाने के बारे में सलाह लेने के लिए कागजों के ढेर में सिर खपाना पड़ता था। उस जमाने में कतार में खड़ा होना रिवाज जैसा था। लेकिन आज वह किसान किसी दलाल के बिना ही फसल के बारे में सहायता पा सकता है और सब्सिडी भी सीधे उसके बैंक खाते में जमा हो जाती है। मौजूदा समय में किसी भी गली से गुजरते हुए आप एक खामोश क्रांति को महसूस कर सकते हैं। एक ऐसी क्रांति जिसने जीने की सहूलियत को बुनियादी तौर पर बदल दिया है। पहले किसी फल बेचने वाले या तिपहिया चालक को लेनदेन नकद में करनी पड़ती थी। लेकिन अब वह गर्व से अपनी ठेली या ऑटोरिक्शा से झूलते क्यूआर कोड की ओर इशारा कर देता है। 102.86 करोड़ नागरिकों के डिजिटल जुड़ाव ने भारत को सशक्त बनाया है। देश में 99.56 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के विशाल समुदाय से इसे मदद मिली है। मोबाइल डाटा की 8 से 10 रुपए प्रति जीबी की कीमत बेहद किफायती है। लिहाजा, प्रति व्यक्ति मासिक डाटा खपत 24.01 जीबी के असाधारण स्तर पर पहुंच चुकी है। इस डिजिटल बुनियाद ने नागरिकों और सरकार के बीच रिश्ते को पूरी तरह से बदल दिया है। यह रिश्ता विश्वास, पारदर्शिता और डिजिटल स्वायत्तता पर टिका हुआ है। इस क्रांति का पहला कदम पहुंच का लोकतांत्रीकरण तथा एक ऐसा मजबूत और स्वदेशी डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क बनाना था जो प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की गारंटी करे। 'भारतनेट' कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर लागू किया गया और इसने लगभग 2.2 लाख ग्राम पंचायतों को तेज रफ्तार ब्रॉडबैंड से जोड़ दिया। इस तरह, इसने सुनिश्चित किया कि आर्थिक अवसरों की राह में भौगोलिक स्थितियां अवरोध नहीं बनें। 144 करोड़ से ज्यादा आधार पहचानों के सृजन के साथ अवसंरचना की छलांग ने 'जनधन', 'आधार' और 'मोबाइल' (जैम) की तिकड़ी को ईंधन प्रदान किया। सरकार संप्रभु डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए नागरिकों को 51.5 लाख करोड़ रुपए सफलतापूर्वक हस्तांतरित कर चुकी है। इस प्रणाली ने धन की बर्बादी और बिचौलिए की जरूरत को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया है। इसने करोड़ों परिवारों के हाथों में वित्तीय स्वायत्तता सौंप कर उनकी जिंदगी की सहूलियत में नाटकीय सुधार किया है।

बुनियाद तैयार हो जाने के बाद भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) ने समस्याएं सुलझाने के लिए हल तैयार कर नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी बदल दी है। 'डिजिलॉकर' जैसे प्लेटफॉर्मों ने नागरिकों और व्यवसायों के लिए प्रक्रियाओं को




बेहद सुचारू बना दिया है। 'डिजिलॉकर' के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 70 करोड़ से ज्यादा है और उनके 900 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज इस प्लेटफॉर्म पर हैं। इसने कागजी कार्रवाइयों को खत्म कर केवाईसी प्रक्रियाओं और दस्तावेज सत्यापन को फौरन पूरा करना संभव बनाया है। इससे उद्यमों के लिए खर्च और समय में काफी कटौती हुई है। बैंकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और वित्तप्रौद्योगिकी संस्थानों को ग्राहकों का सत्यापन करने में कई दिनों के बजाय अब सिर्फ कुछ पल ही लगते हैं। सरकार ने 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (जेम) के ज़रिए 19.51 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की खरीद की है। यह छोटे मैन्युफैक्चरर या पहली बार काम करने वाले विक्रेता के लिए, बिचौलियों के बिना सरकारी अनुबंध हासिल करने में बेहतर व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है। दूरदराज से सार्वजनिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, 'उमंग' एप्लिकेशन ने केंद्र और राज्य सरकार की सेवाओं को सीधे नागरिकों की पहुँच में ला दिया है। यह ऐप अब 11.6 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को सेवाएँ दे रहा है, जिसके ज़रिए 2,572 सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है और इससे अब तक 797.84 करोड़ से अधिक लेनदेन किए जा चुके हैं। इस पूरे इकोसिस्टम की सबसे अहम चीज़ 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) है। सड़क के किनारे ठेली लगाने वाले फल विक्रेता को सहूलियत देने वाला क्यूआर कोड एक संप्रभु भुगतान प्रणाली है जिस पर रोजाना 75 करोड़ लेनदेन होते हैं। आज, दुनिया भर में होने वाले कुल तुरंत किये जाने वाले डिजिटल भुगतानों में से लगभग आधे अकेले भारत में होते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी तुरंत भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है। यह उन 24 देशों के लिए बेहद ज़रूरी हो गया है, जिनके साथ भारत ने अपने डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफ़ॉर्म को अपनाने और उसी तरह की भुगतान प्रणाली तैयार करने के लिए औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, यूपीआई अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ), सिंगापुर और फ्रांस सहित 9 देशों में काम कर रहा है। प्रौद्योगिकी को एक 'जन-हित की चीज़ मानने की यह सोच सीधे तौर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में समानता और लोगों के जीवन को आसान बनाने से जुड़ी है। ई-संजीवनी प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए, भारत ने 48 करोड़ से ज़्यादा मुफ़्त टेली-परामर्श की सुविधाएं दी हैं, जिससे दूर-दराज़ और कम सुविधा वाले इलाकों के मरीज़ भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। इसी तरह, दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान एक स्वदेशी प्लेटफ़ॉर्म द्वारा संचालित किया गया था। 'कोविन' के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी गई और उनका पारदर्शी रूप से ट्रैक रखा गया। इसने एक ऐसा मजबूत डिजिटल ढांचा तैयार किया जिसका अध्ययन दुनिया भर की स्वास्थ्य प्रणालियों ने किया।

डिजिटल इंडिया के 11वें वर्ष के समापन के साथ, यह मिशन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की ओर मजबूती से अग्रसर है, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इनका उपयोग भारत और विकासशील देशों की चुनौतियों को हल करने के लिए सार्वजनिक हित के रूप में किया जाए। सालों तक, कंप्यूटिंग पावर की भारी लागत ने छोटे शहरों के प्रतिभावान युवा नवोन्मेषकों को उन्नत प्रौद्योगिकी से दूर रखा। 'इंडियाएआई' मिशन के तहत, भारत स्टार्टअप्स के लिए व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए इस बाधा को व्यवस्थित रूप से दूर कर रहा है। सरकार ने सभी की पहुँच को आसान बनाने के लिए एक विशाल, साझा कंप्यूटिंग सुविधा स्थापित की है। देश के घरेलू स्टार्टअप्स और छात्रों को महज 65 रुपये प्रति घंटे की दर से विश्व स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता प्रदान करके, इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर नवोन्मेष को बढ़ावा देना है। हमारा लक्ष्य अपने प्रतिभाशाली कार्यबल के दम पर भारत को दुनिया की 'एआई एप्लीकेशन का केंद्र बनाना है, जो देश-विदेश के सभी क्षेत्रों में सेवा वितरण को बेहतर बना सके और उद्यमों की उत्पादकता को बढ़ा सके। इसके साथ ही, भारत अपने हार्डवेयर के भविष्य को भी सुरक्षित कर रहा है। 'सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम' के तहत, देश भर में 1.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली 12 सेमीकंडक्टर निर्माण और पैकेजिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आइएसएम) 2.0 की घोषणा की गई है।

# प्राइवेसी की नई पहल या सुरक्षा की नई चुनौती?

**अलग बात**



**महेंद्र तिवारी**

आज की डिजिटल दुनिया में जब भी कोई नई सुविधा आती है, तो वह अपने साथ असीम उत्साह और उतनी ही गहरी आशंकाएं लेकर आती है। वर्तमान समय में एक ऐसी ही नई तकनीकी सुविधा को लेकर देश में व्यापक बहस छिड़ गई है। इस नई व्यवस्था के तहत उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए बिना केवल एक विशिष्ट पहचान या गुप्त नाम के माध्यम से दूसरों से बातचीत कर सकेंगे। इस सुविधा का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को अपनी बेहद निजी और संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रखने का एक बेहतरीन विकल्प देना है। दूसरी ओर, सरकार और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों का स्पष्ट मानना है कि यदि इस व्यवस्था में पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो यही सुविधा साइबर अपराधियों के लिए एक नया और खतरनाक हथियार बन सकती है। भारत वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में अग्रिम पंक्ति में शामिल है। देश में 80 करोड़ से भी अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं। करोड़ों लोग प्रतिदिन संदेश भेजने, वीडियो कॉल करने, महत्वपूर्ण दस्तावेज साझा करने और अपना व्यापार चलाने के लिए डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। ऐसे विशाल बाजार में किसी भी नए तकनीकी बदलाव का असर केवल तकनीक तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा प्रभाव हमारे सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के ढाँचे पर पड़ता है। यही मुख्य वजह है कि सरकार ने इस नई सुविधा को लेकर अत्यंत गंभीर सवाल उठाए हैं और इसके व्यापक विस्तार पर फिलहाल रोक लगाने को कहा है। सरकार की सबसे बड़ी चिंता पहचान की चोरी और उसके दुरुपयोग को लेकर है। यदि कोई शातिर व्यक्ति किसी प्रसिद्ध बैंक, प्रतिष्ठित सरकारी संस्था, बड़े अधिकारी या किसी सार्वजनिक हस्ती से मिलता-जुलता नाम चुन ले, तो सामान्य उपयोगकर्ता आसानी से भ्रमित हो सकता है। साइबर अपराधी इसी भ्रम और मानवीय विश्वास का अनुचित फायदा उठाकर लोगों से पैसे ठग सकते हैं, उनकी बेहद निजी जानकारी हासिल कर सकते हैं या फर्जी संदेश फैलाकर समाज में अशांति पैदा कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि देश में फिशिंग, डिजिटल गिरफ्तारी, निवेश धोखाधड़ी और पहचान बदलकर की जाने वाली ठगी के मामलों में 300 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन्हीं बढ़ते जोखिमों को देखते हुए सरकार ने संबंधित तकनीकी कंपनी से एक विस्तृत और स्पष्ट जवाब मांगा है। अधिकारियों का साफ कहना है कि बाजार में इस सुविधा को पूरी तरह लागू करने से पहले यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि यदि किसी अपराधी ने किसी अन्य व्यक्ति या संस्था की पहचान अपनाने की कोशिश की, तो उसे तकनीकी रूप से कैसे रोका जाएगा। इसके साथ ही यह भी बताना आवश्यक होगा कि किसी पीड़ित उपयोगकर्ता द्वारा शिकायत मिलने पर कंपनी की ओर से कार्रवाई कितनी तेजी से होगी। जब तक इन सुरक्षा मानकों पर स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो जाती, तब तक देश के करोड़ों नागरिकों की सुरक्षा को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। दूसरी तरफ, तकनीकी कंपनी ने अपने आधिकारिक स्पष्टीकरण में कहा है कि इस नई सुविधा का उद्देश्य किसी भी अपराधी की वास्तविक पहचान को छिपाना बिल्कुल नहीं है। इसका असली मकसद केवल मोबाइल नंबर की गोपनीयता को एक नया स्तर प्रदान करना है। समाज में बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिन्हें अपनी दैनिक जरूरतों के लिए किसी नए ग्राहक, सहपाठी, शिक्षक, पड़ोसी या किसी अस्थायी संपर्क से बात करनी पड़ती है। ये लोग काम तो करना चाहते हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से अपना निजी मोबाइल नंबर उनके साथ साझा नहीं करना चाहते। विशेष रूप से महिलाओं, छात्रों, छोटे व्यापारियों और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले पेशेवरों के लिए यह सुविधा एक सुरक्षा कवच साबित हो सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## किराएदार



**डॉ सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर के सबसे पुराने मुहल्ले में एक मकान था जिसकी दीवारें इतनी बूढ़ी हो चुकी थीं कि हर बारिश के बाद वे अपने भीतर का नमक बाहर निकालकर रोती थीं। लोग उसे भूतों का घर कहते थे, लेकिन वहाँ रहने वाला बूढ़ा आदमी हंसकर कहता, "भूत तो उन घरों में रहते हैं जहां इंसान होना मर जाता है।" उसका नाम कोई नहीं जानता था। बच्चे उसे बाबा कहते थे, दूधवाला उसे उधार कहता था, बिजली वाला उसे बकायेदार और नगर निगम वाला उसे अतिक्रमण। उसका अपना नाम जैसे सरकारी फाइलों के किसी पीले पन्ने में दम तोड़ चुका था। हर सुबह वह टूटी कुर्सी बाहर निकालकर बैठ जाता और राह चलते लोगों से पूछता, "बेटा, आज इंसानियत किस गली से गुजरी थी, कहीं दिखी क्या?" लोग मुस्कराकर आगे बढ़ जाते। एक दिन एक लड़का रुक गया। उसने पूछा, "बाबा, आप रोज यही सवाल क्यों पूछते हैं?" बाबा ने अपनी धुंधली आंखों में उतरती शाम को समेटते हुए कहा, "क्योंकि कल तक जो मेरे पड़ोसी थे, आज वे मेरे मोबाइल नंबर तक से अनजान हो गए हैं। रिश्ते अब घंटियों की तरह हैं, बजते तभी हैं जब किसी को अपना काम हो।" लड़का चुप हो गया। हवा ने सूखे नीम से कुछ पत्ते गिराए। बाबा उन्हें उठाकर हथेली पर रखने लगा जैसे किसी बूढ़ी माँ के झड़ते बाल समेट रहा हो। उसने धीमे से कहा, "पेड़ कम से कम गिरकर भी धरती का हाथ नहीं छोड़ते, इंसान तो खड़े खड़े भी साथ छोड़ देता है।" सामने से गुजरते नेता का काफिला धूल उड़ाता निकल गया। बाबा मुस्कराया, "देखो बेटा, धूल भी अब गाड़ियों के साथ चलती है, पैरों के साथ नहीं।" अगले दिन मोहल्ले में खबर फैली कि सरकार ने उस इलाके के विकास का नक्शा बना लिया है। लोग खुश थे। किसी को चौड़ी सड़क चाहिए थी, किसी को पार्क, किसी को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स। बाबा चुपचाप अपनी दीवार सहला रहा था। तभी अधिकारी आए। एक ने नक्शा खोलकर कहा, "बाबा, आपका मकान प्रगति के रास्ते में आ रहा है।" बाबा ने मुस्कराकर पूछा, "प्रगति किसकी होगी साहब, सड़क की या आदमी की?" अधिकारी हंस पड़ा। "भावुक मत बनिए। मुआवजा मिलेगा।"

**राष्ट्रीय नवीन मेल**
**धर्म-अध्यात्म**

## श्वास-प्रश्वास का एक प्रारम्भिक व्यायाम



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

आंखों को विकृत न करें और उन पर ज़ोर न डालें; जब हम तनावमुक्त एवं शान्तिपूर्ण ढंग से एकाग्र होते हैं तब सहज ही दृष्टि ऊपर की ऊपर की ओर चली जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण है अपनी पूरी एकाग्रता को भ्रूमध्य पर केन्द्रित करना। यही है क्राइस्ट चेतना [कृष्ण चेतना] का स्थान, एकल नेत्र का वह स्थान जिसका बारे में क्राइस्ट ने कहा था "शरीर की ज्योति आंख है इसलिए यदि तुम्हारी आंख एक ही हो जाए तो तुम्हारा सारा शरीर प्रकाश से ओतप्रोत हो जायेगा।" जब ध्यान का उद्देश्य पूरा हो जाता है तब भक्त पाता है कि उसकी चतना स्वतः ही दिव्य नेत्र पर एकाग्र हो गयी है, और अपनी आन्तरिक आध्यात्मिक क्षमता के अनुसार वह परमात्मा के साथ एक आनन्दपूर्ण दिव्य एकाकार की अवस्था अनुभव करता है। अभी बतायी गयी ध्यान की मुद्रा में जब आप स्थिर हो जाते हैं, तो ध्यान के लिये अगली तैयारी है फेफड़ों में इकठ्ठा हो चुकी कार्बन डायॉक्साइड को बाहर निकालना जो चंचलता उत्पन्न करती है। "ह्ह, ह्ह्ह्ह" के दोहरे प्रश्वास के साथ मुँह से सांस बाहर निकाल दें। (यह ध्वनि केवल श्वास बाहर निकलने से होती है, यह वाणी से उत्पन्न नहीं होती।) उसके बाद नाक से गहरी साँस भरें और छः की गिनती तक पूरे शरीर को तनाव से भरें। "ह्ह, ह्ह्ह्ह" के दोहरे प्रश्वास के साथ मुंह से सांस बाहर निकाल दें, और तनावमुक्त हो जायें। इसे तीन बार दोहरायें। ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करने के लिये सबसे पहले तो भक्त को चाहिये कि वह बिना हिले-डुले ध्यान की सही मुद्रा में बैठे, जिसमें उसकी कमर सीधी हो, और उसके बाद वह शरीर को तनाव से भरे और तनावमुक्त करे-ऐसा इसलिये क्योंकि तनावमुक्त हो जाने पर आपकी चेतना माँसपेशियों से हट जाती है।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# अंधविश्वास, अज्ञान और कुप्रथाओं की जकड़न

**देश की बात**



**कांतिलाल मांडोत**

राजस्थान के फलोदी जिले के फतेहगढ़ गांव में घटित हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। एक किसान ने पहले अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर स्वयं भी आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार यह मान बैठा था कि महिला पर भूत-प्रेत का साया है और इसी कारण उसे तांत्रिक के पास ले जाया जा रहा था। वहीं जयपुर जिले में एक महिला और उसकी दो बेटियों के तालाब में मृत मिलने की घटना ने भी समाज को गहरे चिंतन के लिए विवश कर दिया। ये घटनाएँ केवल आपराधिक या पारिवारिक त्रासदी नहीं हैं, बल्कि उस अंधविश्वास, अज्ञान और अविवेक की भयावह तस्वीर हैं, जो आज भी समाज के अनेक हिस्सों में जड़ें जमाए हुए है। जब मनुष्य विवेक छोड़ देता है, तब वह स्वयं भी दुख पाता है और दूसरों के जीवन को भी संकट में डाल देता है। समाज में व्याप्त अनेक कुप्रथाओं का मूल कारण अज्ञान ही है। दहेज, तिलक, मृत्यु-भोज, दिखावा, झूठी सामाजिक प्रतिष्ठा, टोना-टोटका, भूत-प्रेत और तांत्रिकों पर विश्वास जैसी प्रवृत्तियाँ मनुष्य को वास्तविक समाधान से दूर ले जाती हैं। जब किसी समस्या का वैज्ञानिक, चिकित्सकीय या तार्किक समाधान खोजने के बजाय उसे अलौकिक शक्तियों से जोड़ दिया जाता है, तब दुख और बढ़ जाता है। मानसिक बीमारी का उपचार डॉक्टर और मनोचिकित्सक कर सकते हैं, लेकिन यदि उसे भूत-प्रेत का प्रभाव मानकर तांत्रिकों के भरोसे छोड़ दिया जाए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। फलोदी की घटना इसी मानसिकता की दुखद परिणति प्रतीत होती है। महापुरुषों और संतों ने सदैव कहा है कि अंधविश्वास का आधार ज्ञान नहीं, बल्कि भय और अज्ञान होता है। जब मनुष्य सोचने-समझने की शक्ति का उपयोग करना छोड़ देता है, तब वह हर उस बात पर विश्वास करने लगता है जिसका कोई प्रमाण नहीं होता। धीरे-धीरे वही बातें परंपरा बन जाती हैं और लोग बिना सोचे-समझे उनका पालन करने लगते हैं। समय के साथ उनका उद्देश्य समाप्त हो जाता है, लेकिन लोग उन्हें केवल इसलिए निभाते रहते हैं क्योंकि "हमारे पूर्वज ऐसा करते थे।" यही स्थिति समाज को आगे बढ़ाने के बजाय पीछे धकेल देती है। एक प्रेरक प्रसंग इस मानसिकता को स्पष्ट करता है। विवाह के समय किसी घर में बिल्ली रास्ते में आ गई तो उसे टोकरी के नीचे बंद कर दिया गया ताकि वह सामने न आए। वर्षों बाद उस परिवार की नई पीढ़ी ने इसे घर की परंपरा समझ लिया और विवाह के समय पहले बिल्ली पकड़कर लाने की जिद करने लगी। किसी ने यह जानने का प्रयास नहीं किया कि उस समय बिल्ली को बंद करने का वास्तविक कारण क्या था। यही अंधानुकरण है। जब किसी परंपरा का उद्देश्य समाप्त हो जाए और लोग केवल उसकी नकल करते रहें, तब वह कुप्रथा बन जाती है। समाज में देवी-देवताओं के नाम पर भी अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं। लोग बिना समझे विभिन्न प्रकार के कर्मकांड करते हैं और यह मान लेते हैं कि इससे उनके सभी दुख दूर हो जाएंगे। जबकि धर्म का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के भीतर सत्य, करुणा, संयम और विवेक का विकास करना है। यदि धर्म के नाम पर केवल बाहरी प्रदर्शन, डर और अंधविश्वास रह जाए तो वह धर्म नहीं, बल्कि उसकी विकृति बन जाता है। धर्म मनुष्य को स्वतंत्र विचार, नैतिकता और आत्मबल देता है, न कि भय और भ्रम। इसी प्रकार दहेज और तिलक जैसी कुप्रथाएँ भी अज्ञान और सामाजिक दिखावे का परिणाम हैं। बेटी को अपनी इच्छा और सामर्थ्य के अनुसार देना अलग बात है, लेकिन उसे सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर लेन-देन की प्रतियोगिता बना देना घोर अन्याय है। इसी कारण अनेक परिवार आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, बेटियों को अपमान सहना पड़ता है और कई बार उनकी जान तक चली जाती है। जिस परंपरा से हिंसा, अन्याय और पीड़ा बढ़े, उसे परंपरा नहीं बल्कि अभिशाप कहना अधिक उचित होगा। मृत्यु-भोज और दिखावे की परंपरा भी इसी मानसिकता का उदाहरण है। किसी प्रियजन के निधन पर दुख स्वाभाविक है, लेकिन कृत्रिम रूप से रोने-पीटने का प्रदर्शन करना, आर्थिक बोझ उठाकर भोज देना या समाज के दबाव में अनावश्यक खर्च करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। मृत व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उसके आदर्शों को अपनाना और परिवार का सहारा बनना है, न कि दिखावे के लिए रस्में निभाना। आज भी अनेक परिवार सामाजिक दबाव के कारण कर्ज लेकर ऐसे आयोजन करते हैं और वर्षों तक उसका बोझ उठाते हैं। आज विज्ञान, शिक्षा और तकनीक के युग में भी यदि लोग मानसिक रोग को भूत-प्रेत समझेंगे, बीमारी का इलाज अस्पताल के बजाय तांत्रिकों से कराएंगे, या जीवन की हर समस्या का कारण अदृश्य शक्तियों को मानेंगे, तो ऐसी दुखद घटनाएं बार-बार सामने आती रहेंगी। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

धूप, रोशनी, ताप का यह संसार अपार।
कौन सूरमा खुद करे, और करादे पार ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### रोजगार, शिक्षा और राजनीति में आबादी के अनुसार आरक्षण लागू करने की मांग

# ओबीसी आरक्षण बहाली की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

- 27 प्रतिशत आरक्षण, पेसा अधिकार और जनगणना में ओबीसी कॉलम शामिल करने की मांग




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला पिछड़ी जाति संघर्ष समिति, सिमडेगा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर पिछड़ी जाति समुदाय के अधिकारों और आरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। समिति का कहना है कि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई जिलों में ओबीसी समुदाय को नौकरी, राजनीति और पेसा कानून के तहत पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है।ज्ञापन में बताया गया कि सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी और रांची समेत कई जिलों में पिछड़ी जाति के लोग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं। समिति ने दावा किया कि झारखंड गठन के बाद कई क्षेत्रों में पहले से मिल रहे 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ समाप्त होने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं।समिति ने पेसा कानून में ग्राम स्तर पर ओबीसी समुदाय को अधिकार देने, आगामी जनगणना में ओबीसी कॉलम शामिल करने तथा परिसीमन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में आबादी के आधार पर आरक्षण लागू करने की भी मांग की। ज्ञापन में सभी जिलों में 27 प्रतिशत या आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने की अपील की गई है।ज्ञापन पर समिति के मुख्य संरक्षक जगदीश साहू, अध्यक्ष रामजी यादव, महासचिव बजरंग प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। समिति ने राज्यपाल से मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

# खिलाड़ियों के हित में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला संचालन समिति एवं जिला स्टेडियम प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों के हितों की सुरक्षा और खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में बाजारटांड़ स्थित बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित पे एंड प्ले योजना के तहत बैडमिंटन और जिम के शुल्क में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही खेल विभाग के डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के 11 प्रशिक्षकों का सेवा विस्तार स्वीकृत किया गया।जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए 12 नए डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खोलने की अनुशंसा की गई। वहीं अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पवेलियन के नीचे स्थित दुकानों का संचालन स्टेडियम प्रबंधन समिति के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सत्यापन कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हाई-मास्ट लाइट लगाने का प्रस्ताव भेजने तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ छात्रावास और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में निर्माणाधीन स्टेडियमों की 15 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।बैठक में जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद, हॉकी प्रशिक्षक तारिणी कुमारी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### साइबर अपराधों की जांच को लेकर दो दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण शुरू

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा के सभागार में विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 3 एवं 4 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण का संचालन साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेटर एवं ब्लकट्रानिक इन्वेस्टिगेशन लैब के डायरेक्टर ईशान सिन्हा द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण एवं संरक्षण, तकनीकी इंटेलिजेंस, डिजिटल फॉरेंसिक, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की जांच तथा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न अंचलों के पुलिस निरीक्षक, जिले के सभी थाना एवं ओपी प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को साइबर अपराधों की जांच में उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों, आधुनिक डिजिटल उपकरणों और अनुसंधान के प्रभावी तरीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

# घटिया निर्माण देखकर जिप अध्यक्ष नाराज, काम रुकवाया



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने बानो प्रखंड के हुरदा-जमतई पंचायत में जिला परिषद मद से बन रहे जिला परिषद कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य भूमि पूजन के बिना शुरू कर दिया गया है। साथ ही निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटों की गुणवत्ता भी खराब मिली, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई।उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और संवेदक को फटकार लगाते हुए तत्काल निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही किए जाएं।रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अनियमितता मिली तो संबंधित अधिकारियों और संवेदक के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान तोरपा विधायक प्रतिनिधि तनवीर हसन, पंचायत अध्यक्ष जोलेन जोजो तथा अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा

संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड–825401

e-mail : dhochatra@gmail.com

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0 16 दिनांक 10.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना मधुमक्खीपालन की योजना के तहत प्राप्त भौतिक लक्ष्य के अनुसार चतरा जिला के लघु एवं सीमान्त कृषक, कृषक समूह, महिला कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। मधुमक्खी पालन योजनान्तर्गत मधुमक्खी बक्सा 20 ईकाई एवं 20 ईकाई मधुमक्खी छत्ता तथा एक मधु प्रोसेसिंग ईकाई प्रति लाभुक को दिया जायेगा। साथ ही कृषकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस योजना का कार्यान्वयन 80 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत कृषक अंशदान पर किया जायेगा। दिनांक 13.07.2026 तक जिला उद्यान कार्यालय, चतरा में आवेदन जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रम सं0 | योजना का नाम | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य OSP | भौतिक लक्ष्य SCSP |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मधुमक्खी पालन की योजना | मधुमक्खी बक्सा | 16 | 05 |
| | | मधुमक्खी छत्ता | 16 | 05 |
| | | मधु प्रोसेसिंग ईकाई एवं प्रशिक्षण | 16 | 05 |

नोट:–

1. ST,SC तथा लघु एवं सीमान्त कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि / पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
4. योजना के संदर्भ मे विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, चतरा से संपर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा

PR 383871 Agriculture(26-27)D

# वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए डीसी को आमंत्रण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** 25 जुलाई से शुरू होने वाले 27वें अंतरराज्यीय वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिले की उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया।उपायुक्त कंचन सिंह ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।मुलाकात के दौरान आयोजन समिति की ओर से टूर्नामेंट की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर आयोजक राजेश कुमार सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष पतरस एक्का, पूर्व विधायक बसंत लौंगा, विकास साहू अजीत नवरंगी, वीरेंद्र सिंधिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त–सह–अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू (आपदा प्रबंधन शाखा)

### अपील

**पलामू जिला एक अत्यधिक वज्रपात प्रभावित क्षेत्र है। वज्रपात के कारण प्रत्येक वर्ष यहां अधिक संख्या में लोगों की मृत्यु, घायल एवं सम्पत्ति का नुकसान होता है। वज्रपात एक जानलेवा प्रहार है, जिसके प्रभाव को कम करने तथा बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें:–**

- यदि घर में हों, तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुएं और उससे दूर रहें तथा बिजली से चलने वाले यंत्रो को बन्द कर दें।
- यदि दोपहिया वाहन, साईकिल, ट्रक, ट्रैक्टर, नौका आदि पर सवार हों, तो तुरन्त उतर कर सुरक्षित स्थानों पर चलें जाएं, वज्रपात के दौरान वाहनों पर सवारी न करें।
- धातु की डण्डी वाले छाते का उपयोग न करें।
- टेलीफोन व बिजली के पोल तथा टेलीफोन व टेलीविजन टावर से दूर रहें।
- कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सूत की रस्सी का प्रयोग करें।
- बिजली की चमक देख तथा गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर ऊँचे एवं एकल पेड़ों के नीचे न जाएं।
- यदि आप जंगल में हों तो बौने एवं घने पेड़ों की शरण में चले जाएं।
- वृक्षों, दलदल वाले स्थानों तथा जल श्रोतों से यथासम्भव दूर रहें, परन्तु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि छोटे पेड़ों के नीचे रहें।
- खुले आकाश में रहने को बाध्य हों, तो नीचे के स्थानों को चुनें। एक साथ कई आदमी इकट्ठे न हों। दो लोगों के बीच की दूरी कम से कम 15 फीट हो।
- तैराकी कर रहे लोग, मछुआरे आदि अविलम्ब पानी से बाहर निकल जायें।
- गीले खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसानों तथा मजदूर या तालाब में कार्य कर रहे व्यक्ति तुरन्त सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर जायें।
- धातु से बने कृषि यंत्र, डण्डा आदि से अपने को दूर कर लें।
- यदि आप खेत–खलिहान में काम कर रहे हों तथा किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाये हों, तो–
  (क) जहां हैं वहीं रहें, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें।
  (ख) दोनों पैरो को आपस में सटा लें एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथासम्भव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुवाएं।
  (ग) जमीन पर कदापि न लेटें।
- अपने घरों तथा खेत खलिहानों के आस–पास कम ऊँचाई वाले उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष समूह लगाएं।
- ऊँचें पेड़ के तनों या टहनियों में तांबे का तार स्थापित कर जमीन में काफी गहराई तक दबा दें, ताकि पेड़ सुरक्षित हो जाएं।
- मजबूत छत वाला पक्का मकान सबसे सुरक्षित स्थल है।
- यदि सम्भव हो, तो सरकारी भवनों एवं अपने घरों में तड़ित चालक लगवा लें।

**किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100 एवं पुलिस कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0 / –उपायुक्त, पलामू

PR 383866 (Palamu)26-27*D

## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार

### अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 12/2026-27

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ग्रुप संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत डुमारो में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय निन्द्रा में 04 अतिरिक्त कमरा का निर्माण। | 47,81,100 | 96,000 | 5,000 | 05 माह | Group_22 |
| 2 | प्रखण्ड मनिका पंचायत मनिका में राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय मनिका का चाहरदिवारी निर्माण। | 68,17,400 | 1,36,500 | 10,000 | 06 माह | Group_23 |
| 3 | प्रखण्ड मनिका पंचायत रांकीकला ग्राम सेवधरा में बिचला टोला मुख्य पथ से नान्हो सिंह खेरवार के घर होते हुए हल्दी टांड धनी सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 37,15,700 | 74,500 | 5,000 | 4.5 माह | Group_24 |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 09.07.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–22.07.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–24.07.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 383877 Rural Development(26-27)#D

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 10 वर्ष 2026–27
### 15वें वित्त आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 10.07.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.07.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः–11.07.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q Amount | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हेरहंज | हेरहंज | हेरहंज | डगरा टोला में कलेसर यादव के घर से तालाब तक नाली निर्माण। | 300000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 2 | चन्दवा | डुमारो | कारीटांड | बुधवा उरांव के घर से तेतरा लोहरा के घर तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 3 | चन्दवा | लाधूप | गोली | मोहन यादव के घर से उदय यादव के घर तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 4 | मनिका | मटलौंग | माईल | तिताही चेक डेम से सिंचाई नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 5 | चन्दवा | चकला | चकला | अस्पताल से चटी नदी तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 6 | चन्दवा | चेटर | आन | शंकर साव के घर से भोला यादव के घर तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 7 | बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह | लैम्पस के पीछे नाला का जीर्णोद्धार एवं स्लेप निर्माण। | 300900 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 8 | बारियातु | डाढा | रूद | कृष्णा उरांव के घर से अमित भुईया के घर तक नाली निर्माण। | 249900 | 5000 | 500 | 02 Month |
| 9 | बालूमाथ | चेताग | आल्हेपाठ | सुरेश लोहरा के घर से ललीत लोहरा के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 10 | बालूमाथ | बसिया | बसिया | पाहनटोली में असगर अली के घर से लालजी गंझू के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 11 | मनिका | जान्हो | मतनाग | फोटो यादव के घर से पुल तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय / डाकघर सावधि जमा पत्र / 03 वर्षीय / 05 वर्षीय / बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. जिन संवेदकों को पूर्व से कार्य आवंटित है एवं उनके द्वारा एकरारनामा सम्पन्न नहीं कराया गया है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

PR.NO.383875 Rural Development(26-27):D

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना

(लापता लड़का रंजीत कुमार साह (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष)



केतार थाना कांड सं0–48 / 2024, दिनांक–23.07.2024, धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता लड़का रंजीत कुमार साह, (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष, पिता–शिवमंगल साह, ग्राम–बांसडीह खुर्द, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला हैं। जो दिनांक–09.07.2024 को गांव में आये बारात को देखने के लिए घर से निकला और वापस अपने घर नहीं आया। उक्त लापता लड़का रंजीत कुमार साह का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण / हुलिया :–**

नाम–रंजीत कुमार साह, लंबाई–05 फीट, 06 इंच, रंग–सांवला,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 383981 (Police)26-27*D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट सूचना द्वितीय आमंत्रण

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL / 07 / 2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIRING OF 03 NOs. C/R GATES AT LEFT SIDE AND RIGHT SIDE OF THE CANAL WITH WORM GEAR MACHINE SYSTEM ,OPERATING PLATFORM OF C/R GATE AND 02 NOs. H/R GATES WITH SPINDLE SYSTEM OF **SARSATIYA WEIR IRRIGATION SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 8,33,270.00 (आठ लाख तैंतीस हजार दो सौ सत्तर) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 16,670.00 (सोलह हजार छः सौ सत्तर) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0 / –कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383943 (District)26-27*D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर

### ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL / 05 / 2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIRING OF 02 NOs. C/R GATES AT LEFT SIDE AND RIGHT SIDE OF THE CANAL WITH WORM GEAR MACHINE SYSTEM ,OPERATING PLATFORM OF C/R GATE AND 02 NOs. H/R GATES WITH SPINDLE SYSTEM OF **PHULWARIYA WEIR IRRIGATION SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,22,592.00 (पाँच लाख बाईस हजार पाँच सौ वानबे) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह )। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,460.00 (दस हजार चार सौ साठ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0 / –
कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383940 District (26-27)_D

# पीएम मोदी 13,037 करोड़ रुपए की जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना का करेंगे शिलान्यास, शहर को मिलेगी 41 किमी लंबी नई मेट्रो लाइन

**एजेंसी । जयपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) रिफाइनरी के उद्घाटन समारोह के दौरान 13,037 करोड़ रुपए की जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह महत्वाकांक्षी परियोजना जयपुर में शहरी परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगी और शहर के प्रमुख औद्योगिक, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को तेज एवं आधुनिक मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगी। जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत प्रहलादपुरा से टोड़ी मोड़ तक लगभग 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण (नॉर्थ-साउथ) मेट्रो कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया (वीकेआईए), जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, टोंक रोड, सवाई मानसिंह अस्पताल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, जयपुर रेलवे स्टेशन, अंबाबाड़ी और विद्याधर नगर जैसे प्रमुख इलाकों को आपस में जोड़ेगा। फेज-2 परियोजना के तहत कुल 36 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे जयपुर के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख रिहायशी इलाकों के बीच बेहतर और तेज सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना का निर्माण राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएमआरसीएल) करेगा, जो केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की 50:50 संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) कंपनी है। परियोजना के तहत एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत (अंडरग्राउंड) मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जिन्हें मौजूदा मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, ताकि यात्रियों को निर्बाध यात्रा सुविधा मिल सके। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पहले निर्माण पैकेज के लिए 918.04 करोड़ रुपए से अधिक का लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस (एलओए) जारी कर दिया है। इस पैकेज के तहत प्रह्लादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस हिस्से में 10 एलिवेटेड स्टेशन होंगे, जिनमें प्रहलादपुरा, मानपुरा, बिलवा कलां, बिलवा, गोनेर मोड़, सीतापुरा, जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी), कुंभा मार्ग, हल्दीघाटी गेट और पिंजरापोल गौशाला शामिल हैं।

इसके अलावा इस कॉरिडोर को जयपुर मेट्रो फेज-2 के डिपो से जोड़ने के लिए एक विशेष स्पर लाइन भी बनाई जाएगी। पूरी परियोजना को इस तरह तैयार किया गया है कि यह जयपुर के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और प्रमुख बस अड्डों से आसानी से जुड़ सके, जिससे शहर में एक मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क विकसित हो सके। इसके साथ ही, चाकसू और चोमू जैसे आसपास के शहरों से यात्रियों को मेट्रो तक पहुंचाने के लिए फीडर बस सेवाएं शुरू करने की भी योजना बनाई जा रही है। ये बसें प्रहलादपुरा और टोड़ी मोड़ मेट्रो स्टेशनों तक यात्रियों को लाएंगी। वर्तमान में जयपुर मेट्रो का फेज-1 कॉरिडोर मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 11 स्टेशन हैं। इस रूट पर प्रतिदिन लगभग 50,000 यात्री सफर करते हैं। फेज-2 पूरा होने के बाद जयपुर मेट्रो की दैनिक सवारियों की संख्या करीब 2.5 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 4 लाख से अधिक हो सकता है, जिससे मेट्रो जयपुर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का एक प्रमुख स्तंभ बन जाएगी।

# ई20 पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दावे भ्रामक, सरकार ने किया खारिज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित) पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे दावों को पूरी तरह भ्रामक और वैज्ञानिक तथ्यों से परे बताया है। मंत्रालय ने कहा कि ई20 पेट्रोल वाहनों के लिए नुकसानदायक होने, प्रदूषण बढ़ाने, इंजन खराब करने या एथेनॉल उत्पादन में अत्यधिक पानी की खपत जैसे दावों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वाहन मालिकों को डराने के लिए सोशल मीडिया पर झूठी और निराधार बातें फैलाई जा रही हैं। इन दावों का प्रमुख ऑटोमोटिव अनुसंधान संस्थानों द्वारा किए गए व्यापक तकनीकी अध्ययनों से कोई मेल नहीं है। मंत्रालय के अनुसार, ई20 पेट्रोल के उपयोग से वाहनों से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। एथेनॉल में मौजूद कार्बन जैविक स्रोत का होता है, जिससे वातावरण में शुद्ध कार्बन उत्सर्जन नहीं बढ़ता। भारतीय ऑयल, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम (आईआईपी), देहरादून और सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के संयुक्त अध्ययन के अनुसार, दोपहिया वाहनों में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन में करीब 50 प्रतिशत की कमी आई। चारपहिया वाहनों में यह कमी लगभग 30 प्रतिशत रही। दोनों श्रेणी के वाहनों में अनबर्न्ट हाइड्रोकार्बन उत्सर्जन में करीब 20 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। ड्राइविंग, स्टार्टिंग, धातु और प्लास्टिक के पुर्जों की अनुकूलता जैसे अधिकांश मानकों पर कोई समस्या नहीं पाई गई।

# इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों पर केंद्र सख्त, मेटा से स्पष्टीकरण के निर्देश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर कथित तौर पर बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों के सामने आने के बाद कड़ा रुख अपनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को मेटा के अधिकारियों को तलब करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय अमेरिका की टेक कंपनी मेटा से यह स्पष्टीकरण मांगेगा कि इंस्टाग्राम जैसे उसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह के विज्ञापन कैसे दिखाई दिए और ऐसे अवैध व संवेदनशील कंटेंट को रोकने के लिए कंपनी ने कौन-कौन से सुरक्षा उपाय अपनाए हैं। मेटा, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का मालिक है, से यह भी पूछा जाएगा कि उसके प्लेटफॉर्म पर ऐसे विज्ञापनों को चलने की अनुमति कैसे मिली। साथ ही कंपनी से यह जानकारी भी मांगी जाएगी कि बाल यौन शोषण से जुड़े कंटेंट की पहचान करने, उसे हटाने और भविष्य में ऐसे कंटेंट के प्रसार को रोकने के लिए उसने कौन-सी व्यवस्थाएं लागू की हैं। सूत्रों का कहना है कि मंत्रालय मेटा की कंटेंट मॉडरेशन प्रणाली, विज्ञापनों की समीक्षा प्रक्रिया और उसके प्लेटफॉर्म पर अवैध एवं हानिकारक सामग्री के खिलाफ कार्रवाई को और मजबूत बनाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी भी मांग सकता है।

# भारत का पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पूरा होने के करीब



● भविष्य की हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के लिए बनेगा मॉडल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत का पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच रही है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि यह परियोजना देश में बनने वाले भविष्य के सभी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए एक मानकीकृत मॉडल (स्टैंडर्ड टेम्पलेट) का काम करेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना के पूरा होने के बाद मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय घटकर करीब 1 घंटा 58 मिनट रह जाएगा। इस कॉरिडोर की डिजाइन स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि ट्रेनों की संचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसके लिए अत्याधुनिक रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। करीब 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं। परियोजना के तहत पहली बुलेट ट्रेन सेवा अगस्त 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। शुरुआती चरण में ट्रेन सूरत और वापी के बीच संचालित की जाएगी। सरकार का कहना है कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट केवल एक परिवहन परियोजना नहीं है, बल्कि यह भविष्य में देश भर में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान, कौशल और औद्योगिक इकोसिस्टम भी तैयार कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परियोजना भविष्य में बनने वाले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए एक स्केलेबल मॉडल स्थापित कर रही है, जिससे आने वाली परियोजनाओं में बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालिन निविदा सं0. EE/RDSD/LATEHAR/07/2026-27 जिसका PR NO-381269 दिनांक–03.06.2026 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 383917 (Rural Development) 26-27 (D)

---

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/MB/Chatarpur/714 Date – 02.07.2026

**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Municipal Building at Chhatarpur under Chhatarpur Nagar Panchayat |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 13,68,05,006/- (Rupees Thirteen Crore Sixty Eight Lakh Five Thousand Six) only. |
| 4 | Time of Completion | 18 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 13,68,100/- (Rupees Thirteen Lakh Sixty Eight Thousand One Hundred ) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 06.07.2026 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 28.07.2026 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 29.07.2026 17:00 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 383923 (Urban Development) 26-27 (D)

---

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:-gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone:-06562-295539

**e-Tender Cancellation Notice**

E-Tender Notice No-128/PR/JBVNL/2026-27 (Regarding Supply of Materials) is hereby cancelled due to unavoidable reason.

Deposited EMD by concern agency is hereby refunded.

Sd/-
General Manager-cum- Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR No. 381297

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.383984 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27):D

---

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना द्वितीय आमंत्रण**
अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/06/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | REPAIRING OF 02 NOs. EMERGENCY GATES WITH WORM GEAR MACHINE SYSTEM ,OPERATING PLATFORM OF EMERGENCY GATE AND 02 NOs. SERVICE GATES WITH SPINDLE SYSTEM OF **DANRO RESVERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 14,68,101.00 (चौदह लाख अड़सठ हजार एक सौ एक) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 29,370.00 (उनतीस हजार तीन सौ सत्तर) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 383942 (District)26-27*D

---

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**
अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MD MANDAL/04/2026–27 दिनांक 03.07.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Repair and Renovation work of 1 No. Service Gate, 1 No. Emergency Gate, Shed, Operating Platform, Hoisting Arrangement (Worm Gear) etc. of **BATRE RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 5,40,250.00 (पॉंच लाख चालिस हजार दो सौ पचास) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 10,810.00 (दस हजार आठ सौ दस) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.07.2026 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 9199101446 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 383938 (District) 26-27 (D)

---

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) (2nd Call)**
**SELECTION OF AGENCY TO ESTABLISH AND RUN A PROJECT MANAGEMENT UNIT FOR DISTRICT MINERAL FOUNDATION TRUST, CHATRA**

The Deputy Commissioner -cum- Chairman, District Mineral Foundation Trust, Chatra, Government of Jharkhand (The Client) invites sealed proposal from eligible bidder under the process for "Selection of Agency to Establish and Run a Project Management Unit for District Mineral Foundation Trust, Chatra.". for increasing the efficiency and effectiveness of District Mineral Foundation Trust (DMFT), Chatra.

The RPF document is available on Chatra district's website. The address of the website is https://chatra.nic.in/

Interested organizations may submit complete proposal as per ToR of RFP documents to the undersigned as per the schedule and mode indicated in the Fact Sheet at the office of the **DMFT CELL, 2nd Floor, District Collectorate Office, Chatra** -825401.

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 04.07.2026 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 11.07.2026(4:00 PM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 13.07.2026(11:30 AM) & 14.07.2026(01:00 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |
| 5 | Issue of Letter of Award | To be intimated to selected organization |

PR 383915 (Rural Development)26-27*D

**DC-Cum-Chairman DMFT, Chatra**

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – NP/01/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**13-07.2026** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**14-07-2026** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**14-07-2026** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड रॉंची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, रॉंची।
(2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Embankment Repair in Panki_Balumath-Herhanj Road at Chainage 16.5 Km and 15.3 Km | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 01 Month |
| 2 | Road Safety Work in Daltonganj, Road Division under Non Plan for the year 2026-27 | 7,49,000.00 | 15,000.00 | 1,250.00 | 01 Month |

**नोट**:– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 383925 (Road)26-27*D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – NP/02/2026-27)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक–**28.07.2026** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**29.07-2026** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**29-07-2026** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड रॉंची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, रॉंची।
(2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Ordinary Repair of Daltonganj-Hariharganj Road (MDR-118) (Width- 7 m) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2 | Ordinary Repair of Station Road Daltonganj to Shiv Mandir Bam Patakha Through Gurudwara Road Along Koel River (ODR) (Width-4.8 m) | 5,00,000.00 | 10,000.00 | 750.00 | 02 Months |
| 3 | Ordinary Repair of Belwatikar Chowk to NH-75 via Old Income Tax Office (ODR) (Width-5.5 m) | 5,00,000.00 | 10,000.00 | 750.00 | 02 Months |
| 4 | Construction of Railing in Chainpur-Ramkanda Road at 11th km | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 5 | Ordinary Repair of Chhatarpur-Khajuri- Belhara Road | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 02 Months |
| 6 | Diversion in Lesliganj Ekhara Road on Jagatpurwa River in 1st Km | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |

**नोट**:– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 383926 Road(26-27)#D

---

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।**
**Email ID : – discomctr@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

चतरा जिला के अन्तर्गत वर्ष 2022 में नवनामांकित प्रभावित बल के सभी महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि आपका बॉण्ड जून 2026 में समाप्त हो चुकी है। आप सभी गृह रक्षकों का दिनांक–10.07.2026 से 18.07.2026 तक पुनःनामांकन (बॉण्ड) किया जाना है। पुनःनामांकन (बॉण्ड) से संबंधित आवश्यक सभी दस्तावेज/कागजात के साथ पूर्ण वर्दी में जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा में आकर इस सूची के अनुसार प्रखण्डवार एवं तिथिवार अपना–अपना पुनःनामांकन (बॉण्ड) कराना सुनिश्चित करेंगें।

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | पुनःनामांकन (बॉण्ड) की तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रतापपुर | 10.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा। |
| 02 | कुन्दा | 10.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 03 | मयुरहण्ड | 11.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 04 | शहरी गैर तकनीकि | 11.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 05 | शहरी तकनीकि | 11.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 06 | ईटखोरी | 12.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 07 | सदर चतरा | 12.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 08 | पत्थलगड्डा | 13.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 09 | हण्टरगंज | 13.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 10 | गिद्धौर | 14.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 11 | सिमरिया | 14.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 12 | लावालौंग | 17.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 13 | टण्डवा | 17.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |
| 14 | कान्हाचट्टी | 18.07.2026 | प्रात :–10:00 बजे से शाम :–05:00 बजे तक। | |

पुनःनामांकन (बॉण्ड) से संबंधित आवश्यक दस्तावेज/कागजात जो प्रत्येक गृह रक्षकों को अपने साथ मूल प्रति एवं छाया प्रति लेकर आना है।

नामांकन/बुनियादी प्रशिक्षण
1. **प्रमाण पत्र की छायाप्रति**
2. **आधार कार्ड की छायाप्रति**
3. **आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति**
4. **शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति**
5. **वर्दी में रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो–04 पीस**
6. **वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 में ड्यिुटी से संबंधी आदेश/कमान पत्र की छायाप्रति।**

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
चतरा।

PR 383890 (Home, Prison And Disaster Management) 26-27 (D)

### 26वीं राज्य स्तरीय जूनियर व सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आगाज, जुटे 700 खिलाड़ी

# परंपरागत खेलों से होगा बच्चों का समग्र विकास : डीसी

- परंपरागत खेलों से स्वास्थ्य के साथ-साथ बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड ताइक्वांडो संघ और लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के होटल अमृत पैलेस में 26वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन हुआ। इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 700 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, टीम मैनेजर और रेफरी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि लोहरदगा के उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने 'वंदे मातरम्' गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वहीं, खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो की तकनीकी बारीकियों को दर्शाते हुए शानदार डेमोंस्ट्रेशन पेश किया, जिसका उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों ने बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रतियोगिता के रेफरी और निर्णायकों से परिचय भी प्राप्त किया।

उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने लोहरदगा में इस तरह के भव्य आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। बच्चों को खेल गतिविधियों से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए उपायुक्त ने आधुनिक जीवनशैली पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, "पूर्व में हमारे यहां जिम जाकर स्वस्थ रहने का कल्चर नहीं था। वर्तमान में डिप्रेशन समेत अन्य बीमारियां जिम कल्चर का प्रभाव मानी जा रही हैं।

परंपरागत खेलों से स्वास्थ्य के साथ-साथ बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस गरिमामयी अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सह झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार, कार्यकारी चेयरमैन मिथिलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष राजेश महतो, आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पारस साहू और कोषाध्यक्ष अभय महतो समेत खेल जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर, झारखंड व लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ ने स्थानीय खेल प्रेमियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का मुकाबला देखें और उनका उत्साहवर्धन करें।

### बांस-बल्ली के सहारे अस्पताल पहुंच रहे मरीज

## स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह लचर : पवन तिग्गा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और दम तोड़ती एंबुलेंस सेवाओं को लेकर भाजपा के युवा नेता पवन तिग्गा ने राज्य की गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। कहा कि लोहरदगा जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह वेंटिलेटर पर हैं और जनता भगवान भरोसे जीने को मजबूर है। भाजपा नेता ने जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि जिले की अधिकांश सरकारी एंबुलेंस खराब पड़ी हुई हैं। इस कारण गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है, जहाँ मरीजों को कहीं खटिया पर लादकर तो कहीं बांस-बल्ली के सहारे जैसे-तैसे अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पिछले सप्ताह की एक घटना का हवाला देते हुए कहा कि एंबुलेंस न मिलने के कारण एक गंभीर मरीज को मजबूरी में स्कूटी से दूसरे अस्पताल रेफर करना पड़ा। पेचीदा मामलों में भी लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूटी और अन्य निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी स्थिति किसी भी संवेदनशील सरकार के लिए चुल्लू भर पानी में डूब मरने जैसी है। पवन तिग्गा ने आरोप लगाया कि राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार केवल एक-दो योजनाओं का ढिंढोरा पीटकर और विज्ञापनों के जरिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य जैसी अति-आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। अस्पतालों में एंबुलेंस जैसी प्राथमिक सुविधा न होना आम लोगों की जान की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने झारखंड सरकार से पुरजोर मांग की है कि लोहरदगा जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहाँ अविलंब नई और सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस गाड़ियां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही अस्पतालों में व्याप्त अन्य अव्यवस्थाओं को तत्काल दूर कर मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। पवन तिग्गा ने दोटूक शब्दों में कहा कि राज्य की जनता अब इस सरकार की कार्यशैली और छलावे को अच्छी तरह समझ चुकी है, और आने वाले समय में इसका करारा जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

### पेसा कानून के तहत हाटी ग्रामसभा का बड़ा फैसला

# पादरी व पास्टरों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध, गांव के तीन प्रवेश मार्गों पर लगाया सूचना बोर्ड

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** प्रखंड की उदरंगी पंचायत के हाटी ग्राम में ग्रामसभा ने एक ऐतिहासिक और बड़ा निर्णय लेते हुए गांव में पादरियों, पास्टरों और बाहरी धर्म प्रचारकों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। ग्रामसभा द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद गांव के तीन मुख्य प्रवेश मार्गों पर बड़े-बड़े सूचना बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिन पर स्पष्ट अक्षरों में लिखा गया है कि 'पादरी व पास्टरों का प्रवेश सख्त मना है'। इन सूचना बोर्डों का विधिवत उद्घाटन ग्राम प्रधान विद्यासागर पहान, आयकर आयुक्त निशा उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के केंद्रीय अध्यक्ष बिरसा उरांव, केंद्रीय सचिव सोमा उरांव, केंद्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, केंद्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव और जिला धर्म गुरु बंधे उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। हाटी गांव अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पेसा कानून के तहत ग्रामसभा को अपनी स्थानीय परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का विशेष संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। इसी कानून का हवाला देते हुए ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है कि गांव में किसी भी बाहरी धर्म के पादरी, पास्टरों या धर्मांतरण से जुड़े व्यक्तियों के प्रवेश, धार्मिक प्रार्थना और किसी भी प्रकार के आयोजन पर पूर्ण रोक रहेगी। विशेष बात यह रही कि सूचना बोर्ड पर लिखे संदेश को खुद आयकर आयुक्त निशा उरांव ने ब्रश उठाकर लिखना शुरू किया और ग्रामसभा के इस फैसले को सार्वजनिक रूप से अपना समर्थन दिया।

#### पूरे प्रदेश में चलाई जाएगी मुहिमः निशा उरांव

इस अवसर पर आयकर आयुक्त निशा उरांव ने कहा कि धर्मांतरण को लेकर हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आदिवासियों के पक्ष में फैसले आए हैं। झारखंड में पहली बार इस तरह का बोर्ड लगाकर धर्म प्रचारकों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और यह मुहिम अब पूरे प्रदेश में चलाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के केंद्रीय अध्यक्ष बिरसा उरांव व अन्य वक्ताओं ने धर्म प्रचारकों के विरुद्ध 'उलगुलान' का आह्वान करते हुए सरना समुदाय से एकजुट रहने की अपील की।

#### सांस्कृतिक पहचान व अधिकारों का संरक्षणः ग्राम प्रधान

हाटी गांव के ग्राम प्रधान सह पहान विद्यासागर पहान ने कहा कि ग्रामसभा गांव की सर्वोच्च संस्था है। हमारे पूर्वजों की परंपरा, जनजातीय संस्कृति, देवी-देवताओं में आस्था और सामाजिक व्यवस्था की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय किसी धर्म या समुदाय के विरोध में नहीं है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक पहचान और ग्रामसभा के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से लिया गया है।

### सरना-सनातन एकता तोड़ने की साजिश सफल नहीं होने देंगे : भीमनाथ शाहदेव

**भंडरा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला सह मंत्री भीमनाथ शाहदेव ने इस सामाजिक घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदियों से चली आ रही सरना-सनातन एकता को तोड़ने की बड़ी साजिश रची जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरना और सनातन दोनों मूल रूप से प्रकृति पूजक हैं और दोनों के सिद्धांत एक समान हैं। शाहदेव ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व और विदेशी ताकतें 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर काम करके सरना-सनातन समाज को आपस में बांटने का प्रयास कर रही हैं। देश विरोधी ताकतों के इन नापाक मंसूबों का सरना-सनातन समाज एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देगा।

# कांग्रेस हमारा घर है, हम सब इसके सैनिक हैं और यही पार्टी सबका भला कर सकती है : धीरज साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में पंचायत कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मणिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी, अभिलाष साहू, निरंजन पासवान, भीम कुमार, महेश सिंह, दयामनी बारला, कामेश्वर यादव, अमित बरुवा, असगर खान सहित प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तर के कई कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित सभी अतिथियों का बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत के साथ हुई। स्वागत के बाद उपस्थित नेताओं ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा, "कांग्रेस हमारा घर है, हम सब कांग्रेस के सैनिक हैं और कांग्रेस ही सबका भला कर सकती है।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। पंचायत स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही मजबूती से जनता की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए संघर्ष कर सकेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को सुनने तथा कांग्रेस की नीतियों और जनहितकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, पंचायत कांग्रेस कमेटियों को सक्रिय बनाने, बूथ प्रबंधन तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

### पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने विक्टोरिया बड़ा तालाब में लिया बोटिंग का आनंद



**लोहरदगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा शहर स्थित विक्टोरिया बड़ा तालाब पहुंचकर बोटिंग का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने तालाब की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन किया और इसके संरक्षण व पर्यटन विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके आगमन को लेकर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बोटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि विक्टोरिया बड़ा तालाब लोहरदगा की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर है। यदि इसका समुचित विकास किया जाए तो यह जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्यटन स्थलों के विकास से न केवल जिले की पहचान मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता, सुरक्षा और बेहतर रखरखाव आवश्यक है। तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण, मनोरंजन की सुविधाओं और पर्यटकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित किए जाने से यहां आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक संपत्तियों और प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा एवं स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, हाजी जब्बारुल अंसारी, नगर परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर, इंतियाज़ अंसारी सहित कई गणमान्य लोग एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने तालाब के विकास और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा जिले के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

**लापरवाही** अव्यावहारिक टाइमिंग और जाम से बढ़ीं दुर्घटनाएं, हिंडाल्को से हर्जाने व बाईपास की मांग को लेकर अड़े ट्रक मालिक

# अव्यावहारिक समय सीमा से बढ़ रहे हादसे : एसोसिएशन

- लोहरदगा-गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन ने डीसी और पूर्व सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा-गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त संदीप कुमार मेना और डीएमओ कार्यालय में खान निरीक्षक से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने साफ तौर पर कहा कि दुर्घटना किसी से भी हो सकती है, लेकिन लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान न होने तक हिंडाल्को हेसल प्लांट के लिए परिवहन को पूरी तरह ठप कर दिया गया है। सौंपे गए ज्ञापन में एसोसिएशन ने लोहरदगा डीएमओ द्वारा लागू की गई समय सीमा पर कड़ा विरोध जताया है। वर्तमान नियम के तहत पाखर से आने वाले ट्रकों को आधे घंटे में और नेतरहाट पठार (अमतीपानी, कुजाम, चिरोडीह माइंस) से आने वाले वाहनों को 4 घंटे के भीतर खाली करने का नियम है। एसोसिएशन का कहना है कि घाटी, बाजार, हाट-मेले, धार्मिक त्योहार, साइकिल रेस और वीआईपी मूवमेंट के कारण लगने वाले जाम के बीच यह समय बेहद कम है। रास्ते में दो फॉरेस्ट नाका पार करने में ही आधे से एक घंटे का समय लग जाता है। इस कड़े नियम और कार्रवाई के डर से चालक मानसिक दबाव में रहते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। ट्रक मालिकों ने हिंडाल्को कंपनी की कार्यशैली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। हेसल प्लांट में जगह की कमी के कारण ट्रकों को मुख्य सड़क पर तीन-तीन दिनों तक खड़ा रहना पड़ता है, जिससे चालक और खलासी भूखे-प्यासे रहने को मजबूर हैं। इससे आम जनता और राहगीरों को भी भारी जाम से जूझना पड़ रहा है। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए एसोसिएशन ने हेसल में खाली करने वाले सभी माइंसों के ट्रकों का परिचालन पूरी तरह बंद कर दिया है। मांग की गई है कि हिंडाल्को पहले पार्किंग की समुचित व्यवस्था करे, साथ ही समझौते के अनुरूप ट्रिप न मिलने पर ट्रक मालिकों को हर्जाना (डीटेंशन चार्ज) दे। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए लोहरदगा शहर में बाईपास सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। इसके अलावा, सेन्हा और शंख नदी की तरफ नो-एंट्री खत्म होने के बाद एक साथ गाड़ियां छोड़ने से लगने वाले महाजाम से निजात दिलाने की अपील की गई। सुझाव दिया गया कि नो-एंट्री खुलने के बाद प्रति घंटे 10 से 20 गाड़ियों को धीरे-धीरे छोड़ा जाए ताकि अव्यवस्था न फैले। ज्ञापन में यह मुद्दा भी उठाया गया कि बिना किसी स्पष्ट नियम या लिखित आदेश के दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र में 15 वर्ष से पुराने व्यावसायिक वाहनों का रोड परमिट रोका जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुंद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह और उपाध्यक्ष इम्तियाज उर्फ बबलू सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### पोल पर चढ़ने के दौरान बड़ा हादसा, पोल टूटने से मानव दिवस कर्मी गंभीर रूप से घायल

**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के टीको नदी स्थित पावर ग्रिड के समीप एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में मानव दिवस कर्मी कुडू धोबी टोला निवासी आदित्य बैठा 42 वर्ष, पिता झलकु बैठा, गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लावागाई क्षेत्र में बिजली लाइन का इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसे बदलने और पुनः लगाने के लिए आदित्य बैठा बिजली पोल पर चढ़कर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पोल टूट गया, जिससे वे ऊंचाई से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में आदित्य बैठा का एक पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में टूट गया, वहीं हाथ की कलाई में भी गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं सहकर्मियों की मदद से उन्हें तत्काल उपचार के लिए नामकुम स्थित ईएसआई अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि फोर लेन सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन के कारण पूर्व में पोल में दरार आ गई होगी, जिसके चलते वह भार सहन नहीं कर सका और टूट गया। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर घायल कर्मी को उचित सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### रेलवे ट्रैक पर नाबालिग का शव मिलने से सनसनी, पुलिस ने परिजनों को सौंपा शव

**लोहरदगा।** लोहरदगा-रांची रेलखंड पर इरगांव के समीप रेलवे ट्रैक से एक नाबालिग किशोरी का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सदर थाना क्षेत्र के भक्सो टंगरा टोली निवासी लक्ष्मी उरांव पिता राधा कृष्ण उरांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। रेलवे ट्रैक के किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। शुक्रवार को सदर थाना के एएसआई अमरनाथ पांडेय ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किशोरी की मौत हादसे में हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मौके पर झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष शमसुल अंसारी, सुरेश उरांव, बरतु उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है, राजनीति का विषय नहीं : चंदन



**लोहरदगा।** हिंदू नेता चंदन गोयल ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर बिना किसी अंतिम जांच रिपोर्ट के राजनीतिक बयानबाजी करना उचित नहीं है। यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की शिकायत है तो उसकी जांच कानून के अनुसार एस आई टी कर रही है ,लेकिन बिना प्रमाण पूरे मंदिर प्रबंधन या उससे जुड़े लोगों पर सवाल उठाना करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने कहा कि सांसद सुखदेव भगत का बयान तथ्यों के बजाय राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित प्रतीत होता है। यदि उनके पास कोई ठोस साक्ष्य हैं तो उन्हें संबंधित जांच एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। चंदन गोयल ने कहा कि कानून अपना कार्य स्वतंत्र रूप से करे और जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। वहीं, जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी को दोषी ठहराना न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि धार्मिक आस्था के विषयों पर संयमित भाषा का प्रयोग करें और ऐसे मुद्दों को अनावश्यक राजनीतिक विवाद का माध्यम न बनाएं।

### मानसून की सुस्ती, देरी से बारिश के बीच शुरू हुई धान का बिचड़ा बोने की तैयारी



**लोहरदगा।** जिले में इस वर्ष मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सामान्यतः 15 जून तक अच्छी बारिश की उम्मीद में खेती की तैयारी शुरू करने वाले किसान इस बार जुलाई में धान का बिचड़ा (नर्सरी) लगाने को मजबूर हुए हैं। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है और किसानों के सामने फसल के नुकसान की आशंका बनी हुई है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अब तक काफी कम बारिश हुई है। अच्छी वर्षा की उम्मीद में तैयार बैठे किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। बारिश में लगातार हो रही देरी के कारण धान की खेती पिछड़ रही है, जबकि बिचड़ा तैयार करने के बाद भी किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि यदि जल्द पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। जिला कृषि विभाग के अनुसार जून माह में सामान्य वर्षा की तुलना में केवल 55 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई है। इसके बावजूद किसान धान की खेती के साथ-साथ मक्का और मूंगफली जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती भी शुरू कर चुके हैं। जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने बताया कि विभाग लगातार किसानों के बीच जागरूकता अभियान चला रहा है और बदलते मौसम के अनुरूप खेती के लिए आवश्यक सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए कृषि विभाग पूरी तरह तैयार है तथा किसानों को हर संभव तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। फिलहाल लोहरदगा के किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। समय पर अच्छी बारिश होने पर ही खरीफ सीजन की फसल बेहतर होने की उम्मीद है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में मानसून कितना मेहरबान होता है और किसानों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है।

### जिला स्तरीय दो दिवसीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ

- चुन्नीलाल उच्च विद्यालय और राजकीयकृत मध्य विद्यालय बने चैंपियन
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रखंडों की विजेता टीमों ने लिया भाग, आज सब जूनियर वर्ग के मुकाबले होंगे

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में शुक्रवार को डायट परिसर, चिरी स्थित खेल मैदान में जिला स्तरीय दो दिवसीय 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक क्षमता के विकास का भी सशक्त माध्यम है। खेल अनुशासन, टीम भावना और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना सिखाता है। आज खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना सकते हैं। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा ने राजकीय बुनियादी विद्यालय, सेन्हा को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-15 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लोहरदगा ने राजकीयकृत प्लस टू डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय, कैरो को 4-3 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# गुमला के युवाओं के सपनों को लगी उड़ान, कल्याण गुरुकुल के प्रशिक्षुओं को दुबई व हैदराबाद में मिला रोजगार

● उपायुक्त ने नियुक्ति पत्र वितरित कर हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित कल्याण गुरुकुल, गुमला के प्रशिक्षित युवाओं के लिए शनिवार का दिन नई उम्मीद और नई शुरुआत लेकर आया। बैच संख्या-101 एवं 103 के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित फ्लैग ऑफ सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें उनके नए कार्यस्थलों के लिए रवाना किया।

समारोह में उपायुक्त दिलेश्वर महतो, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मान तथा जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर बताया गया कि टाइल्स टेक्नीशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं का चयन संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में रोजगार के लिए हुआ है, जबकि शटरिंग कारपेंटर ट्रेड के प्रशिक्षुओं को हैदराबाद के प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नियुक्ति मिली है। कौशल विकास के माध्यम से जिले के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मिलना गुमला के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।



उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने कार्यस्थल पर अनुशासन, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति का परिचय दें। उन्होंने कहा कि युवाओं का बेहतर प्रदर्शन न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा, बल्कि झारखंड और गुमला जिले की पहचान भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी पहल है।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मान ने युवाओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा सुरक्षित एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति अपनाने की अपील की।

जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि कल्याण गुरुकुल में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अधिक से अधिक युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें उनके नए कार्यस्थलों के लिए रवाना किया। समारोह में कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर, रिटेंशन सेवक अवधेश पांडेय, सोर्सिंग असिस्टेंट मैनेजर धनंजय, वार्ड सदस्य पार्वती, संस्थान के प्रशिक्षक, कर्मचारी, चयनित अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई



**चैनपुर (गुमला)।** अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग ने चैनपुर थाना क्षेत्र के छिनपतरा बस्ती टोली में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने अवैध चुलाई शराब एवं जावा महुआ बरामद किया तथा दो लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्पाद चलंत दल के प्रभारी अवर निरीक्षक विकास कुमार निराला के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। उनके साथ सशस्त्र गृह रक्षक के जवान भी मौजूद थे। छापेमारी के दौरान टीम ने 13 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 30 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया। बाद में उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोनों से जुर्माना वसूलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### भरनो लैंप्स लिमिटेड में 50 प्रतिशत अनुदान पर हाइब्रिड धान बीज वितरण शुरू

**भरनो (गुमला)।** भरनो मुख्यालय स्थित स्कूल चौक के समीप भरनो लैंप्स लिमिटेड में शुक्रवार को प्रखंड के किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर हाइब्रिड धान बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को डीआरआरएच-2 किस्म के नंबर-1 एवं नंबर-2 हाइब्रिड धान बीज 160 रुपये प्रति पैकेट की दर से उपलब्ध कराया गया। प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने किसानों के बीच बीज वितरित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज के उपयोग से बेहतर उत्पादन संभव है। उन्होंने किसानों से समय पर बीज लेकर खेती की तैयारी पूरी करने तथा सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों को इन योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर लैंप्स सचिव देवराज सिंह, पीके सिंह, नागेश्वर महतो, फूलचंद बड़ाइक, फूलवंती केरकेट्टा, पूनम देवी, सोनिका कुमारी, बिरसा उरांव, बुद्धू उरांव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### सिसई लैम्पस में 50 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत धान बीज वितरण शुरू

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिसई लैम्पस में शुक्रवार से किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधि जाकिर अली ने फीता काटकर किया। लैम्पस अध्यक्ष महादेव उरांव ने बताया कि इस वर्ष किसानों को एनएसी (बायोसीड) कंपनी का उन्नत धान बीज अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उच्च उत्पादकता वाला बीज है, जिससे किसानों को बेहतर पैदावार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीज प्राप्त करने के लिए किसानों को आधार कार्ड की छायाप्रति तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना होगा। प्रत्येक किसान को एक आधार कार्ड पर अधिकतम 10 किलोग्राम बीज दिया जाएगा। जनप्रतिनिधि जाकिर अली ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज से उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। वहीं पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस महासचिव गंगा उरांव ने धान बीज वितरण में हुई देरी पर नाराजगी जताई। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, गंगा उरांव, सीताराम सिंह, बसंत जायसवाल, लैम्पस सचिव बंधन उरांव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

### बस किराया मनमानी पर प्रशासन सख्त तय दर से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**गुमला।** यात्रियों से मनमाना किराया वसूले जाने और शहर में बसों के अव्यवस्थित परिचालन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बस एसोसिएशन, बस मालिकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने पर संबंधित बस मालिक, संचालक एवं एजेंटों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर विशेष रूप से गुमला-रांची मार्ग के किराए की समीक्षा की गई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से संशोधित अधिकतम किराया निर्धारित किया गया। इसके तहत गुमला से रांची 180, सिमडेगा 140, लोहरदगा 90, डुमरी 120 तथा जशपुर 120 अधिकतम किराया तय किया गया। अन्य मार्गों की संशोधित किराया सूची को भी स्वीकृति दी गई। एसडीओ ने निर्देश दिया कि प्रत्येक बस, बस स्टैंड और टिकट काउंटर पर स्वीकृत किराया सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए। नगर परिषद को भी सार्वजनिक स्थानों पर रेट चार्ट लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में शहर को जाममुक्त बनाने के लिए बसों के निर्धारित स्टॉपेज का ही उपयोग करने का निर्णय लिया गया। इसके अनुसार बसें केवल सिसई रोड स्थित भट्टी तालाब, पालकोट रोड स्थित एसबीआई के समीप, लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार ढलान तथा जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के पास ही रुकेंगी। अन्य स्थानों पर सवारी चढ़ाने या उतारने पर कार्रवाई होगी। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, थाना प्रभारी, जिला परिवहन विभाग के अधिकारी तथा बस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के स्वास्थ्य से नहीं होगा कोई समझौता

**गुमला।** खिलाड़ियों को सुरक्षित, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। उपायुक्त के निर्देश तथा झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची के आदेश के आलोक में संचालित इस अभियान के तहत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों की रसोई, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं खाद्य सामग्री के भंडारण की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय स्थित आवासीय बालक फुटबॉल एवं हॉकी प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर स्टेडियम स्थित आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र तथा उर्सुलाइन उच्च विद्यालय स्थित आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने रसोईघर की साफ-सफाई, भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, पेयजल, भोजन वितरण प्रणाली तथा अभिलेखों की जांच की। साथ ही संबंधित कर्मियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर तथा तंबाकू निषेध पदाधिकारी वंदना स्मिता होरो ने किया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने कहा कि खिलाड़ी जिले और राज्य की अमूल्य धरोहर हैं। उनके बेहतर स्वास्थ्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पौष्टिक एवं सुरक्षित भोजन अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण दल ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रियंका की मौत मामले में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने परिजनों से की मुलाकात

**गुमला।** भरनो प्रखंड के बूढ़ीपाठ तेतरटोली गांव निवासी 15 वर्षीय प्रियंका कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले में शुक्रवार को पूर्व सांसद सुदर्शन भगत पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि प्रियंका कुमारी भरनो स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी। बीते बुधवार तड़के छात्रावास में उसका शव फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक के साथ-साथ मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी तेज हो गई है। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत के साथ भरनो प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने छात्रा के पिता चैतू उरांव, माता बिरसी उरांव, बड़े भाई विश्वकर्मा उरांव, बहन सोनारूपी कुमारी, प्रीति कुमारी तथा अन्य परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, पतितपावन शाही, संतोष कुमार पांडा, हरिशंकर शाही, विशेश्वर उरांव, कलेन्द्र गोप, मांगे उरांव, जुब्बी उरांव, शिवचरण उरांव, विश्वकर्मा उरांव, निरंजन गोप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांप को बचाने के प्रयास में पलटा ऑटो, 13 वर्षीय भांजे की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के घोड़ाटांगर के समीप शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब सड़क पर अचानक आए सांप को बचाने के प्रयास में ऑटो चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे से शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार, बिहार के गया जिले के गाफा खुर्द निवासी विकास सिंह अपनी पत्नी एवं 13 वर्षीय पुत्र आयुष सिंह के साथ इचा गांव निवासी आदित्य कुमार सिंह के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

## डुमरी में विकास की नई शुरुआत, सिंचाई परियोजना का शिलान्यास व विद्यालय भवनों का लोकार्पण

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आकांक्षी प्रखंड डुमरी में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, गुमला एवं एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद के तहत कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस दौरान खेतली पंचायत के लवाबार गांव में जल उत्थान पाइपलाइन सिंचाई योजना का विधिवत शिलान्यास किया गया, जबकि सिरमी एवं आदिम जनजाति बहुल ओखरगढ़ा गांव में जीर्णोद्धारित और नव-निर्मित विद्यालय भवनों को शिक्षा विभाग को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

लवाबार गांव में शुरू की गई जल उत्थान पाइपलाइन सिंचाई योजना से लगभग छह गांवों के किसानों को वर्षभर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसान एक फसल के बजाय बहुफसली खेती कर सकेंगे, कृषि उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। ग्रामीणों का मानना है कि यह योजना क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती देगी।

शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिरमी एवं ओखरगढ़ा में नए एवं जीर्णोद्धारित विद्यालय भवन विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएंगे। वहीं औरापाट गांव में डिजिटल विद्यालय की स्थापना कर स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

एसयूडी लाइफ फाउंडेशन ने स्थानीय समुदाय के सहयोग से अगले पांच वर्षों तक डुमरी प्रखंड में शिक्षा, कृषि, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। संस्था ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास को गति देने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर एसयूडी लाइफ फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी राकेश कुमार, सहायक उपाध्यक्ष विजय पगारे, प्रबंधक शंबूक संकल्पना, उदय, अंशु कुमारी, स्थानीय मुखिया संजय उरांव, जवाहर कवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसआई आदित्य कुमार ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल



नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस का मानवीय और संवेदनशील चेहरा देखने को मिला। थाना क्षेत्र के आदर नीमा ढलान के समीप गुरुवार की रात करीब 10 बजे हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को घाघरा थाना के एसआई आदित्य कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सरकारी वाहन से तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उनकी त्वरित कार्रवाई के कारण घायल को समय पर उपचार मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलगी भूड़ियाटोली निवासी मंगलेश्वर उरांव स्कूटी से अपने गांव से घाघरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान आदर नीमा ढलान के समीप उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क किनारे गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही एसआई आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसआई आदित्य कुमार की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों ने सराहना की। लोगों ने कहा कि यदि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो घायल की स्थिति और गंभीर हो सकती थी। एसआई आदित्य कुमार ने कहा कि पुलिस का पहला दायित्व लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि घायल की गंभीर हालत को देखते हुए बिना किसी औपचारिकता में समय गंवाए उसे अस्पताल पहुंचाया गया, ताकि समय पर बेहतर उपचार मिल सके।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के दौरे की तैयारियां तेज

● जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर (गुमला)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के प्रस्तावित चैनपुर दौरे को लेकर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने की।

बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी तथा कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बीडीओ ने बताया कि आयोग की सदस्य आशा लकड़ा 4 जुलाई को चैनपुर प्रखंड के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान दोपहर 12 बजे नयमन कुजूर पुस्तकालय भवन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय सहित आम नागरिक अपनी समस्याएं एवं सुझाव आयोग के समक्ष रख सकेंगे।

उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं जनसेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं कृषि एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन तैयार रखने को कहा गया। बैठक में प्रमुख, उपप्रमुख, अंचल अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, सांसद प्रतिनिधि तथा जेएसएलपीएस के प्रखंड समन्वयक सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

### स्कूलों में हर शुक्रवार चलेगा पुलिस का जागरूकता अभियान

**चैनपुर (गुमला)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चैनपुर अनुमंडल के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को लूथरन उच्च विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कातिंग क्षेत्र के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत लूथरन उच्च विद्यालय से हुई, जहां अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) श्रुति ने छात्राओं को मानव तस्करी, पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच तथा साइबर एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने छात्रों को कानून की बुनियादी जानकारी और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।

### सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता: अंडर-17 बालक वर्ग में संत पात्रिक उच्च विद्यालय बना जिला चैंपियन

**गुमला।** जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 के अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लस टू उच्च विद्यालय, भरनो को 1-0 से हराकर जिला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ टीम ने प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन संत पात्रिक उच्च विद्यालय की टीम ने निर्णायक गोल कर मैच अपने नाम कर लिया। जीत के बाद खिलाड़ियों, शिक्षकों और समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला संत पियूष उच्च विद्यालय, रामपुर (कामडारा) और संत पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला के बीच खेला गया। प्रतियोगिता के तीसरे एवं अंतिम दिन अंडर-15 बालक वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिले के सभी 12 प्रखंडों की विजेता टीमें भाग लेंगी।

## गुमला का आम्रपाली आम पहुंचा अंतरराष्ट्रीय बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर आया। गुमला में उत्पादित आम्रपाली आम पहली बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचा है। जिला प्रशासन, जेएसएलपीएस एवं कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के संयुक्त प्रयास से जिले के कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) द्वारा उत्पादित एक मीट्रिक टन आम्रपाली आम का निर्यात संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) के लिए किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त दिलेश्वर महतो, उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता राजीव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर आम की खेप रवाना की।

इस निर्यात अभियान में गुमला रायडीह एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा एमवीएम बघिमा पालकोट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों एफपीओ द्वारा उत्पादित आम्रपाली आम का निर्यात फेयर एक्सपोर्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया गया। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा की बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जनजातीय महिला किसान आम की बागवानी कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। स्थानीय कृषि उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने किसानों एवं एफपीओ को एपीडा की योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं निर्यात की संभावनाओं का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एपीडा की सहायक महाप्रबंधक अंजलि नेहा लकड़ा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जारिका, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, संबंधित एफपीओ के प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित थे।

## जारी में उद्यानिकी को मिलेगा नया विस्तार, रुद्रपुर व सीसी करमटोली में किसानों को आधुनिक बागवानी का प्रशिक्षण

● पपीता क्लस्टर विकसित करने की कवायद शुरू, मिर्च क्लस्टर का भी किया गया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले के परमवीर अल्बर्ट एक्का (जारी) प्रखंड में किसानों की आय बढ़ाने और उद्यानिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यान विकास योजना के तहत शुक्रवार को गोविंदपुर पंचायत के रुद्रपुर एवं सीसी करमटोली पंचायत में आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक बागवानी, वैज्ञानिक खेती, फसल विविधीकरण तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्र में पपीता क्लस्टर विकसित करने की दिशा में पहल शुरू की गई।

रुद्रपुर में आयोजित आमसभा की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने की। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी डॉ. तमन्ना प्रवीण एवं उद्यान तकनीकी विशेषज्ञ दीपक कुमार ने किसानों को फल एवं सब्जी आधारित खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों, विभागीय योजनाओं तथा आय बढ़ाने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी को अपनाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया।

बैठक के बाद अधिकारियों ने रुद्रपुर स्थित मिर्च क्लस्टर का निरीक्षण किया। यहां 11 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 किसान व्यावसायिक स्तर पर मिर्च की खेती कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान फसल की स्थिति का जायजा लिया गया तथा किसानों को वैज्ञानिक फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण, पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग और उत्पादन बढ़ाने से संबंधित तकनीकी सुझाव दिए गए।

इसके बाद अधिकारियों ने सीसी करमटोली पंचायत में प्रस्तावित पपीता क्लस्टर के लिए संभावित स्थल का निरीक्षण किया। पंचायत भवन में आयोजित आमसभा में किसानों को पपीता की व्यावसायिक खेती, क्लस्टर आधारित बागवानी, आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि क्लस्टर आधारित खेती से किसानों को उत्पादन, विपणन और बेहतर आय के अवसर मिलेंगे।

कार्यक्रम में डब्ल्यूओटीआर संस्था के कृषि विशेषज्ञ कृष्ण महतो, एनआरएम विशेषज्ञ अभिषेक वत्स, टीम लीडर विकास जोसफ, विजय नौरंगी, बलवंत सिंह सहित संस्था के अन्य कर्मी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। वहीं सीताराम सिंह, बिपिन सिंह, शिवानंद मुंडा, अर्जुन मिंज, पंकज कुजुर, सत्यम सिंह, सतनारायण सिंह, रामकिशोर सिंह, सतीश सिंह और बृजेश सिंह सहित अनेक किसानों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उद्यान विभाग ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में उद्यानिकी को बढ़ावा देना, किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है।

दूसरे जत्थे सहित 8,687 श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा में पवित्र गुफा की ओर रवाना

# बम बम भोले के जयघोष संग अमरनाथ यात्रा का शुभारंभ

**एजेंसी। जम्मू**

वार्षिक श्री अमरनाथ तीर्थयात्रा का आज शुभारंभ हो गया। श्रद्धालुओं के पहले जत्थे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) के बेस कैंप से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए जबकि 3,865 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू से कश्मीर के लिए निकला। अधिकारियों ने बताया कि रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट दोनों से यात्रा तड़के शुरू हुई।उन्होंने बताया कि पुरुषों, महिलाओं और साधुओं सहित श्रद्धालुओं ने दोनों बेस कैंपों से संबंधित जिला उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के हरी झंडी दिखाए जाने के बाद "बम बम भोले" के जयकारों के साथ 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की ओर अपनी यात्रा शुरू की। इस बीच, श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुरक्षा घेरे में दो काफिलों में रवाना हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालटाल रूट के लिए 1,735 श्रद्धालु सुबह 3:13 बजे रवाना हुए जबकि पहलगाम रूट की ओर जाने वाले 2,130 श्रद्धालु सुबह 3:38 बजे निकले जिससे दोनों जत्थों में कुल श्रद्धालुओं की संख्या 3,865 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस जत्थे में 2,965 पुरुष श्रद्धालु, 618 महिलाएं, 230 साधु, 48 साध्वियां और चार बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालु 201 वाहनों में यात्रा कर रहे हैं जिनमें 83 बसें, 14 मीडियम मोटर व्हीकल और 104 लाइट मोटर व्हीकल शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा, "115 वाहन बालटाल जाने वाले काफिले का हिस्सा हैं, जबकि 86 वाहन पहलगाम बेस कैंप की ओर जा रहे हैं।




## अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा के साथ हर श्रद्धालु की मदद को तैयार है सीआरपीएफ : डीआईजी सुधीर कुमार

**बालटाल।** श्री अमरनाथ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हर साल देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना सुरक्षा एजेंसियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसी को लेकर सीआरपीएफ के डीआईजी सुधीर कुमार ने यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, नई तकनीक, महिला जवानों की भूमिका और आपदा प्रबंधन को लेकर विस्तार से जानकारी दी। डीआईजी सुधीर कुमार ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि अमरनाथ यात्रा सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र रही है और सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इसे सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने0 के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर आरओपी की जिम्मेदारी सीआरपीएफ निभा रही है। इसके अलावा सभी प्रमुख बेस कैंपों की सुरक्षा भी सीआरपीएफ के जिम्मे है, जहां श्रद्धालु यात्रा शुरू करने से पहले ठहरते हैं।



## पीएम मोदी ने दी अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू होने पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अमरनाथ तीर्थयात्रा के शुभारंभ पर देश-विदेश के समस्त शिवभक्तों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन की यह पवित्र यात्रा सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने आज एक्स पर लिखा, "समस्त शिवभक्तों को पावन-पुनीत श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ की अनंत शुभकामनाएं।बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन की यह यात्रा आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भगवान अमरनाथ की महिमा का वर्णन करते हुए सुभाषितम् साझा किया



**"वाग्बुद्धिचित्तकरणैश्च तपोभिरुग्रैः शक्यं समाकलयितुं न यदीयरूपम्। तं भक्तिभावसुलभं शरणं नतानां नित्यं भजाम्यऽमरनाथमहं दयालुम्॥"**

इस सुभाषितम् का अर्थ है कि भगवान अमरनाथ का वास्तविक स्वरूप वाणी, बुद्धि, मन अथवा कठोर तपस्या के बल पर भी पूर्णतः जाना या समझा नहीं जा सकता। वे केवल निष्कपट भक्ति और समर्पण भाव रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए सहज सुलभ हैं। ऐसे करुणामय भगवान अमरनाथ की शरण में रहकर उनका नित्य स्मरण और भजन करना ही भक्त का परम सौभाग्य है।

# रक्षा बलों के लिए 52,000 करोड़ की खरीद को मंजूरी

- **भारतीय सेना के लिए 'आकाश तरंग' एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली को मंजूरी**
- **नई वायु रक्षा प्रणालियां लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन से सुरक्षा देंगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है। डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। इनमें एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग', मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली तथा जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली शामिल हैं। 'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली सेना की इन्फेंट्री टुकड़ियों को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन तथा अन्य हवाई खतरों को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगी। वहीं, भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित उच्च ऊंचाई स्यूडो सैटेलाइट प्रणाली सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह अत्याधुनिक प्रणाली लंबे समय तक ऊंचाई पर रहकर खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, संचार सेवाएं उपलब्ध कराने और दूरसंवेदी कार्यों को अंजाम देने में सक्षम होगी। इससे वायुसेना को सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी।डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



### समुद्री सुरक्षा को मिलेगी अत्याधुनिक तकनीकी मजबूती

बहु-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस नई प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों की ओर आने वाली मिसाइलों और रॉकेटों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर सकेगी। इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों के सुरक्षित बने रहने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, नई पीढ़ी के जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम होंगे। ये अधिक गति, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक क्षमता, अधिक मारक शक्ति और कम लागत के कारण भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय नौसेना के लिए बहु-प्रभावी समुद्री माइन, नौसैनिक जहाजों से संचालित मानवरहित हवाई प्रणाली तथा विद्युत प्रणोदन प्रणाली के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। बहु-प्रभावी समुद्री माइन दुश्मन के युद्धपोतों और नौसैनिक अभियानों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगी। इससे समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्नत सेंसरों से लैस नई मानवरहित हवाई प्रणाली नौसेना को समुद्र में दूर तक निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने और वास्तविक समय में जानकारी जुटाने में सहायता देगी। नई प्रणोदन प्रणाली के लिए स्थापित की जाने वाली परीक्षण सुविधा, नौसेना के भविष्य के जहाजों और प्रणालियों के परीक्षण तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## विपक्ष ने सीजेआई को लिखा पत्र एसआईआर पर रोक की मांग

**चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर का लगाया आरोप**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के 23 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों को संयुक्त पत्र लिखकर चुनावी प्रक्रिया में कथित हेरफेर पर गंभीर चिंता जताई है। विपक्ष ने मतदाता सत्यापन की मौजूदा प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि इससे लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर हो रही है।पत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन और अन्य विपक्षी दलों के 23 नेताओं के हस्ताक्षर हैं। विपक्ष का कहना है कि उन्होंने यह असाधारण कदम इसलिए उठाया है क्योंकि गणतंत्र के मूल स्तंभ गंभीर दबाव में हैं। पत्र में नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मूल अवधारणा से समझौता किया जा रहा है, जिसके कारण हालिया चुनाव परिणामों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पत्र में कहा गया, "हम सभी समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भाजपा के विरोधी हैं। हमारा मानना है कि चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर किया जा रहा है और कई मामलों में चुनाव परिणाम जनता की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित नहीं करते।"विपक्ष की सबसे बड़ी आपत्ति चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा शुरू की गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर है।

### मस्जिदों से कराई जा रही है एसआईआर की प्रक्रियाः बीवाई विजयेंद्र

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर चुनाव आयोग (ईसी) की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने के बजाय कई जगहों पर मस्जिदों से एसआईआर की प्रक्रिया संचालित कराई जा रही है।



बेंगलुरु स्थित भाजपा मुख्यालय जगन्नाथ भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "बीएलओ का एसआईआर प्रक्रिया में दुरुपयोग हो रहा है। अधिकारियों को मस्जिदों के अंदर बैठाकर एसआईआर का काम कराया जा रहा है। राज्य सरकार हिंदुओं के खिलाफ साजिश कर रही है।" सागर कस्बे में बीएलओ अपने आधिकारिक कार्यों के बजाय कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने का काम कर रहे हैं।

## ईडी ने पहली बार नीलाम किया जब्त विमान, निवेशकों को लौटाई जाएगी राशि

**एजेंसी। हैदराबाद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हैदराबाद जोनल कार्यालय ने पहली बार एक जब्त विमान की सफल नीलामी की है। ईडी ने 1 जुलाई 2026 को एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से हॉकर 800ए विमान की नीलामी कर इसे 3 करोड़ रुपये में बेच दिया। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत विशेष अदालत की अनुमति मिलने के बाद वास्तविक निवेशकों को उनकी रकम लौटाने के लिए किया जाएगा।

ईडी के अनुसार, यह विमान 7 मार्च 2025 को हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तलाशी अभियान के दौरान जब्त किया गया था। यह कार्रवाई अमरदीप कुमार, कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज पीएमएलए मामले में की गई थी। विमान जब्त किए जाने के बाद ईडी ने पीएमएलए के न्यायनिर्णायक प्राधिकरण के समक्ष मूल आवेदन दायर किया, जिसे 18 अगस्त 2025 को मंजूरी मिल गई। इसके बाद ईडी ने विमान की बिक्री की अनुमति मांगी। न्यायनिर्णायक प्राधिकरण ने 20 नवंबर 2025 को ईडी को विमान की नीलामी की अनुमति दे दी।




## संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सामने तिब्बती झंडा लिए व्यक्ति ने किया आत्मदाह

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर गुरुवार को हाथों में तिब्बती झंडा लिए एक व्यक्ति ने आत्मदाह कर लिया। न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। फिलहाल मृतक की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन आम बात है और वहां सुरक्षा का कड़ा पहरा रहता है। तिब्बत की निर्वासित सरकार के अनुसार, हाल के दशकों में तिब्बत पर चीन के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी आत्मदाह की दर्जनों घटनाएं हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने शाम करीब 6:30 बजे 911 पर आई एक कॉल पर कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को एक 52 वर्षीय व्यक्ति बुरी तरह झुलसी अवस्था में मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस विभाग ने इसपर कोई टिप्पणी नहीं की कि व्यक्ति ने खुद को आग क्यों लगाई। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है। अधिकारियों ने अभी तक मृतक की पहचान का खुलासा नहीं किया है। फेसबुक अकाउंट से लाइव-स्ट्रीम किए गए एक वीडियो में एक व्यक्ति को तिब्बती झंडा लिए हुए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सामने फर्स्ट एवेन्यू पर रुकते और फिर आग की लपटों में घिरते हुए देखा जा सकता है। वह जमीन पर गिर जाता है। इस दौरान वाहन गुजरते रहते हैं। अचानक दो लोग आग बुझाने वाले यंत्र लेकर पहुंचते हैं।



# राम मंदिर चोरी में आरोपियों की तस्वीर सामने आई

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में दान की कथित चोरी के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। जांच एजेंसियों को पहली ऐसी तस्वीर मिली है, जिसमें दोनों आरोपी अविनाश शुक्ला और अनुकल्प मिश्रा मंदिर के नकदी गिनती केंद्र के अंदर दिखाई दे रहे हैं। यह तस्वीर जांच में अहम सबूत मानी जा रही है, क्योंकि इसमें आरोपी उस कमरे के अंदर दिखाई दे रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान की गिनती की जाती थी और उसे आगे की प्रक्रिया के लिए तैयार किया जाता था। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें अविनाश शुक्ला और अनुकल्प मिश्रा भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों के नाम टीनू यादव, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रमाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने निगरानी व्यवस्था की कमियों का फायदा उठाया। जांचकर्ताओं का कहना है कि शुरुआती दौर में सीसीटीवी कंट्रोल रूम की सही तरीके से निगरानी नहीं हो रही थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी बिना पकड़े गए नकदी निकालने में सफल रहे। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों को गणना केंद्र से पैसे लेते हुए देखा गया है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्धों ने पहले कैमरों से बचने की कोशिश की, लेकिन बाद में जब उन्हें एहसास हुआ कि कोई भी निगरानी नहीं कर रहा है, तो उन्होंने खुलेआम पैसे ले जाने का काम किया। जांच में अब मंदिर के दान के प्रबंधन के लिए नियुक्त कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया भी जांच के दायरे में आ गई है। जांच के मुताबिक, उस समय राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय ने नकदी गिनने वाले कर्मचारियों की भर्ती की जिम्मेदारी ट्रस्टी अनिल मिश्रा को सौंप दी थी।



### राम मंदिर दान प्रकरण की सुप्रीम कोर्ट निगरानी में जांच हो : मनोज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राम मंदिर दान प्रकरण में एसआईटी की जांच पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी मछलियों को बचाने की कोशिश की जाएगी और छोटी मछलियों को पकड़ा जाएगा। सांसद मनोज झा ने कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की राम मंदिर दान प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग का समर्थन किया।



### राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**नई दिल्ली।** संघ ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसके दोषियों को कठोर दंड दिए जाने की मांग की है। संघ ने मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को याद दिलाया कि हिंदू समाज की स्वाभाविक अपेक्षा है कि व्यवस्था एवं संचालन की कमियां दूर की जाएं। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि राम मंदिर के दान पात्रों से जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है।



### आरोपी के दादा का दावा, घर गिराने का मिला एक हफ्ते का नोटिस

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी बनाए गए लवकुश मिश्रा के परिवार ने प्रशासन पर घर गिराने की तैयारी का आरोप लगाया है। आरोपी के दादा जगदंबा प्रसाद मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि उनके परिवार को मकान ध्वस्तीकरण का एक सप्ताह का नोटिस मिला है। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि बिना पर्याप्त अवसर दिए घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती। आईएएनएस से बातचीत में जगदंबा प्रसाद मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों ने उनसे मकान का स्वीकृत नक्शा मांगा है। उन्होंने कहा कि मकान का स्वीकृत नक्शा ठेकेदार के पास है, जो फिलहाल मौजूद नहीं है। ठेकेदार के लौटते ही नक्शा अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

## दृष्टिपात

### एनर्जी ड्रिंक' के दावों पर एफएसएसएआई सख्त, कई बेवरेज ब्रांड्स को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) ने खुद को 'एनर्जी ड्रिंक' बताने वाले कई बेवरेज ब्रांड्स को मिसब्रांडिंग और भ्रामक दावों के आरोप में नोटिस जारी किया है। एफएसएसएआई के अनुसार, इन उत्पादों की ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार में ऐसे दावे किए गए, जो खाद्य सुरक्षा एवं लेबलिंग नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। इनमें रेड बुल एनर्जी ड्रिंक, स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मॉन्स्टर एनर्जी, कैंपा गोल्ड बूस्ट, एड्रेनालाइन रश, हैल एनर्जी शामिल है। नियामक ने संबंधित कंपनियों से जवाब मांगा है और निर्देश दिया है कि वे भ्रामक दावों तथा गलत ब्रांडिंग को तुरंत सुधारें। नियामक ने इन कंपनियों की मार्केटिंग, लेबलिंग और प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताई है। नोटिस में कहा गया है कि गैर-मान्यता प्राप्त शब्दः भारत में 'एनर्जी ड्रिंक' नाम की कोई आधिकारिक खाद्य श्रेणी मौजूद नहीं है। भ्रामक दावे खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत भोजन या पेय पदार्थों पर "दिमाग और शरीर में स्फूर्ति, "फोकस बढ़ाना", "ऊर्जा स्तर को बूस्ट करना" या "आम कमजोरी दूर करना" जैसे चिकित्सीय या कार्यात्मक दावे करना प्रतिबंधित है।

### कोर्ट ले जाते समय सिया गोयल ने मीडिया को किया अभद्र इशारा, वीडियो वायरल

**पुणे।** केतन अग्रवाल हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह जांच नहीं, बल्कि मीडिया के सामने उसका आपत्तिजनक व्यवहार है। पुलिस की निगरानी में ले जाए जाने के दौरान सिया गोयल ने मीडियाकर्मियों की ओर मिडिल फिंगर दिखाई। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गुरुवार को जांच के सिलसिले में पुलिस सिया गोयल को पुणे के मार्केट यार्ड स्थित उसके घर लेकर गई थी। इस दौरान वह काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए थी और उसने अपने चेहरे को प्रिंटेड स्कार्फ से ढका हुआ था। घर से बाहर निकलते समय उसने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों की ओर देखा और कैमरों के सामने मिडिल फिंगर दिखा दी। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उसकी कड़ी आलोचना की। कई लोगों ने हत्या जैसे गंभीर मामले में आरोपी होने के बावजूद इस तरह के व्यवहार को असंवेदनशील और अनुचित बताया।



### कर्नाटक में शिकायतों के बाद घर-घर बांटे जाएंगे एसआईआर के फॉर्म

**बेंगलुरु।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गणना प्रपत्र घर-घर जाकर बांटने के बजाय दफ्तरों से दिए जाने की शिकायतों के बाद कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) वी. अंबु कुमार ने शुक्रवार को सभी उपायुक्तों को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए। केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि रामनगर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में कर्नाटक सरकार सीधे हस्तक्षेप कर रही है। उन्होंने मामले में कथित अनियमितताओं की तत्काल और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रामनगर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि इस प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं के सबूत हैं। सभी उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को जारी निर्देश में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार हर घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करें। ये प्रपत्र सरकारी दफ्तरों या किसी अन्य तय स्थान से नहीं बांटे जाने चाहिए।

### डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, ओडिशा-राजस्थान से तीन गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के सिलसिले में 30 जून को ओडिशा और राजस्थान में सात जगहों पर तलाशी अभियान चलाया और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के तहत सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने यह मामला 25 मार्च को दर्ज किया था, जहां आरोपियों ने एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 2.07 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया था। जांच से पता चला कि धोखाधड़ी से हासिल रकम को एक ट्रस्ट के नाम पर खोले गए बैंक खाते में भेजी गई थी। इस मामले में ओडिशा के बालासोर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे आरोपी को राजस्थान के नागौर से पकड़ा गया। वे पीड़ित से ली गई अवैध रकम को कई खातों के ज़रिए घुमाने (लेयरिंग) और ट्रांसफर करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले की जांच में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं।

### पाकिस्तान में 80 फीट नीचे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 40 की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से जानकारी दी कि बलूचिस्तान के शेरानी जिले के धनसार इलाके से निकलकर प्रांतीय सीमा पार कर खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान में घुसते ही पेशावर जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई। पाकिस्तान की मीडिया डॉन के अनुसार, इस भयानक घटना में 40 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री के मीडिया और राजनीतिक मामलों के सहायक, शाहिद रिंद ने सबसे पहले मरने वालों की संख्या बताई। हालांकि, बाद में केपी रेस्क्यू 1122 ने भी इसकी पुष्टि की। रिंद के बयान में कहा गया कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के निर्देश पर दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिए गए थे। शुक्रवार सुबह बयान में कहा गया, "दोनों प्रांतों के जिला प्रशासन, बचाव और दूसरे संबंधित विभाग प्रभावित लोगों को मदद दे रहे हैं। सच सामने लाने के लिए घटना की जांच की जाएगी।"

### राम मंदिर चंदा चोरी पर बोले विनय कटियार पीएम से की थी बात, दोषी अब जेल जाएंगे

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने शुक्रवार को दावा किया कि अगर चल रही जांच में गड़बड़ी साबित होती है, तो श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए दिए गए दान में कथित अनियमितताओं के मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल राव और पूर्व ट्रस्टी अनिल मिश्रा को जेल हो सकती है। कटियार का कहना है कि चंपत राय और अनिल मिश्रा जल्द ही जेल जा सकते हैं। एएनआई से बात करते हुए कटियार ने आरोप लगाया कि भक्तों द्वारा दान किए गए पैसे का गबन किया गया है और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। उनके अनुसार, मामला अब उस चरण में पहुँच गया है जहाँ कानून को अपना काम करना चाहिए और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। एएआई के अनुसार कटियार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पैसे का गबन हुआ है। मैंने इस मामले पर मोदी जी से बात की, और उन्होंने पूछा कि भविष्य में क्या होगा। मैंने उनसे कहा कि सब ठीक हो जाएगा। हो सकता है कि आने वाले दिनों में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा को जेल जाना पड़े। बीजेपी नेता ने राम जन्मभूमि आंदोलन को भी याद किया और मंदिर आंदोलन में अपनी भूमिका के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आंदोलन के दौरान कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा दिए गए बलिदानों को याद किया और सिंह के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमने उस जगह के लिए बलिदान दिया है।






# टीएमसी हेडक्वार्टर पर बागी गुट का कब्जा

- ताले-पोस्टर बदले, इनमें ममता की फोटो नहीं, एक दिन पहले पार्टी सिंबल पर दावा किया था



**एजेंसी । कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित पार्टी हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में गुट ने ताले बदल दिए और नए पोस्टर लगाए, जिनमें ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं थी। हालांकि, अंदर लगी उनकी तस्वीर और कटआउट को नहीं हटाया गया। ऋतब्रत बनर्जी ने समर्थकों-नेताओं के साथ मुख्यालय में बैठक कर खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बताया। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का काम यहीं से चलेगा। एक दिन पहले गुरुवार को उनके गुट ने चुनाव आयोग में पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न और संगठन पर दावा पेश किया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। 22 जून को हुई प्रतिनिधि बैठक में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था।

वहीं, ममता बनर्जी समर्थक गुट के वरिष्ठ नेता कुनाल घोष कार्यालय पहुंचे, लेकिन गेट पर ताला लगे होने के कारण अंदर नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग ये दावा कर रहे हैं, वे निर्दलीय चुनाव जीतकर नहीं आए थे। कार्यालय पर कब्जा राज्य प्रशासन और पुलिस की सहमति से किया गया है।

# गुजरात-मध्य प्रदेश में जैश के आठ आतंकी पकड़े गए

## गुजरात में टेररिस्ट नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे, एटीएस ने पूछताछ शुरू की

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से पकड़ा है। सभी को अलग अलग जिलों से पकड़ा गया है। इनमें से दो की उम्र 18 और 19 साल है। ये सभी गुजरात में जेईएम का एक एक्टिव नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहे थे, ताकि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया सके। एटीएस ने इनसे पूछताछ शुरू कर दी है।जैश ए मोहम्मद पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकी मसूद अजहर ने साल 2000 में बनाया था। इस पर भारत समेत कई देशों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के आरोप हैं। जैश का मुख्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में है। ये संगठन पाकिस्तान के कई इलाकों में ट्रेनिंग कैम्प और आतंकी नेटवर्क संचालित करता है। इसके मुखिया आतंकी मसूद अजहर को साल 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण के बाद बंधकों की रिहाई के बदले भारत सरकार ने उसे रिहा कर दिया था। गुजरात एटीएस ने एंटी-नेशनल साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, ये आरोपी सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर देश में "गजवा-ए-हिंद" स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। एएनआई के अनुसार, दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

### गुजरात-एमपी से गिरफ्तार 8 आतंकी



अहमद गाजीवाला | इब्राहिम हुसैन घाघा | जकारिया दुर्रानी | बिलाल मोहम्मद
मुदस्सिर गाजीवाला | मुफ्ती फौजान | मोहम्मद अब्दुल | मोहम्मद अमीन शेरा

### साजिश का खुलासा

1. गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद का सक्रिय नेटवर्क खड़ा करने की योजना
2. आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी का आरोप
3. "गजवा-ए-हिंद" की साजिश रचने का भी आरोप।

**सेना के हेडक्वार्टर पर सुसाइड अटैक:** अप्रैल 2000 में जम्मू-कश्मीर में 17 साल के जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी आफाक अहमद शाह ने भारतीय सेना की 15वीं कोर के हेडक्वार्टर के बाहर विस्फोटक से भरी कार उड़ा दी। 4 भारतीय सैनिक मारे गए।




# केरल के नेय्याट्टिनकारा में स्कूल बस नहर में पलटी, 7 बच्चे घायल

## दो के हाथ-पैर में फ्रैक्चर



**नई दिल्ली ।** केरल के नेय्याट्टिनकारा के पास कक्करविला इलाके में शुक्रवार को एक मिनी स्कूल बस सड़क किनारे नहर में पलट गई। हादसे में सात स्कूली छात्र घायल हो गए। बस में नौ छात्र, चालक और एक परिचारक समेत कुल 11 लोग सवार थे। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि सड़क के संकरे हिस्से में बस का एक टायर कीचड़ में फंस गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस सड़क से उतरकर पास की नहर में पलट गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर नेय्याट्टिनकारा के जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक, सभी घायल छात्र खतरे से बाहर हैं। अधिकांश बच्चों को मामूली चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि, दो छात्रों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुआ है और उनका इलाज जारी है।

# अली खामेनेई के 4 महीने बाद के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब



- ताबूत पर लाल झंडे ने खींचा दुनिया का ध्यान, बेटे मुजतबा खामेनेई की अनपुस्थिति भी चर्चा का विषय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का बहुचर्चित और बहुदिवसीय कार्यक्रम तेहरान में शुरू हो गया है। लगभग चार महीने पहले अमेरिकी और इजरायली संयुक्त हमलों में मारे गए खामेनेई को अब पूरे राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी जा रही है। इस अंतिम संस्कार को केवल एक धार्मिक या राष्ट्रीय आयोजन नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे पश्चिम एशिया की राजनीति, शिया पहचान और ईरान की भविष्य की दिशा से जुड़ी एक ऐतिहासिक घटना के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया भर की निगाहें इस समारोह पर टिकी हुई हैं, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच संघर्षविराम जैसी स्थिति तो बनी हुई है, लेकिन तनाव अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हम आपको याद दिला दें कि अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त सटीक हवाई हमलों में हुई थी। इन हमलों में उनके परिवार के कई सदस्य भी मारे गए थे। युद्ध और सुरक्षा परिस्थितियों के कारण उनका राजकीय अंतिम संस्कार तत्काल नहीं हो सका। ईरान ने औपचारिक रूप से 1 मार्च को उनकी मृत्यु की पुष्टि की थी, लेकिन सक्रिय युद्ध की स्थिति के कारण अंतिम संस्कार कार्यक्रम को टाल दिया गया था। अब तेहरान के ग्रैंड मोसाला में उनके ताबूत को विशेष मंच पर रखा गया है। परिसर को काले और लाल रंग के बैनरों तथा खामेनेई की विशाल तस्वीरों से सजाया गया है। उनके ताबूत पर मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह का प्रसिद्ध लाल झंडा रखा गया है, जिसने पूरे समारोह को धार्मिक और राजनीतिक प्रतीकों से भर दिया है।

# नेपाल के स्कूली छात्रों को दिया जायेगा सैन्य प्रशिक्षण

## विधेयक संसद में पंजीकृत

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल सरकार ने स्कूली छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से स्कूलों में राष्ट्रीय सेवा कोर (नेशनल सर्विस कॉर्प्स) गठन का प्रस्ताव रखते हुए संघीय संसद में एक विधेयक पंजीकृत किया है। विधेयक में प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स के लिए भोजन, आवास और बीमा की व्यवस्था का भी प्रावधान है। साथ ही, प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत सैन्य कर्मियों को तैनात किया जाएगा। नेशनल सर्विस कॉर्प्स विधेयक नामक इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य वर्तमान में लागू न रहे राष्ट्रीय सेवा कोर ऐन



को प्रतिस्थापित करना है। सरकार का कहना है कि नया कानून संवैधानिक व्यवस्था और नेपाल की संघीय संरचना के अनुरूप कानूनी ढांचे को अद्यतन करते हुए सेवा कोर को आधुनिक बनाने के लिए लाया गया है। प्रस्तुत विधेयक में कहा गया है कि इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में देशभक्ति, सार्वजनिक सेवा की भावना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

# तक्षशिला से छेड़छाड़ करने पर पाकिस्तान पर बरसा यूनेस्को

## विश्व धरोहर सूची से बाहर करने की चेतावनी दी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्राचीन भारत की गौरवशाली धरोहर तक्षशिला एक बार फिर पाकिस्तान की करतूतों की वजह से विवादों में है। इतिहास से छेड़छाड़ और सच्चाई को अपने हिसाब से ढालने की पुरानी आदत रखने वाले पाकिस्तान पर अब संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक संस्था यूनेस्को ने कड़ी आपत्ति जताई है। यूनेस्को का कहना है कि तक्षशिला स्थित मोहरा मोरादु और सिरकप जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर किए गए तथाकथित संरक्षण कार्यों ने उनकी



असली पहचान और ऐतिहासिक स्वरूप को नुकसान पहुंचाया है। संस्था ने साफ चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने यह हस्तक्षेप नहीं रोके और नुकसान की भरपाई नहीं की, तो तक्षशिला को खतरे वाली सूची में डाला जा सकता है और जरूरत पड़ने पर विश्व धरोहर सूची से बाहर भी किया जा सकता है।

# 40 साल के बाद भारतीय पीएम का न्यूजीलैंड दौरा 10 जुलाई से

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे और इस यात्रा की घोषणा खुद न्यूजीलैंड पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने की है। यह दौरा कई मायनों में बेहद खास माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पहली बार आधिकारिक तौर पर न्यूजीलैंड जा रहे हैं। जबकि करीब 40 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों देशों के रिश्तों को नई मजबूती मिलेगी और हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को आगे बढ़ाने में भी यह दौरा बड़ी भूमिका निभाएगा। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह पहली बार आधिकारिक दौरे पर न्यूजीलैंड आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश हैं। अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए हम दोनों देशों के संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। यह समझौता न्यूजीलैंड में ज्यादा रोजगार, निर्यात में बढ़ोतरी और मजबूत आर्थिक विकास का रास्ता खोलेगा। इसके जरिए हमारे सामान और सेवाओं को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। जिससे न्यूजीलैंड के लोगों की आय बढ़ेगी। नए रोजगार पैदा होंगे और मजदूरी में भी इजाफा होगा। आपको बता दें पीएम मोदी का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच सिर्फ व्यापार ही नहीं बल्कि समुद्री सुरक्षा, तकनीक, शिक्षा, पर्यटन और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। हिंद प्रशांत क्षेत्र में बदलते रणनीतिक माहौल के बीच भारत और न्यूजीलैंड की बढ़ती साझेदारी को भी इस यात्रा से नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

पीएम मोदी 10 जुलाई को ऑकलैंड पहुंचेंगे और 11 जुलाई को भारत लौटेंगे और माना जा रहा है कि यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत भी करेगी।

## दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना हो सकता है



इससे पहले, 6 मई को न्यूज़ीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने भरोसा जताया था कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच व्यापार अगले कुछ सालों में दोगुना हो सकता है, क्योंकि एक हाई-क्वालिटी (मुक्त व्यापार समझौता) पर बातचीत आगे बढ़ रही है। मैक्ले ने कहा कि प्रस्तावित समझौते से न्यूज़ीलैंड के ग्राहकों की अच्छी क्वालिटी वाले सामान और सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और साथ ही भारतीय बाज़ार तक आसान पहुंच भी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यूज़ीलैंड सरकार अगले 15 सालों में भारत में अपना निवेश बढ़ाकर 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यह दौरा क्यों अहम है :** प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को नई गति मिलने की उम्मीद है, साथ ही दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग और मज़बूत होगा। इस उच्च-स्तरीय बातचीत में निवेश बढ़ाने, व्यापार को बढ़ावा देने, कुशल पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाने और आपसी हित वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है।



## झारखंड विधानसभा में एआई और साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# तकनीक के दुरुपयोग से बढ़ रही चुनौतियां : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर द एशिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में झारखंड विधानसभा सभागार में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा और ऐ आई : वर्तमान परिदृश्य और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों आमजन को साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, एआई के बढ़ते प्रभाव, डिजिटल सुरक्षा के उपायों तथा नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने कहा कि आज एआई का उपयोग मेडिकल, शिक्षा, प्रशासन, उद्योग सहित लगभग हर क्षेत्र में हो रहा है। यह तकनीक मानव जीवन को सरल और प्रभावी बना रही है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मोबाइल और डिजिटल तकनीक से लोगों को अनेक सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध, फर्जीवाड़ा और डिजिटल धोखाधड़ी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

उन्होंने कहा कि साइबर ठगी की एक घटना किसी परिवार की वर्षों की मेहनत की कमाई को पलभर में समाप्त कर सकती है। ऐसे परिवारों की पीड़ा वही समझ सकता है, जिसने इसे झेला हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अब और अधिक प्रभावी एवं कठोर नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि साइबर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके और समाज में कानून का भय कायम हो।

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि नई पीढ़ी का जीवन मोबाइल और इंटरनेट से गहराई से जुड़ चुका है। तकनीक का सही उपयोग विकास का माध्यम है, लेकिन इसके दुष्परिणामों से बचाने के लिए स्कूल स्तर से ही साइबर सुरक्षा और एआई की शिक्षा देना आवश्यक है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि विधानसभा सत्र के दौरान सभी माननीय विधायकों के लिए भी साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि तकनीक स्वयं कभी गलत नहीं होती, उसका दुरुपयोग करने वाली मानसिकता समस्या पैदा करती है। उन्होंने कहा कि लालच और बिना मेहनत के लाभ पाने की प्रवृत्ति साइबर अपराधों को बढ़ावा देती है। लोगों को सतर्क रहने, किसी भी फर्जी ऑफर या संदिग्ध लिंक पर भरोसा नहीं करने और तकनीक का समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक से डरने की नहीं, बल्कि उसे समझकर उसका सुरक्षित उपयोग करने की जरूरत है।

» तकनीक स्वयं कभी गलत नहीं होती : सीपी सिंह

» स्कूल स्तर से साइबर शिक्षा जरूरी : नवीन जायसवाल




### फर्जी वीडियो और साइबर ठगी लोकतंत्र के लिए खतरा : महुआ माजी

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि एआई का दुरुपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। चुनाव के दौरान फर्जी वीडियो, मॉर्फ्ड तस्वीरों और भ्रामक डिजिटल सामग्री का इस्तेमाल कर जनप्रतिनिधियों की छवि प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर, ई-मेल और अन्य जानकारियां सार्वजनिक होने के कारण वे साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं। उन्होंने सरकार से साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में और मजबूत कानून एवं प्रभावी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई।

# वित्त मंत्री ने लौटाई सरकारी सुरक्षा कारकेड की गाड़ियां भी वापस कीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को वापस कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा कारकेड में शामिल तीन बोलेरो वाहन भी संबंधित विभाग को लौटा दिए हैं। फिलहाल वह बिना सुरक्षा गार्ड के ही आवागमन कर रहे हैं। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त मंत्री की सुरक्षा में 16 कमांडो और स्पेशल ब्रांच के तीन पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सुरक्षा कर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग होने वाला वाहन भी उन्होंने वित्त विभाग को वापस कर दिया है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। हालांकि, डीजीपी के अगले आदेश तक सुरक्षा कर्मी मंत्री के सरकारी आवास पर तैनात रहेंगे, लेकिन मंत्री ने उन्हें अपने साथ चलने से मना कर दिया है। ऐसे में फिलहाल वह बिना किसी सुरक्षा घेरे के ही यात्रा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 29 जून को डीजीपी तदाशा मिश्रा को लिखे गए एक पत्र से हुई। मंत्री ने पत्र में सुरक्षा कर्मियों के साथ चलने के लिए एक अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि तीन दिनों तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अपनी सुरक्षा वापस करने का निर्णय ले लिया। मंत्री के इस कदम को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, इस संबंध में सरकार या पुलिस मुख्यालय की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।-





# अरगोड़ा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो को पकड़ा



रांची। अरगोड़ा थाना पुलिस ने नशीले पद्धार्थ का धंधा करने वाले दो लोगों को गुरुवार को रात में हरमू अस्पताल के पीछे से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार परवेज आलम हरमू आजाद हिन्द भट्ठा मुहल्ला का और पवन आनंद नगर चौक का रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से ब्राउन शूगर बरामद किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे नशीले पद्धार्थ के तस्करों से चार सौ रुपये प्रति पुड़िया की दर से ब्राउन शूगर की खरीदारी करते हैं और उसे छात्र व युवा को ऊंची कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

# राज्य में कितने निवेश और रोजगार सृजित हुए बताए सरकार : रविनाथ किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रविनाथ किशोर ने 8 एवं 9 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि झारखंड में व्याप्त भय, असुरक्षा और अराजकता के माहौल में निवेश आकर्षित करने की बातें केवल दिखावा हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि अब तक आयोजित निवेशक सम्मेलनों और विदेश यात्राओं का वास्तविक परिणाम क्या रहा तथा राज्य में कितने निवेश और रोजगार सृजित हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में निवेश का आधार बेहतर कानून-व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन होता है, लेकिन झारखंड में अपराध और प्रशासनिक अव्यवस्था चिंता का विषय है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार के पास विकास की स्पष्ट नीति नहीं है और विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

### हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंड निवेश के लिए है सुरक्षित : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के प्रभारी लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता रविनाथ किशोर के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान जमीनी हकीकत से परे और राजनीतिक हताशा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंड निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद राज्य बनकर उभरा है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दे रही है तथा नई उद्योग और पर्यटन नीतियों के माध्यम से विकास को गति दी जा रही है। उन्होंने भाजपा पर राज्य की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की अपील की।

## 'वार्तालाप-2026' जमशेदपुर में पीआईबी की 'वार्तालाप-2026' कार्यशाला आयोजित

# जनकल्याणकारी योजनाओं पर मीडिया से हुआ संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रांची द्वारा शुक्रवार को जमशेदपुर में 'वार्तालाप-2026' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला का विषय "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के एवं किसान सशक्तिकरण तथा किसान सम्मान निधि" रहा। इसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 70 पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, किसान-केंद्रित पहलों तथा विकसित भारत के संकल्प से जुड़े विषयों पर मीडिया के साथ तथ्यपरक एवं सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीआईबी रांची/भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार और मीडिया के बीच सतत एवं सकारात्मक संवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने जनहितकारी योजनाओं की सही एवं प्रमाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र सिंह मुंडा ने वैज्ञानिक खेती और नई तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। पीआईबी, रांची के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर ने पत्रकार कल्याण योजनाओं की जानकारी साझा की।

## दृष्टिपात

### आदिवासी छात्र संघ का स्थापना दिवस सह महाधिवेशन 8 को



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय समिति की ओर से शुक्रवार को करमटोली स्थित आदिवासी छात्रावास के पुस्तकालय भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान बताया गया कि संघ का 26वां स्थापना दिवस सह महाधिवेशन 8 जुलाई को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा होंगे। संघ के संस्थापक सदस्यों ने बताया कि महाधिवेशन के दौरान संगठन की नई कार्ययोजना, आगामी आंदोलन की रूपरेखा तथा केंद्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय समितियों के पुनर्गठन पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2000 में स्थापित आदिवासी छात्र संघ के संस्थापक सदस्यों का इस महाधिवेशन से सीधा संबंध है और यदि कोई अन्य संस्था आदिवासी छात्र संघ के नाम से सामाजिक कार्य कर रही है, तो उससे इस संगठन का कोई संबंध नहीं है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि संगठन राज्य गठन के समय से ही सरकारी नौकरियों में 60 प्रतिशत आरक्षण, 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने, जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने, बैकलॉग रिक्तियों को भरने, सरना धर्म कोड लागू करने तथा परिसीमन के विरोध सहित विभिन्न जनजातीय मुद्दों पर लगातार आवाज उठाता रहा है। संघ ने कहा कि महाधिवेशन के बाद सरना धर्म कोड लागू कराने और परिसीमन के विरोध में राज्यव्यापी महारैली की घोषणा की जाएगी। प्रेस वार्ता में संस्थापक सदस्य डॉ. सुशील कुमार, जतरू उरांव, सतीश कुमार भगत, सतनारायण गाड़ी, सुरेश टोप्पो, अमित मुंडा, संजय महली, महावीर उरांव, सुदेश कुजूर, रोशन खलखो, संध्या कुमारी, प्यारू उरांव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जमशेदपुर की जनता ने सरकार का अहंकार तोड़ा : अमर कुमार बाउरी



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने जमशेदपुर और आदित्यपुर में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर पार्टी द्वारा आयोजित बंद को ऐतिहासिक और जनसमर्थित बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान पर हुए इस बंद को जमशेदपुर, आदित्यपुर के सभी प्रतिष्ठानों, कंपनियों, ठेला-खोमचा संचालकों सहित आम नागरिकों का व्यापक समर्थन मिला, जिससे यह पूरी तरह स्वतःस्फूर्त आंदोलन साबित हुआ। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बाउरी ने कहा कि यह बंद केवल पार्टी का विरोध नहीं, बल्कि जनता का आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि साढ़े छह वर्षों में राज्य सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बिगड़ी है और जनता ने पहली बार सरकार के "अहंकार" को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार को इस संदेश को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने जमशेदपुर की हालिया घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। आरोप लगाया कि सरकार मामले को भटकाने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी रहेगी। प्रदेश महामंत्री ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2019 के बाद से अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है और पुलिस व्यवस्था कमजोर हुई है।

# दो साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी ससम्मान दोषमुक्त

- अनुसंधानकर्ता का भी कोर्ट में बयान दर्ज नहीं
- न शिकायतकर्ता पिता और न ही पीड़ित बच्ची की गवाही

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (XX) अरविन्द कुमार नंबर-2 की अदालत ने नौ वर्षीय बच्ची के अपहरण से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के नामजद आरोपी जगदीश साहू (46 वर्ष) को साक्ष्य के अभाव में धारा 363 और 364 आईपीसी के आरोपों से पूरी तरह दोषमुक्त करते हुए जेल से अविलंब रिहा करने का आदेश जारी किया है। आरोपी पिछले दो साल से अधिक समय (2 वर्ष, 1 महीना, 11 दिन) से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था।

**क्या था पूरा मामला?**

मामला सुखदेवनगर (पंडरा ओपी) थाना कांड संख्या-XXX/2024 से संबंधित है। सूचक अनूप साहू ने 17 मई 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनकी 9 वर्षीय बेटी संध्या 4 बजे ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने आशंका जताई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बेटी का हत्या के उद्देश्य से अपहरण कर लिया है। हालांकि, उसी रात बच्ची मांडर इलाके में सकुशल मिल गई थी। पुलिस ने बाद में मांडर निवासी जगदीश साहू को आरोपी बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी।

**अभियोजन पक्ष की लापरवाही आई सामने**

मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा। इस मामले में कई गंभीर कानूनी और प्रक्रियात्मक खामियां देखी गईं। मुख्य गवाहों को नहीं किया पेशः अभियोजन पक्ष ने कोर्ट के समक्ष न तो मुख्य शिकायतकर्ता (पिता) को और न ही पीड़ित बच्ची को गवाही के लिए पेश किया। आईओ की गवाही भी नहींः मामले के मुख्य गवाह यानी अनुसंधानकर्ता का भी कोर्ट में बयान दर्ज नहीं कराया जा सका, जिससे घटना की संपुष्टि नहीं हो पाई। गवाहों के बयान में विरोधाभासः कोर्ट में केवल दो गवाहों पीड़िता की मां और मकान मालिक का परीक्षण कराया गया। जिरह के दौरान पीड़िता की मां ने खुद स्वीकार किया कि उसकी बेटी ट्यूशन से निकलने के बाद रास्ता भटक गई थी और उसे कोई उठाकर नहीं ले गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मुकदमे के बारे में कुछ नहीं जानतीं और न ही आगे केस लड़ना चाहती हैं। अदालत ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक दृष्टांत का हवाला देते हुए अपने फैसले में स्पष्ट किया कि कानून में 'शक' कभी भी ठोस साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता। अभियोजन को अपना मामला हर हाल में संदेह से परे साबित करना होता है। चूंकि इस केस में आरोपी की संलिप्तता पूरी तरह संदिग्ध पाई गई, इसलिए अदालत ने जगदीश साहू को ससम्मान बरी करने का फैसला सुनाया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता किसलय प्रसाद ने पैरवी की थी।

## पेज एक के शेष

**केंद्र परफॉर्मेंस ग्रांट...**

यह राशि हमारे ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को सशक्त बनाने, स्थानीय विकास को गति देने और सेवा वितरण में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लेकिन, अवसर के साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी हैं, जैसे पूर्व वित्त आयोगों की अप्रयुक्त राशि को लौटने का कोई प्रावधान नहीं बताया गया है और ना ही उस राशि के इस्तेमाल का कोई दिशा निर्देश दिया गया है। इस परिस्थिति में नई अनुदान राशि प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसे लेकर केंद्र पंचायती राज विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि राशि का बेहतर उपयोग पंचायत स्तर पर हो सके। अपने संबोधन में झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने पंचायत कर्मियों को पूर्व से मिली आ रही राशि को 16वें वित्त आयोग में भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे कर्मियों की वजह से ही योजनाएं धरातल पर उतर पाती हैं।

**बेटी की शादी से...**

इसी से नाराज होकर परिजनों ने यह कदम उठाया और सामाजिक रूप से बेटी से संबंध विच्छेद करने का ऐलान किया। शवयात्रा का नेतृत्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय, प्रदीप पांडेय, बैजनाथ पांडेय, सचिव लम्बोदर पांडेय, पिंटू पांडेय, सुधीर पांडेय, सत्यदेव पांडेय सहित ब्राह्मण समाज के कई लोग उपस्थित थे।

**अतिरिक्त वाहन नहीं...**

उन्होंने सुरक्षा गार्डों को हटाने के साथ उनके लिए उपलब्ध कराई गई तीन बोलेरो गाड़ियां भी लौटा दीं। इस घटनाक्रम के बाद राज्य की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सत्ता पक्ष के भीतर समन्वय और प्रशासनिक संवाद को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इस मामले में पुलिस मुख्यालय की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर इससे पहले भी विभिन्न नीतिगत मुद्दों और अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था लौटाने के उनके इस फैसले को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सबकी नजर सरकार और पुलिस मुख्यालय की अगली प्रतिक्रिया पर टिकी है।

**आठ माह के...**

हमले में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चितरंजन पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

आरोपी के फरार होने की अफवाह पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम : शुक्रवार शाम करीब चार बजे घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हैदरनगर-जपला मुख्य पथ स्थित बिंदु बिगहा मोड़ पर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि जिस आरोपी को पकड़कर उन्होंने पुलिस के हवाले किया था, वह पुलिस हिरासत से फरार हो गया है। इसी आशंका को लेकर लोगों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को वीडियो कॉल के माध्यम से आरोपी को दिखाकर स्पष्ट किया कि वह पुलिस हिरासत में ही है। इसके बाद ग्रामीणों की गलतफहमी दूर हुई और उन्होंने सड़क जाम समाप्त कर दिया। हुसैनाबाद के एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के लिए हुसैनाबाद लाया गया था। इसी बीच उसके फरार होने की गलत सूचना फैल गई थी। स्थिति स्पष्ट होने के बाद माहौल सामान्य हो गया। उन्होंने कहा कि आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। इस दौरान एएसआई मुकेश कुमार सिंह ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार को अपनी ओर से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उनके आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक सड़क जाम समाप्त कर दिया।

**केडिया के इंग्लैंड...**

ज्ञात हो कि रांची एसीबी की अदालत ने नवीन केडिया को इंग्लैंड जाने की अनुमति नहीं दी थी। एसीबी कोर्ट ने इंग्लैंड जाने की उनकी अनुमति मांगे जाने से संबंधित याचिका खारिज कर दी थी। इसे नवीन केडिया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। नवीन केडिया ने एसीबी की विशेष अदालत में लंदन में अपने बेटे के ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने, हेल्थ चेकअप कराने सहित कई बातों का जिक्र किया था। हाईकोर्ट से नवीन केडिया को जमानत मिली थी, जिसके बाद वे जेल से बाहर हैं। जमानत की शर्त के अनुसार, उन्होंने अपना पासपोर्ट एसीबी कोर्ट में जमा करा दिया है। इसे विदेश यात्रा के लिए देने का वापस लौटने का आग्रह नवीन केडिया ने किया है। 11 मार्च 2026 को एसीबी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। वे छत्तीसगढ़ के दुर्ग के निवासी हैं। झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप नवीन केडिया पर है। मामले में एसीबी आईएएस विनय चौबे सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से अधिसंख्य लोगों को अब जमानत मिल चुकी है।

**खिलौना पिस्टल के...**


इसके बाद मारपीट कर उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 21/2026 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सबसे पहले चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। चंदन कुमार से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने अक्षय कुमार रजक और अंकुर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर से बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त खिलौना पिस्टल, चार मोबाइल फोन, लूटी गई बाइक का नंबर प्लेट, दोनों लुकिंग ग्लास, एक प्लास, एक स्क्रूड्राइवर तथा दो रिंच भी जब्त किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाघी गांव स्थित धोबी टोला के निवासी हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

**सीए फाउंडेशन में...**

चंद्रपुर के अयान अब्बास अजानी ने 367 अंकों के साथ द्वितीय और पुणे के राधा उन्मेष मुलाय ने 365 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन, उपाध्यक्ष सीए विवेक खोवाल, सचिव सीए दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष सीए हरेंदर भारती और कार्यकारिणी सदस्य सीए अभिषेक केडिया, सीए भुवनेश ठाकुर एवं सीए निशांत मोदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है और यह रांची शाखा के लिए भी गर्व का विषय है। सीए फाउंडेशन के सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए प्रसन्ना कुमार डी ने कहा कि यह सफलता आपके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की गौरवपूर्ण यात्रा का प्रथम महत्वपूर्ण पड़ाव है।

# रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल वर्ल्ड कप के अंतिम-16 में

## आखिरी मिनट में क्रोएशिया का गोल रद्द, नाराज फैंस ने मैदान पर बोतलें फेंकी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शुक्रवार को क्रोएशिया को 2-1 से हराया। अब पुर्तगाल का मुकाबला 2010 की चैंपियन स्पेन से 7 जुलाई को होगा। स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया। टीम ने 2010 के बाद पहली बार नॉकआउट मैच जीता है। एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को हराकर लगातार चौथी बार टॉप-16 में जगह बनाई।

टोरेंटो स्टेडियम में इवान पेरिशिच ने हाफ टाइम के बाद गोल कर क्रोएशिया को 1-0 से आगे कर दिया। 68वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल दागा। फुल टाइम तक स्कोर 1-1 रहा। इंजरी टाइम में गोंसालो रामोस ने हेडर से गोल कर पुर्तगाल की जीत लगभग पक्की कर दी। आखिरी क्षणों में क्रोएशिया ने बराबरी का गोल किया, इस फैसले से नाराज क्रोएशियाई प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकी और रेफरी के खिलाफ विरोध जताया।

## भारतीय बैडमिंटन में नया स्कोरिंग सिस्टम लागू होगा, 21 की जगह 15 अंकों का होगा गेम

### एर्नाकुलम सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट से होगी शुरुआत



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन में जुलाई 2026 से नया स्कोरिंग सिस्टम लागू हो जाएगा। इसके तहत गेम 21 की जगह 15 पॉइंट्स के होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। नए नियमों का पहला इस्तेमाल 7 से 14 जुलाई तक एर्नाकुलम के रीजनल स्पोर्ट्स सेंटर में होने वाले ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में किया जाएगा। इसके बाद यह फॉर्मेट सभी जोनल चैंपियनशिप, घरेलू रैंकिंग टूर्नामेंट और नेशनल चैंपियनशिप में लागू होगा। इसमें अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, सीनियर और मास्टर्स सभी एज ग्रुप शामिल होंगे।

वहीं, नए फॉर्मेट में मैच पहले की तरह बेस्ट ऑफ-3 गेम ही होंगे, लेकिन अब हर गेम 21 की जगह 15 अंक का होगा। 14-14 की बराबरी होने पर 2 अंकों की बढ़त जरूरी होगी। अगर स्कोर 20-20 तक पहुंचता है तो अगला अंक जीतने वाला खिलाड़ी गेम अपने नाम करेगा। यानी हर गेम की अधिकतम सीमा 21 अंक होगी।

## तीसरी रांची जिला निशानेबाजी चैंपियनशिप शुरू, 200 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टिकैत उमराव सिंह निशानेबाजी रेंज में शुक्रवार से तीसरी रांची जिला निशानेबाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्णन किशोर ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता तीन से पांच जुलाई तक चलेगी, जिसमें रांची समेत विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक निशानेबाज भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल एवं एयर पिस्टल (महिला और पुरुष वर्ग), 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल, सेंटर फायर पिस्टल तथा 50 मीटर प्रोन राइफल और थ्री पोजीशन सहित विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में झारखंड खेल प्रोत्साहन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार झा, रांची जिला निशानेबाजी संघ के अध्यक्ष विनय कुमार, झारखंड गौ आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता सहित खेल एवं प्रशासन से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्य के उभरते निशानेबाजों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। रौनक राज महतो ने 10 मीटर एयर राइफल में युवा एशियाई चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जबकि सुप्रिया कुमारी ने 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक जीतकर झारखंड का गौरव बढ़ाया। वित्त मंत्री राधाकृष्णन किशोर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निशानेबाजी में सफलता के लिए एकाग्रता और श्वास पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास इस खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजन राज्य में निशानेबाजी खेल को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के युवा निशानेबाजों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने का प्रयास करेंगे।

## ब्रिटेन दौरे पर रवाना हुई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम, सिमडेगा की निशा मिंज भी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/सिमडेगा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार देर रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रिटेन के प्रशिक्षण एवं अनुभव दौरे के लिए रवाना हो गई। यह दौरा 5 से 14 जुलाई 2026 तक चलेगा। 24 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड के सिमडेगा जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी निशा मिंज को भी स्थान मिला है।

उनके चयन से जिले में खुशी का माहौल है। निशा मिंज सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड स्थित किनकेल गांव की रहने वाली हैं। वह भारतीय जूनियर महिला टीम में अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी के रूप में खेलती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनके पिता का निधन हो चुका है। उनकी माता हाट-बाजारों से उड़द, कुरथी सहित अन्य दलहन खरीदकर उसकी दाल तैयार करती हैं और उसे बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। कठिन परिस्थितियों के बीच निशा ने अपनी लगन और संघर्ष से भारतीय टीम में जगह बनाई है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नए मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में आगामी जूनियर एशिया कप सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए इस दौरे पर सात मुकाबले खेलेगी।

दौरे की शुरुआत स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्कॉटलैंड की वरिष्ठ महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम लिलेशल राष्ट्रीय खेल केंद्र में संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के विरुद्ध मुकाबले खेलेगी। इस दौरे का उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव दिलाना और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए टीम को मजबूत तैयार करना है।

## लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में कराटे प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल, रांची में छात्राओं के लिए नियमित मार्शल आर्ट (कराटे) प्रशिक्षण का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुरू हुए इस प्रशिक्षण का संचालन विद्यालय की छुट्टी के बाद नियमित रूप से किया जाएगा। प्राचार्या सिस्टर के. क्लारा के मार्गदर्शन में शुरू कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है। राष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षक शिहान रंजीत मेहता के नेतृत्व में पहले दिन छात्राओं को कराटे की बुनियादी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में सेंसाई सुनील मेहता और सेंसाई सुमन एक्का ने भी सहयोग किया। मुख्य तकनीकी निदेशक हंसी मानस सिन्हा ने सफल शुरुआत पर टीम को बधाई दी। शिहान मेहता ने कहा कि प्रशिक्षण से छात्राएं ब्लैक बेल्ट तक की तैयारी कर सकेंगी और जिला, राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

---

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## बीएटी-बीएमएस जैसे ऐप हुए प्रतिबंधित सरकार ने दुरुपयोग पर कसा शिकंजा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



### ई-रिक्शा चालकों की परेशानी

- चलती गाड़ी अचानक बंद होने से बढ़ी मुश्किलें
- मैकेनिक ने ऐप से बैटरी दोबारा चालू कर वसूले 300 रुपए
- यात्रियों के साथ सफर के दौरान भी बार-बार बंद हुई गाड़ी

सोशल मीडिया पर ऐप के माध्यम से दूर से ही ई-रिक्शा स्विच ऑफ करने के कई वीडियो वायरल होने के बाद चीनी ऐप बीएटी-बीएमएस को मिलाकर कई ऐप जांच के दायरे में आ गए हैं। इसकी वजह सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं और ऐप के दुरुपयोग की संभावनाएं हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से बीएटी-बीएमएस समेत लॉसिगी और एपोच आई-आयन ऐप हटाने का आदेश दिया है। बीएटी-बीएमएस को चीन की शेन्जेन ग्रेनर्जी टेक्नोलॉजी ने ब्लूटूथ-आधारित लिथियम-आयन बैटरी के लिए बनाया था। ऐप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बैटरी मालिक वोल्टेज, करंट, तापमान, चार्जिंग साइकिल और बैटरी की कुल सेहत जैसे जरूरी पैरामीटर्स को रियल-टाइम में मॉनिटर कर सकें। इसके अलावा, यह ऐप यूजर्स को बैटरी के कुछ फीचर्स को मैनेज करने की सुविधा भी देता है, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा के लिए बैटरी के डिस्चार्ज फीचर्स को चालू या बंद करना शामिल है। भारत में कई ई-रिक्शा बनाने वाली कंपनियां ब्लूटूथ-आधारित बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) वाली लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल करती हैं।

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद सेंसेक्स 262 अंक उछला

**मुंबई** । वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान आईटी, रियल्टी, फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 261.79 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 77,763.91 पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी 50 95.15 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,270.85 पर पहुंच गया। दिन के सत्र में सेंसेक्स अपने पिछले बंद 77,502.12 से 0.83 प्रतिशत यानी 650.22 अंकों की शानदार बढ़त के साथ 78152.34 पर खुला और दिन के कारोबार में यह 655.40 अंकों यानी 0.84 प्रतिशत की उछाल के साथ 78,157.52 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## नई आधार ऐप सुविधा का असर, 48 घंटों में 2.5 लाख से अधिक ईमेल अपडेट

**एजेंसी । नई दिल्ली**




केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि आधार ऐप पर ईमेल आईडी निशुल्क अपडेट होने की सुविधा एक जुलाई से शुरू होने के बाद पहले दो दिनों में 2.5 से अधिक ईमेल अपडेट हुए हैं। सरकार ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निवासियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए अब लोगों को आधार ऐप के माध्यम से सीधे आधार में अपनी ईमेल आईडी जोड़ने या अपडेट करने की अनुमति दे दी है, जिससे आधार केंद्र जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। यूआईडीएआई के मुताबिक, यह सेवा केवल आधार ऐप के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध है, जो 1 जुलाई, 2026 से छह महीने की अवधि के लिए प्रभावी होगी। इससे निवासियों के लिए अपनी आधार जानकारी को अपडेट रखना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा। भौतिक रूप से आने-जाने की आवश्यकता को समाप्त करके, यह पहल डिजिटल इंडिया के अंतर्गत विकसित भारत की दिशा में लोगों के अनुकूल डिजिटल सेवा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सरकार ने कहा कि जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया नया आधार ऐप लोगों को अपने स्मार्टफोन से ही मोबाइल नंबर अपडेट और पता अपडेट सहित कई सेवाओं का आसानी से लाभ उठाने में सक्षम बना रहा है।

## तनाएरा ने हाथ से बनी साड़ियों और एथनिक परिधानों के क्युरेटेड कलेक्शन की सेल शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद** । टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने अपनी सेल शुरू करने की घोषणा की है, अब तनाएरा के उपभोक्ता हाथ से बनी साड़ियां और अन्य परिधान किफ़ायती दामों पर खरीद सकते हैं। एक जुलाई 2026 से शुरू हुई इस सेल के तहत चुनिंदा साड़ियों पर 40 फीसदी तक की छूट तथा कुर्ता एवं कुर्ता सेट पर 50 फीसदी तक की छूट मिलेगी, ये प्रोडक्ट्स तनाएरा के ऑफलाइन एवं ऑनलाइन स्टोर से खरीदे जा सकते हैं। सेल के पहले 5 दिनों के दौरान सदस्यों को अतिरिक्त 5 फीसदी की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। इस तरह यह सेल शादियों, त्योहारों और सीज़न के अन्य जश्नों के लिए सदाबहार पीस खरीदने का मौका लेकर आई है।

भारत की समृद्ध टेक्सटाईल धरोहर के लिए विख्यात तनाएरा देश भर के जाने-माने बुनाई केंद्रों से हाथ से बुने परिधानों का एक व्यापक कलेक्शन लेकर आई है। इस सेल में ब्रांड के सबसे पसंदीदा साड़ी कलेक्शन जैसे कांजीवरम, बनारसी, साउथ सिल्क, टसर, जामदानी, संबलपुरी, इकत, चंदेरी, महेश्वरी, कोटा डोरिया आदि शामिल हैं। इनमें से हर साड़ी विभिन्न बुनाई केंद्रों की विरासत को दिखाती है। उपभोक्ता आने वाले महीनों में शादियों, त्योहारों और अन्य खास मौकों की तैयारियां शुरू कर रहे हैं, ऐसे में तनाएरा की सेल हाथ से बनी साड़ियों के साथ-साथ शुद्ध और प्राकृतिक कपड़ों से बने शानदार कुर्ते, कुर्ता सेट, ब्लाउज़ और अनस्टिच्ड सेट का बेहतरीन कलेक्शन पेश करती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी संजोकर रखने वाली सदाबहार साड़ियां हों या हर जश्न के लिए आधुनिक एथनिक वियर, इस कलेक्शन में उपभोक्ताओं को ऐसे स्टाइल मिलेंगे, जो भारत की शानदार टेक्सटाइल विरासत को खूबसूरती से दर्शाते हैं। तनाएरा की पहचान प्रमाणिकता और शुद्धता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता है। प्योर सिल्क की हर साड़ी सिल्क मार्क से सर्टिफाइड होती है, वहीं कुछ खास कलेक्शन के साथ ज़री सर्टिफिकेशन भी मिलता है, जो गुणवत्ता के प्रति ब्राण्ड के वादे को मजबूत बनाता है। भरोसे के मूल्यों को बनाए रखते हुए तनाएरा देश की सदियों पुरानी बुनाई की परंपराओं का जश्न मनाना और उन्हें संजो करत्र रखना जारी रखे हुए है, साथ ही हाथ से बने बेहतरीन परिधान समझदार उपभोक्ताओं तक पहुंचा रही है।

सेल के बारे में बात करते हुए, तनाएरा के चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर सोमप्रभ कुमार सिंह ने कहा कि तनाएरा में हमारी हर रचना भारत की समृद्ध टेक्सटाइल विरासत से जुड़ी है और इसे प्रमाणिकता एवं शुद्धता के साथ तैयार किया गया है। इस सीज़न सेल के ज़रिए, हम उपभोक्ताओं को हाथ से बनी साड़ियों एवं परिधानों के खास कलेक्शन को देखने और चुनने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो कारीगरी और सदाबहार स्टाइल का जश्न मनाते हैं।

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची
के निर्देशानुसार
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू के द्वारा आयोजित
विशेष लोक अदालत
दिनांक 18 जुलाई, 2026, शनिवार पूर्वाह्न 10.30 बजे से कार्य समाप्ति तक
स्थान : व्यवहार न्यायालय, पलामू
[ दिनांक 03 जुलाई, 2026 से 17 जुलाई, 2026 तक व्यवहार न्यायालय, पलामू में चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी।]

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू द्वारा दिनांक 03 जुलाई, 2026 से 17 जुलाई 2026 तक व्यवहार न्यायालय, पलामू के परिसर में पक्षकारों के साथ चेक अनादरण के मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी, इसके साथ ही चेक अंनादरण से संबंधित मामलों (न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 18.07.2026 को **पूर्वाह्न** 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, पलामू में किया जायेगा।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बतावें।

**नोट :- इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन पूर्वाह्न 10.30 बजे से कार्यावधि तक व्यवहार न्यायालय, पलामू, परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू अथवा मोबाइल नंबर - 8757269596 पर संपर्क कर सकते हैं।**

अथवा
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू | E-mail: dlsapalamu123@gmail.com

निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए :
कॉल : 15100
टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर

श्री कपिल चौधरी, पुलिस अधीक्षक, सह-सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।
श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उपायुक्त -सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।
श्री राम शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, -सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पलामू।

निवेदक : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।
PR No. 383892 (District) 2026-27